प्रकाशक :
यूनिक ट्रेडर्स,
चौड़ा रास्ता,
जयपुर

प्रथम संस्करण :
1986

मूल्य : 40/-

मुद्रक :
एलोरा प्रिन्टर्स,
जयपुर–302 003

प्राक्कथन

प्राय: सभी धर्मों में खैरात या पुण्यार्थ को किसी न किसी रूप में प्रोत्साहन दिया गया है। धार्मिक एवं पुण्यार्थ संस्था का प्रादुर्भाव मानवीयता अर्थात् दया एवं परोपकारिता की भावनाओं का परिणाम है। व्यक्तिगत सन्तोष की प्रेरक धार्मिक एवं पुण्यार्थ की भावनाएं जरूरतमन्दों को राहत के साथ जन कल्याण को प्रोत्साहन देती रही हैं। यही कारण है कि यह संस्था विभिन्न विधियों में अपना विशिष्ट स्थान रखती है।

इंगलैण्ड में धार्मिक न्यास, पुण्यार्थ न्यास का ही अंग है तथा लोक न्यास का पर्यायवाची है। अंग्रेजी विधि में विधिक अर्थ में खैरात को परिभाषित करने का सर्वप्रथम प्रयास 1601 के एलिजाबेथ परिनियम द्वारा किया गया।

भारत में न्यास की अवधारणा बहुत प्राचीन रही है। हिन्दु धार्मिक एवं पुण्यार्थ (खैराती) कार्यों को दो श्रेणियों में विभक्त किया गया है—इष्ट एवं पूर्त। इष्ट से तात्पर्य वैदिक यज्ञ एवं संस्कार तथा उनके सम्बन्ध में भेंट से है। पूर्त से अभिप्राय उन अन्य पवित्र एवं पुण्यार्थ कार्यों से है जो वैदिक यज्ञों से सम्बन्धित नहीं होते। इष्ट का अभिप्राय पवित्र संस्कारों से है जबकि पूर्त में कुओं, बगीचों एवं धर्मशालाओं आदि का निर्माण सम्मिलित है।

राजस्थान में धार्मिक एवं पुण्यार्थ संस्थाएं रियासतों के शासकों द्वारा पोषित एवं संरक्षित थी। राजस्थान के वर्तमान स्वरूप के गठन के साथ इन संस्थाओं के पोषण एवं संरक्षण हेतु देवस्थान विभाग के नाम से एक अलग विभाग की स्थापना की गई तथा इनके बेहतर प्रशासन हेतु सन् 1959 में राजस्थान लोक न्यास अधिनियम पारित किया गया जो बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950 पर आधारित है। यह अधिनियम राज्य में धार्मिक एवं पुण्यार्थ संस्थाओं के बेहतर विनियमन एवं प्रशासन की दिशा में कहां तक सफल हो सका है इसका एकमत उत्तर देना कठिन है। किन्तु अधिनियम की प्रभावी क्रियान्विती की दिशा में विभाग को जुर्माना करने, कार्यवाही को रोकने की आज्ञा देने एवं प्रापक नियुक्त करने की शक्ति से आवेष्ठित करने जैसे विषयों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिये। राजस्थान में स्थित मन्दिरों का सर्वेक्षण एवं उनका इतिहास लिपिबद्ध किया जाना चाहिये जिससे कि संस्कृति की इस थाती को सुरक्षित रखा जा सके।

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 के इस प्रकार के हिन्दी संस्करण का अभाव एक लम्बे समय से महसूस किया जा रहा था। प्रस्तुत संस्करण में अधिनियम एवं नियमों का मौलिक रूपान्तर भी दिया गया है। एकरूपता की दृष्टि से पुस्तक में प्रयुक्त विधि के हिन्दी शब्द भारत सरकार के विधि, न्याय एवं कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधि विभाग द्वारा प्रकाशित हिन्दी शब्दावली पर आधारित है।

लेखक श्री बलवन्तसिंह मेहता, विशेषाधिकारी मुख्यालय, देवस्थान विभाग, उदयपुर के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

सामग्री के संकलन में श्री गंगासिंह उदावत कार्यालय अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों का तत्परतापूर्वक सहयोग प्रशंसनीय एवं स्मरणीय है। लेखक उनके प्रति आभार व्यक्त किए बिना नहीं रह सकता।

पांडूलिपि तैयार करने में पुत्र सुनिल कुमार, बी. कॉम. एल एल. बी. (ऑनर्स) एवं श्री जयप्रकाश के सहयोग की लेखक सराहना करता है।

लेखक यूनिक ट्रेडर्स के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता है कि जिनके सहयोग एवं सुझावों से इस ग्रन्थ का प्रकाशन सुलभ हो सका।

श्रीमती कमला देवी, धर्म पत्नी का अमूल्य सहयोग रहा अतः यह ग्रन्थ उसी को समर्पित।

सहायक प्रोफेसर
सुखाड़िया विश्वविद्यालय,
उदयपुर (राजस्थान)

—आर. एल. जैन

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959

विषय सूची

भाग I

भाग II

भाग III

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम, 1959

परिचयात्मक

प्राचीन समय में भूमि एक ही व्यक्ति द्वारा अन्य के उपयोग के लिए स्थायी रूप से धारित थी। साधुओं के समाज ने जिनको धार्मिक आदेशों के अनुसार पूर्ण निर्धनता की अवस्था में रहना होता था इस युक्ति को अपनाया कि भूमि पोर-समाज को समर्पित कर दी जाय जिससे कि उसका उपयोग सन्यासियों के लिए हो। मन्दिरों, धर्मशालाओं, बगीचों, मठों, कुओं आदि के निर्माण के पीछे इसी प्रकार की परोपकार की भावना रही है किन्तु कालान्तर में इन संस्थाओं के कुप्रबन्ध से सम्पत्ति का दुरुपयोग होने लगा। अत: न्यास सम्पत्ति के दुरुपयोग को रोकने एवं बेहतर प्रबन्ध के लिए विधि की आवश्यकता हुई। आधुनिक अर्थ से न्यास मध्ययुग की देन है तथा विधिशास्त्र में साम्य की एक व्यापक एवं महत्त्वपूर्ण शाखा के रूप में विकसित हुई है।

सामन्ड के अनुसार एक न्यास दोहरे स्वामित्व का कौतुकपूर्ण किन्तु महत्त्व-पूर्ण उदाहरण है। न्यास सम्पत्ति वह है जिसके एक ही समय में दो स्वामी होते हैं। दोनों के बीच इस प्रकार के सम्बन्ध होते हैं कि उनमें से पहला अपने स्वामित्व का दूसरे के हित के लिए प्रयोग करने हेतु बाध्य होता है। पहला न्यासी कहलाता है तथा उसका स्वामित्व न्यास का स्वामित्व होता है, तथा पश्चातवर्ती हितग्राही स्वामित्व कहलाता है। न्यासी न्यास सम्पत्ति का उपयोग अपने लाभार्थ नहीं कर सकता, इसीलिए उसका स्वामित्व तात्विक स्वामित्व न होकर बाह्य रूप का स्वामित्व होता है। वास्तविक स्वामित्व के बनिस्पत सांकेतिक स्वामित्व होता है। वह केवल एक अभिकर्त्ता होता है जिस पर अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति के प्रशासन करने का कर्त्तव्य विधि द्वारा अधिरोपित किया जाता है। फिर भी विधिक दृष्टि से वह केवल अभिकर्त्ता न होकर एक स्वामी माना जाता है। यह वह व्यक्ति है जिस पर किसी अन्य की सम्पत्ति का काल्पनिक स्वामित्व उस सीमा तक माना जाता है कि सांकेतिक स्वामी से निहित अधिकार एवं शक्तियां वास्तविक स्वामी की ओर से उसके द्वारा प्रयुक्त की जाएंगी। न्यासी एवं हितग्राही के बीच विधि न्यास सम्पत्ति का स्वामी हितग्राही को मानती है न कि न्यासी को। न्यासी हितग्राही के अधिकारों से विभूषित होता है तथा समूचे जगत के साथ व्यवहार करने में हितग्राही का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होता है।

न्यास का उद्गम संविदा के रूप में हुआ जिसका विशेषत: साम्या (Equity) के अन्तर्गत प्रवर्तन किया जाता था जिसके द्वारा स्वामी के सिवाय किसी व्यक्ति के लाभ हेतु सम्पत्ति के स्वामित्व से संलग्न बाध्यता को अस्तित्व में लाया जाता था। न्यास के सृजन हेतु तकनीकी शब्दों की अपेक्षा नहीं होती। मौलिकत: यह प्रश्न संविदा के पक्षकारों के आशय का प्रश्न होता है[1] तथा हितग्राही संविदा के अन्तर्गत अजनबी होते हुए भी न्यासी के विरुद्ध वाद संस्थित कर सकता है।

आधुनिक एवं सीमित अर्थ में न्यास सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति में रखा गया एक विश्वास है जिस सम्पत्ति पर उसका अधिपत्य है या जिस पर वह अन्य व्यक्ति के लाभार्थ अथवा प्रयोजन हेतु प्रयोग करने की सीमा तक शक्ति का प्रयोग कर सकता है। राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निर्मित न्यास इसलिए अविधिमान्य नहीं है कि वे अवैध हैं क्योंकि विधि में तो विधि सम्मत माध्यमों द्वारा परिवर्तन लाया जा सकता है किन्तु न्यायालय के पास निर्णय करने का कोई साधन नहीं होता कि क्या विधि में ऐसा प्रस्तावित परिवर्तन लोकहित में होगा या नहीं। अत: यह नहीं कहा जा सकता कि इस प्रयोजन हेतु दिया गया दान पुण्यार्थ दान होता है। विधान मण्डल के उद्देश्य का प्रभावित प्रयोजन राजनीतिक होता है तथा किसी विशेष राजनीतिक दल की विचारधारा को अग्रसर करने हेतु सृजित न्यास चाहे उसका प्रयोजन शैक्षणिक केन्द्र की स्थापना हो अथवा कोई प्रौढ़ शिक्षण योजना की कार्यान्विती हो, पुण्यार्थ न्यास नहीं होता है।[2]

यद्यपि भारत एक धर्म निरपेक्ष जनतन्त्रात्मक गणराज्य है किन्तु फिर भी इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि यह विविध धर्मों का देश है, जो धर्म निरपेक्षता की ओर उन्मुख है। यह धर्मों का राष्ट्रमण्डल है। धर्म एक वैयक्तिक आत्मा, व्यवहार एवं विश्वास का विषय है। यह व्यक्ति और सृष्टा के बीच का विषय है। अत: राज्य एवं नागरिकों के बीच वृथा परस्पर नागरिकों के बीच संघर्ष का हेतु नहीं हो सकता। भारत में स्वतन्त्रता से पूर्व सरकार द्वारा न्यास एवं पुण्यार्थ संस्थाओं की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया। यद्यपि न्यासों को विनियमित करने की दिशा में कुछ केन्द्रीय एवं प्रान्तीय अधिनियम बनाए गए किन्तु मुख्यत: सरकार धार्मिक न्यासों के प्रति उदासीन रही। अंग्रेज सरकार की नीति अहस्तक्षेप की थी। उसका उद्देश्य स्वयं के लाभ के लिए शासन करना था। स्वतन्त्रता के पश्चात संविधान निर्माताओं ने इस दिशा में संविधान में महत्त्वपूर्ण उपबन्ध किए। धार्मिक विविधता को ध्यान में रखते

---

1. ए. आई. आर. 1957 कल. 293
2. हेल्सबरी: लॉज आफ इंगलैण्ड पृ. 87-88

हुए धार्मिक स्वतन्त्रता को मूल अधिकारों में स्थान दिया गया[1] तथा सामाजिक न्याय प्राप्त करने की दिशा में विधायिनी शक्तियों का विभाजन करते समय न्यास एवं पुण्यार्थ संस्थाओं के विषय को समवर्ती सूची में स्थान दिया गया जिससे कि राज्य एवं केन्द्र दोनों ही इस महत्त्वपूर्ण विषय पर विधि निर्माण द्वारा जन-कल्याण को प्रोत्साहन दे सकें।[2]

भारतीय विधि में न्यास एवं धार्मिक तथा पुण्यार्थ संस्थाएं :
भारतीय संविधान 1950 : धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार

अनुच्छेद-25—धर्माचरण एवं प्रचार की स्वतन्त्रता

यह अनुच्छेद हर व्यक्ति को लोक-व्यवस्था, स्वास्थ्य, सदाचार एवं मूल अधिकारों से सम्बन्धित अन्य उपबन्धों के अधीन, अन्तःकरण की स्वतन्त्रता तथा धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने एवं प्रचार करने की स्वतन्त्रता प्रत्याभूत करता है तथापि धार्मिक आचरणों से सम्बद्ध किसी आर्थिक, वित्तीय, राजनैतिक अथवा अन्य लौकिक-क्रियाओं को विनियमित अथवा निबन्धित करने के लिए [अनुच्छेद 25 (2) (क)] अथवा सामाजिक कल्याण और सुधार करने के लिए अथवा सार्वजनिक प्रकृति की किसी हिन्दू धार्मिक संस्था को हिन्दुओं के समस्त वर्गों तथा विभागों के लिए खोलने के लिए [अनुच्छेद 25 (2) (ख)] राज्य द्वारा विधि बनाने पर कोई रुकावट नहीं होगी। प्रथम स्पष्टीकरण के अनुसार कृपाण धारण करना और इसे लेकर चलना सिक्ख धर्म के मानने का अंग माना गया है। इसी प्रकार द्वितीय स्पष्टीकरण के अनुसार हिन्दु धर्म में सिक्ख, जैन अथवा बौद्ध धर्म मानने वाले भी शामिल हैं और हिन्दु-संस्थानों से तात्पर्य भी तद्नुसार है।

धर्म एक विश्वास की बात है। धर्म का आधार विश्वासों एवं सिद्धान्तों की ऐसी प्रणाली से है जिसे उस धर्म के अनुयायी अपनी आध्यात्मिक भलाई का साधन मानते हैं। धर्म अपने अनुयायियों के लिए न केवल नैतिक नियम ही उपबंधित करता है बल्कि यह ऐसे कर्मकाण्डों, धार्मिक अनुष्ठानों, समारोहों एवं पूजा के तरीके भी निर्धारित करता है, जिन्हें कि उस धर्म का एक अभिन्न अंग माना जाता है। यह निर्णय करना न्यायालय का काम है कि किसी धर्म के सिद्धान्तों अथवा मतों के आधार पर क्या कोई आचरण, जिसके लिए संरक्षण मांगा जा रहा है, उस धर्म का आवश्यक एवं अभिन्न अंग है।[3] मन्दिरो में

---

1. अनुच्छेद 25–30
2. अनूसूची VII सूची III समवर्ती सूची-प्रविष्टी 10 एवं 28
3. कामिश्नर, हिन्दु रिलीजियस एन्डोमेन्टस व. लक्ष्मीचन्द्र स्वामियार; ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 282

अर्चकों की नियुक्ति की रीति एक लौकिक मामला है धार्मिक आचरण नहीं।[1] अतः यदि कोई विधि अर्चकों की नियुक्ति के वंशानुगत सिद्धान्त को समाप्त करती है और यह निर्धारण करती है कि केवल उन्हीं व्यक्तियों की नियुक्ति अर्चकों के रूप में होनी चाहिए जो समुचित रूप से योग्य हो, तो ऐसी विधि अवैध नहीं मानी जा सकती। किसी मुसलमान द्वारा गाय का बलिदान उसके धार्मिक विश्वास को प्रकट करने के लिए आवश्यक नहीं है।[2] किसी हिन्दु द्वारा अपनी प्रथम पत्नी के जीवित रहते हुए दूसरा विवाह करना हिन्दु धर्म का अभिन्न अंग नहीं है किन्तु श्राद्ध करना एवं पिन्ड दान देना हिन्दु धर्म और हिन्दु धार्मिक आचरण का अभिन्न अंग है।[3]

अनुच्छेद 25 (2) (क) धार्मिक आचरण से सम्बद्ध लौकिक कृत्यों के विनियमन के लिए राज्य को शक्ति प्रदान करता है। धार्मिक क्रिया का विनियमन नहीं किया जा सकता। धार्मिक क्रिया वह है जो किसी धर्म का आवश्यक और अभिन्न अंग है जैसे देवमूर्ति को चोट लगाना, प्रतिदिन पवित्र ग्रन्थों का पाठ करना या पवित्र अग्नि में आहुतियां डालना।

अनुच्छेद 25 (2) (ख) के अन्तर्गत, समाज सुधार के लिए राज्य द्वारा कदम उठाये जा सकते हैं। धर्म स्वातंत्र्य में हस्तक्षेप के आधार पर ऐसे कार्य शून्य नहीं होंगे। हिन्दुओं में बहु विवाह प्रथा पर रोक लगाना समाज सुधार का अंग है। यह अनुच्छेद हिन्दुओं में से अस्पृश्यता के उन्मूलन करने के लिए राज्य को सक्षम बनाता है। राज्य सार्वजनिक हिन्दु धार्मिक संस्थानों को हिन्दुओं के समस्त वर्गों के लिए खोल सकता है। सार्वजनिक संस्थान का तात्पर्य न केवल उन मन्दिरों से है, जो सम्पूर्ण जनता को समर्पित किए गए हैं, वरन् वे भी जो जनता के किसी वर्ग के लाभ के लिए स्थापित किए गए हैं तथा इस खण्ड की सीमा में साम्प्रदायिक मन्दिर में आते हैं।[4]

अनुच्छेद 26—धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतन्त्रता

अनुच्छेद 26 यह प्रावहित करता है कि लोक-व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक धार्मिक सम्प्रदाय अथवा उसके किसी वर्ग को यह अधिकार है कि वह—

(क) धार्मिक एवं सहायतार्थ संस्थाओं की स्थापना और उनका पोशण कर सकता है;

---

1. ई. आर. जे. स्वामी व. तमिलनाडु ए. आई. आर. 1972 स. न्या. 1586
2. एम. एच. कुरेशी व. बिहार राज्य ए. आई. आर. 1958 स. न्या. 731
3. आर. एम. के. सिंह व. स्टेट ए. आई. आर. 1976 पट. 198
4. एम. पी. जैन–भारतीय संवैधानिक विधि 1981, 2.345

(ख) अपने धार्मिक मामलों का स्वयं प्रबन्ध कर सकता है,

(ग) चल एवं अचल सम्पत्ति का अर्जन एवं उसका स्वामित्व ग्रहण कर सकता है तथा

(घ) ऐसी सम्पत्ति का विधि के अनुसार प्रशासन कर सकता है।

इस प्रकार इस अनुच्छेद द्वारा सामूहिक धार्मिक स्वतन्त्रता की गारन्टी दी गई है। धार्मिक सम्प्रदाय का तात्पर्य एक ऐसे धार्मिक पंथ से है जिसका अपना एक विश्वास व आस्था है, अपना संगठन है और जो एक विशेष नाम से पुकारा जाता है। जैसे माधवाचार्य के अनुयायी, जैनियों का श्वेताम्बर पंथ, दाऊद वोहरा, सिक्ख सम्प्रदाय आदि।

अनुच्छेद 26 (क) के अनुसार जब किसी धार्मिक सम्प्रदाय द्वारा किसी संस्था की स्थापना की जाती है तो उसे उसका पोषण करने का अधिकार भी प्राप्त हो जाता है तथा किसी संस्था को पोषण करने के अधिकार में उस संस्था को प्रकाशित करने का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि किसी सम्प्रदाय ने किसी संस्था की स्थापना नहीं की है तो वह उस संस्था का पोषण करने का अधिकार भी नहीं मांग सकता।[1]

अनुच्छेद 26 (ख) की परिधि में विशुद्ध लौकिक कार्य नहीं आते जैसे सम्प्रदाय की सम्पत्ति का नियन्त्रण। किसी समुदाय द्वारा अपने किसी सदस्य को धार्मिक कारणों से समुदाय से बहिष्कृत करना सामाजिक सुधार का कार्य नहीं माना जा सकता अतः धार्मिक कारणों से सम्प्रदाय से बहिस्करण को निषिद्ध करने वाली कोई विधि अनुच्छेद 26 (ख) के प्रतिकूल है। किन्तु धार्मिक कारणों के अतिरिक्त किसी अन्य आधार पर किए गए जाति-बहिष्करण को निषिद्ध करना समाज सुधार माना जा सकता है तथा ऐसी विधि अनुच्छेद 25 (2) (ख) के अन्तर्गत उचित हो सकती है।[2]

बल, कपट अथवा प्रलोभन के कारण किए जाने वाले धर्म-परिवर्तन को निषिद्ध करने वाली कोई विधि अवैध नहीं मानी जा सकती। अनुच्छेद 25 (1) दूसरे व्यक्तियों को अपने धर्म में सम्मिलित करने का अधिकार प्रदान नहीं करता वरन् यह अपने धर्म के सिद्धान्तों को बतलाकर धर्म का प्रचार और प्रसार करने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अभिप्राय यह है कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को अपने स्वयं के धर्म में परिवर्तित करने के मूल अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

---

1. अजीज बाशा व. इण्डिया ए. आई. आर 1968 स. न्या. 662
2. सेफुद्दीन साहेब व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1952 स. न्या. 1638

अनुच्छेद 26 (ख) एवं 26 (घ) धार्मिक सम्प्रदाय द्वारा क्रमशः अपने धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध एवं अपनी सम्पत्ति के प्रबन्ध के बारे में है। पहला अधिकार तो मूल अधिकार है जिसे निरस्त नहीं किया जा सकता न विनियमित (केवल स्वास्थ्य आदि के कारणों को छोड़कर) ही किया जा सकता है क्योंकि धर्म की बातें पूर्णतः विधि की सीमा से बाहर हैं किन्तु दूसरे अधिकार के बारे में ऐसा नहीं है। सम्पत्ति के अधिकार का उपभोग विधि के अनुसार ही किया जा सकता है।[1]

यद्यपि धार्मिक-संस्थानों से सम्बद्ध सम्पत्ति के प्रबन्ध का कार्य राज्य द्वारा विनियमित किया जा सकता है तथापि इसके साथ शर्त यह है कि सम्पत्ति के प्रबन्ध का अधिकार सदैव ही सम्बन्धित धार्मिक-सम्प्रदाय में निहित रहेगा और वही विधि के अनुसार सम्पत्ति का प्रबन्ध करेगा। किसी सम्प्रदाय की सम्पत्ति के प्रशासन को राज्य विनियमित तो कर सकता है परन्तु वह प्रशासन करने के सम्प्रदाय के अधिकार को उससे लेकर किसी दूसरे में निहित नहीं कर सकता। मुस्लिम वक्फ अधिनियम का यह उपबन्ध कि हर सदस्य मुसलमान होगा, वैध है।[2] इसी प्रकार किसी हिन्दु मन्दिर के प्रशासन को ऐसी समिति में निहित करना जिसके सब सदस्य हिन्दु हैं, अनुच्छेद 26 (घ) का अतिलंघन नहीं है।[3]

अनुच्छेद 26 (ग) द्वारा प्रदत्त धार्मिक सम्प्रदाय द्वारा संपत्ति के अर्जन एवं धारण का अधिकार पूर्ण व असीमित नहीं है। अतः कृषि सुधार से सम्बन्धित विधि धार्मिक सम्प्रदायों द्वारा धारित भूमि को भी प्रभावित कर सकती है। ऐसी विधि धर्म के साथ कोई हस्तक्षेप नहीं करती।[4]

किसी मन्दिर की सम्पत्ति का प्रबन्ध अनुच्छेद 25 (1) के अधीन धार्मिक विषय नहीं होकर लौकिक विषय है तथा इस पर अनुच्छेद 25 (1), 26 (क) एवं 26 (ख) द्वारा प्रदत्त अधिकारों से बिना टकराये अनुच्छेद 26 (क) के अधीन नियन्त्रण स्थापित किया जा सकता है। तद्नुसार निम्नलिखित व्यवस्था करने वाले उपबन्ध वैध ठहराये गए हैं—

(1) लोक धार्मिक अथवा दातव्य विन्यासों का अनिवार्य पंजीकरण[5]

---

1. लक्ष्मीन्द्र का वाद ए. आई. आर. 1954 सं. न्या. 282
2. बशीर अहमद व पश्चिमी बंगाल राज्य ए. आई. आर. 1976 कल. 142
3. गोविन्दलालजी तिलकायत व. राजस्थान राज्य ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 1638
   राजस्थान व. सम्भनलाल ए आई. आर. 1975 स. न्या. 706
4. नरेन्द्र प्रसादजी आनन्द प्रसाद जी गुजरात राज्य ए. आई. आर. 1974 स. न्या. 2098
5. रतीलाल व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1954 स.न्या. 388

(2) विन्यास का नियमित लेखा रखने एवं उसका लेखा परीक्षण कराने के लिए न्यासी पर कर्त्तव्यारोपण[1]

(3) प्रतिभूतियों का निर्धारण जिनमें विन्यास की बचत पूंजी लगाई जाये।[2]

अनुच्छेद 27-किसी धर्म के संप्रवर्तन के लिए कोई कराधान नहीं :

इस अनुच्छेद में यह उपबन्ध किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कोई ऐसा कर देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा जिसका आगम (Proceeds) किसी विशेष धर्म अथवा धार्मिक सम्प्रदाय की उन्नति, अनुरक्षण अथवा पोषण में खर्च हेतु विशेष रूप से विनियुक्त कर दिये गए हों। किन्तु किसी सेवा के लिए किसी शुल्क का लगाया जाना यह उपबन्ध वर्जित नहीं करता। उदाहरणार्थ किसी धार्मिक मेले के यात्रियों पर उनके स्वास्थ्य, क्षेत्र एवं कल्याण हेतु शुल्क लगाना अवैध नहीं है।[3] इसी प्रकार धार्मिक विन्यासों के प्रबन्ध पर सरकारी निरीक्षण स्थापित करने की व्यवस्था पर होने वाले व्यय की पूर्ति हेतु विन्यासों से शुल्क लिया जा सकता है।[4]

भगवान जगन्नाथ के मन्दिर के जल कुण्डों के पुनरुद्धार करने के लिए राज्य धन का अनुदान अनुच्छेद 27 का उल्लंघन नहीं है क्योंकि सामान्य जनता स्नान करने एवं पानी पीने के लिए इन कुण्डों को उपयोग करती है।[5] भगवान महावीर की 2500वीं निर्माण (Salvation) पुण्य तिथि के महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्य-क्रम के आयोजन को भारत सरकार द्वारा समर्थन दिया जाना अनुच्छेद 27 का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता।[6] साम्प्रदायिक दंगों के परिणामस्वरूप नष्ट किए गए हिन्दुओं एवं मुसलमानों के पूजा स्थलों को दंगा पूर्व की स्थिति में लाने के लिए सरकार द्वारा धन व्यय करना अवैध नहीं माना जा सकता।[7]

अनुच्छेद 28 शैक्षणिक-संस्थानों में धार्मिक उपदेशों पर प्रतिबन्ध :

अनुच्छेद 28 (1) के अनुसार सम्पूर्ण रूप से राज्य-निधि द्वारा पोषित किसी शैक्षणिक संस्थान में किसी भी प्रकार की कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। अनुच्छेद 28 (2) के अनुसार यह प्रतिबन्ध ऐसी शिक्षा-संस्था पर लागू नहीं होता जो यद्यपि राज्य द्वारा प्रशासित तो होती है किन्तु जो किसी ऐसे उपस्थित अथवा

---

1. रतीलाल व. बम्बई राज्य ए. आइ. आर. 1954 स. न्या. 388
2. वही
3. रामचन्द्र व. पश्चिमी बंगाल राज्य ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 164
4. लक्ष्मीन्द्र का वाद, रति लाल का वाद
5. वीर किशोर व. राज्य ए. आई. आर. 1975 उड़ीसा 8
6. सुरेशचन्द्र व. भारत ए. आई. आर. 1975 दिल्ली 168
7. कं. रघुनाथ व. केरल राज्य ए. आई. आर. 1974 केरल 48

न्यास के अधीन स्थापित की गई है जिसके अनुसार धार्मिक शिक्षा देना आवश्यक है। अनुच्छेद 28 (3) के अनुसार राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं में स्वैच्छिक आधार पर धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है। पंजाब सरकार द्वारा गुरूनानक विश्वविद्यालय की स्थापना अनुच्छेद 28 (1) के अधीन अवैध नहीं है।[1]

अनुच्छेद 29 एवं 30 सांस्कृतिक, धार्मिक एवं भाषायी अल्प संख्याओं को कुछ सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकारों की प्रत्याभूति करते हैं।

भारतीय दण्ड संहिता 1860

भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अन्तर्गत न्यास भंग को आपराधिक कृत्य माना गया है एवं दण्ड की व्यवस्था की गई है।[2]

विशिष्ट अनुतोष अधिनियम 1877

इस अधिनियम में न्यास एवं न्यासी को परिभाषित किया गया है तथा न्यासी को हितग्राही के हितार्थ सम्पत्ति पर कब्जा प्राप्त करने हेतु वाद संस्थित करने का अधिकार प्रदान किया गया है।[3]

भारतीय न्यास अधिनियम 1882

इस अधिनियम में न्यास तथा अन्य सदृश्य निबन्धनों (Expressions) को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया है—

न्यास सम्पत्ति के स्वामित्व से सम्बद्ध एक आभार अथवा दायित्व या अधिबन्धन है, जो स्वामी द्वारा किए गए तथा स्वीकृत, या किसी अन्य तथा स्वामी के लाभ के लिए, उसके द्वारा घोषित तथा स्वीकृत किए गए विश्वास (Confidence) से उत्पन्न होता है।

जो व्यक्ति विश्वास करता है या उसे घोषित करता है उसे *न्यास का कर्ता* (Author or Settler) कहा जाता है, जो व्यक्ति इस विश्वास को स्वीकार करता है उसे न्यासी (Trustee) कहा जाता है तथा जिस व्यक्ति के लाभ के लिए विश्वास को स्वीकार किया *जाता है उसे 'हितग्राही' (Beneficiary) कहा जाता है।*

न्यास की उपरोक्त परिभाषा पर्याप्त नहीं है क्योंकि इसमें केवल निजी न्यास का वर्णन है। इसके क्षेत्र में सार्वजनिक तथा पूर्व-न्यास नहीं आते हैं। इसमें विश्वासाश्रित (Fiduciary) सम्बन्ध के सभी मामले भी नहीं आते हैं।

इस अधिनियम की धारा 1 अभिव्यक्तत: यह उपबन्ध करती है कि इस

---

1. डी. ए. वी. कालेज व. पंजाब राज्य ए. आई. आर. 1971 स. न्या. 1737
2. धारा 405, 406
3. धारा 2

अधिनियम के अन्तर्विष्ट कोई बात लोक अथवा व्यक्तिगत धार्मिक या पूर्त विन्यास पर लागू नहीं होगी। परन्तु चूंकि अधिनियम में दिए गए सिद्धान्त आंग्ल विधि के नियमों तथा सामान्य सिद्धान्तों पर आधारित हैं, अतः इन सिद्धान्तों को लागू किया जा सकता है। ऐसे विषय जिनके लिए कोई उपबन्ध नहीं किया गया है और यदि वह न्यायालय के नियमों तथा कार्य-प्रणाली से असंगत नहीं हैं तो भारत के न्यायालय आंग्ल विधि के सिद्धान्तों तथा नियमों को लागू करते हैं।[1] धारा 6 में समाहित निजी न्यासों के सृजन हेतु अनिवार्यताएं समान रूप से लोक न्यासों के सृजन में भी लागू होंगी।

सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम 1882

शाश्वतता के विरुद्ध नियम (धारा 14), पूर्विक हित की निष्फलता पर अन्तरण प्रभावी होना (धारा 16) एवं संचयन के विरुद्ध नियम (धारा 17) निजी व्यक्तियों के पक्ष में दान एवं वसीयत के मामलों मे प्रभावी होते हैं किन्तु अधिनियम की धारा 18 के उपबन्ध द्वारा धार्मिक एवं पुण्यार्थ विन्यासों को इनसे मुक्त कर दिया गया है। धारा 18 इस प्रकार है—

धारा 14, 16 और 17 के निर्बन्ध ऐसे सम्पत्ति-अन्तरण की दशा में लागू नहीं होंगे जो लोक के फायदे के लिए धर्म, ज्ञान, वाणिज्य, स्वास्थ्य, क्षेत्र को या मानव जाति के लिए फायदाप्रद किसी अन्य उद्देश्य को अग्रसर करने के लिये किया गया हो।

पुण्यार्थ विन्यास अधिनियम 1890

इस अधिनियम की धारा 2 में पुण्यार्थ प्रयोजन को परिभाषित किया गया है, जो निम्न प्रकार से है :—

पूर्त या पुण्यार्थ प्रयोजन के अन्तर्गत निर्धनों को अनुतोष शिक्षा तथा चिकित्सा सम्बन्धी अनुतोष एवं किसी अन्य सामान्य जनोपयोगिता उद्देश्य की समुन्नति के प्रयोजन सम्मिलित हैं किन्तु अनन्य रूप से धार्मिक शिक्षण अथवा उपासना से सम्बन्धित उद्देश्य सम्मिलित नहीं होते हैं।

व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908

धारा 92 लोक पुण्यार्थ—पूर्त या धार्मिक प्रकृति के उद्देश्यों के लिए सृजित किसी अभिच्युत या आन्विक लोक न्यास के कथित भंग की दशा में एडवोकेट जनरल अथवा दो या दो से अधिक व्यक्ति जिनका न्यास में हित हो, एडवोकेट जनरल

---

1. फूलचन्द लक्ष्मीचन्द जैन व. हुकम चन्द गुलाबचन्द जैन ए. आई. आर. 1960 बम्ब. 43

की लिखित सम्पत्ति प्राप्त करके न्यास के प्रवर्तन हेतु न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं।

आय कर अधिनियम 1961

आय कर प्रत्येक प्रकार की आय पर लिया जाने वाला कर है जब तक कि अधिनियम के अन्तर्गत वह आय कर-मुक्त घोषित नहीं की गई है।

धार्मिक एवं पुण्यार्थ न्यास की आय की कर-मुक्तता केवल सरकार की आय को हीं प्रभावित नहीं करती अपितु समुदाय की सामान्य सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। बहुत से लोग इन न्यासों के माध्यम से अपने कर-दायित्व को घटा लेते हैं। इसी दृष्टिकोण से इस अधिनियम की धारा 2 (15), 11, 12, 12ए, 13, 160-165 एवं 236ए में विशद् उपबन्ध किए गए हैं। कराधान की दृष्टि से एक न्यास में कोई भी अन्य विधिक दायित्व जैसे मुस्लिम वक्फ अथवा हिन्दु विन्यास सम्मिलित होते हैं।

सर्वमान्य नियम यह है कि विधि किसी भी ऐसे प्रयोजन को पुण्यार्थ प्रयोजन नहीं मानती जो कि सार्वजनिक प्रकृति का नहीं है अर्थात् किसी प्रयोजन का पुण्यार्थ प्रकृति का होने के लिए यह आवश्यक है कि वह समुदाय या उसके किसी वर्ग के हित के लिए हो न कि निजी व्यक्तियों के हित के लिए। निजी पुण्यार्थ न्यास जैसी कोई वस्तु नही हो सकती। अधिनियम के कुछ उपबन्धों के अधीन रहते हुए एक लोक धार्मिक या पुण्यार्थ न्यास अथवा संस्था की आय पूर्णतया कर मुक्त है यदि कुछ विहित शर्तें पूरी कर ली जाती हैं।

धारा 2 (15)--पुण्यार्थ प्रयोजन

पुण्यार्थ प्रयोजन मे निर्धनों को राहत, शिक्षा-चिकित्सा राहत एवं जनोपयोगी अन्य किसी उद्देश्य की समुन्नति किन्तु लाभ हेतु चलाई जाने वाली कोई गतिविधि नहीं, सम्मिलित हैं।

धारा 11, 12, 12ए एवं 13 के अन्तर्गत पुण्यार्थ एवं धार्मिक न्यासों के बीच अन्तर को स्पष्ट करते हुए आय-कर से मुक्ति की शर्तों की व्यवस्था की गई है। धार्मिक प्रयोजन से तात्पर्य है एक धर्म विशेष के पुण्यार्थ सहायता एवं उसकी समुन्नति हेतु किए गए न्यास के कार्य। अतः एक धार्मिक न्यास निजी न्यास भी हो सकता है और लोक न्यास भी। लेकिन अधिनियम की धारा 11 केवल लोक न्यास को ही छूट प्रदान करती है। आय-कर से छूट मिलने के लिए इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि अमुक लोक धार्मिक न्यास ने अपना कार्य-क्षेत्र सार्वजनिक रखा है अथवा वह एक विशिष्ट धार्मिक समुदाय तक ही सीमित है।[1]

---

1. योगीराज चेरिटी ट्रस्ट व. आयकर आयुक्त (1976) 103 आई. टी. आर.777 (सा. न्या.)

लिए कर में छूट

धारा 11 एवं 12 (धारा 12-ए एवं 13 के साथ पठित) के अनुसार न्यास की निम्नलिखित आय आय-कर से मुक्त है—

(1) पुण्यार्थ एवं धार्मिक न्यास को प्राप्त की ऐसी सम्पत्ति से प्राप्त आय जो पुण्यार्थ एवं धार्मिक कृत्यों के लिए न्यास के पास है।

(2) पुण्यार्थ एवं धार्मिक न्यासों की स्वैच्छिक चन्दों द्वारा प्राप्त आय।

सम्पत्ति से प्राप्त आय

धारा 60 से 63 के अधीन रहते हुए किसी पुण्यार्थ अथवा धार्मिक न्यास की हुई इस प्रकार की आय कर मुक्त है यदि वह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करती है—

(i) जिस सम्पत्ति से आय प्राप्त होती है वह न्यास की होनी चाहिये।

(ii) ऐसी आय का कम से कम 75 प्रतिशत या तो उसी वर्ष में जिसमें वह प्राप्त की जाती है अथवा अगले वर्ष में उन्हीं पुण्यार्थ अथवा धार्मिक प्रयोजनों पर व्यय की जाय। शेष 25% संचित किया जा सकता है इसका पालन नहीं किया जाने पर वह उस व्यक्ति विशेष की आय मानी जाएगी जो उसे न्यास के लिए प्राप्त करता है और उस पर आय-कर लगेगा।

(iii) यदि उपरोक्त आय का कम से कम 75% धार्मिक अथवा पुण्यार्थ उद्देश्यों के लिए खर्च न किया जाए तो इस राशि का जो भी भाग व्यय नहीं किया जाता उसे अधिक से अधिक 10 वर्ष तक संचित करके रखा जा सकता है तथा संचित राशि का निम्नलिखित में से किसी में भी निवेश किया जाना चाहिये—

(क) सरकारी अथवा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां

(ख) डाक-घर बचत बैंक खाता

(ग) अनुसूचित बैंक अथवा सरकारी बैंक

(घ) उद्योगों को दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाला मान्यता प्राप्त वित्त निगम

(ङ) यूनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया के यूनिट

(च) सरकारी कम्पनी में विनियोग या जमा

(छ) अचल सम्पत्ति में विनियोग जिसमें मशीनें एवं प्लान्ट सम्मिलित नहीं हैं।

स्वैच्छिक चन्दों से हुई आय

धारा 12 के अन्तर्गत न्यास को स्वैच्छिक रूप से प्राप्त चन्दे न्यास की आय मानी जाती है और यह भी उसी प्रकार कर मुक्त होती है जैसे न्यास की अपनी सम्पत्ति से प्राप्त आय। किन्तु ऐसे चन्दे आय कर से तभी मुक्त होंगे जब कि एक तो उनका उपयोग उन्हीं कार्यों के लिए किया जाए जिनके लिए वे लिए जाते हैं दूसरे यदि वे संचित किए जाएं तो वे सभी शर्तें (निवेश आदि की) पूरी की जाएं।

कर मुक्ति की शर्तें

सार्वजनिक पुण्यार्थ अथवा धार्मिक न्यासों को आय-कर से छूट तभी प्राप्त होगी जबकि वे निम्नलिखित शर्तें पूरी करें—

(1) न्यास की आय प्राप्त करने वाले व्यक्ति ने आय-कर आयुक्त के यहां न्यास के पंजीकरण हेतु न्यास की स्थापना के एक वर्ष के भीतर आवेदन कर दिया है। आय-कर आयुक्त यदि चाहे तो पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र इस अवधि के बाद भी स्वीकार कर सकता है।

(2) यदि न्यास की कुल आय गत वर्ष में 25000 रु. से अधिक हो जाती है तो न्यास के लेखों की परीक्षा एक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा की जानी चाहिये।

धारा 13 में यह उपबन्ध किया गया है कि धारा 11 एवं 12 के अन्तर्गत उपलब्ध कर-मुक्ति को कुछ परिस्थितियों में वापस लिया जा सकता है।

धारा 80-जी के अनुसार कम्पनी अथवा गैर-कम्पनी करदाता द्वारा मान्यता प्राप्त कोषों तथा पुण्यार्थ संस्थाओं को दिए जाने वाले दानों पर निर्धारित दर से कर में छूट दी जाती है।

धारा 160-165 प्रतिनिधि करदाता के सम्बन्ध में हैं। एक लोक न्यास का न्यासी अथवा प्रबन्धक कर-दायित्व के प्रयोजन से कर दाता होगा तथा कर के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा।

धारा 60 से 63 के अन्तर्गत कर-वंचन को रोकने के लिए व्यवस्था की गई है। जो करदाता इन उपबन्धों के अतिलंघन में अन्य व्यक्तियों को सम्पत्ति एवं आय का अन्तरण कर देते हैं तो ऐसे अतिलंघन की दशा में अन्तरित आय उनकी स्वयं की आय मानी जाएगी एवं उस पर कर वसूल किया जाएगा।

धारा 236-ए के अन्तर्गत पुण्यार्थ संस्था द्वारा किसी कम्पनी में साधारण अंशों पर प्राप्त लाभांश पर आय-कर में राहत की व्यवस्था की गई है।

मर्यादा अधिनियम 1963

धारा 10 के अनुसार धार्मिक एवं पुण्यार्थ लोक न्यास के अभिव्यक्त न्यासी या उसके वैध उत्तराधिकारी अथवा समनुदेशित के विरुद्ध न्यास सम्पत्ति अथवा उसकी आय या लेखे हेतु वाद संस्थित करने की अवधि की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

यथा शक्य समीप का सिद्धान्त (Doctrine of Cypres) एवं न्यास

आंग्ल विधि में विकसित यथाशक्य समीप का सिद्धान्त भारत में धार्मिक एवं पुण्यार्थ लोक न्यासों पर लागू होता है निजी अथवा प्राइवेट न्यासों पर लागू नहीं होता।

लार्ड साइमन्ड के अनुसार क्या एक न्यास पुण्यार्थ न्यास है इसकी जांच, नियन्त्रण तथा सुधार न्यायालय की सक्षमता मे निहित है। राजा ही पुण्यार्थ का अभिरक्षक होता है तथा उसमें हस्तक्षेप करना एवं न्यायालय को सूचित करना राजा के अटर्नी जनरल का कर्त्तव्य होता है। इसी प्रकार (पुण्यार्थ न्यास के निष्पादन हेतु योजना बनाने में न्यायालय की सहायता करना उसका कर्त्तव्य है।[1]

यदि कोई विशेष प्रयोजन जिसके लिए लोक न्यास सृजित किया गया था, विफल होता है अथवा कुछ परिस्थितियों वश न्यास का पूर्ण अथवा आंशिक रूप से निष्पादन नहीं किया जा सकता है अथवा न्यास कर्त्ता द्वारा विनिर्दिष्ट प्रयोजन को पूरा करने के बाद भी कुछ शेष रहता है तो न्यायालय न्यास को विफल नहीं होने देगा तथा यथाशक्य समीप के सिद्धान्त के अनुसार उसका निष्पादन करेगा।[2]

यदि पुण्यार्थ न्यास प्रारम्भ से ही असंभव है अथवा असाधनीय है तो यथाशक्य समीप का सिद्धान्त लागू होगा तथा न्यायालय मूल न्यास से मिलते-जुलते अन्य निकटतम पुण्यार्थ प्रयोजनों पर लागू करेगी।[3]

इस सम्बन्ध में यहां लेख है कि यथाशक्य समीप (Cypres) के सिद्धान्त को सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 92 (3) में, 1976 के संशोधन अधिनियम 104 द्वारा भारतीय संसद ने विधिक मान्यता भी प्रदान कर दी है। अतः अब यह विधिक नियम भी है।

---

1. नेशनल एन्टीविविसेक्शन सोसाइटी व. आई.आर.सी. (1948) ए.सी. 31 पृ.62
2. रतिलाल व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388
3. मुद्दालियर व. मुद्दालियर ए. आई. आर. 1970 स. न्या. 1839

मुस्लिम विधि के अन्तर्गत खैरात का अधिक विस्तृत अर्थ है। इसमें सम्बन्धियों तथा वंशजों को दिए गए दान भी सम्मिलित होते हैं। मस्जिद तथा उसमें नमाज पढ़ने के लिए इमाम के प्राविधान, आय से निर्धनों को खैरात के अन्तिम उद्देश्य सहित प्रतिवर्ष हज, हज के यात्रियों की आर्थिक सहायता, कालेज तथा अध्यापकों का प्रावधान, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत स्थानों पर कुरान की पढ़ाई के लिए हाफिज का वेतन, सामान्य उपयोगिता के कार्य जैसे पुल, जल-संक्रम तथा सरायों का निर्माण, मोहर्रम में ताजियों की स्थापना चौथे खलीफा अली या किसी अन्य मान्य सन्त का जन्म-दिवस मनाना, यात्रियों को मक्का में भोजन कराना, खनका के लिए ढोल पीटने वाले की नियुक्ति करना इत्यादि ऐसे उद्देश्य हैं जिन्हें खैराती उद्देश्य माना गया है।

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959

(1959 का अधिनियम सं. 42)

(भारत के राष्ट्रपति द्वारा 22 अक्टूबर 1959 को स्वीकृती प्राप्त)

अधिनियम का उद्देश्य

राजस्थान राजपत्र भाग IV-ए दि. 21.6.1958 में प्रकाशित इस अधिनियम का उद्देश्य राजस्थान राज्य में धार्मिक एवं पुण्यार्थ दोनों ही प्रकार के हिन्दु लोक न्यासों को विनियमित करने तथा उनके प्रशासन हेतु वेहतर उपवन्ध करना है। अधिनियम में परिभाषित हिन्दु लोक न्यास से सामान्यतः हिन्दुओं के लिए लोक न्यास अभिप्रेत हैं जिसमें बौद्ध सिक्ख, एवं जैन या उनका कोई वर्ग समाविष्ट है।

इस अधिनियम में हिन्दु लोक न्यासों के लिए निम्नलिखित के सम्बन्ध में उपवन्ध अन्तर्विष्ट हैं:

1. एक देवस्थान आयुक्त, सहायक देवस्थान आयुक्त, निरीक्षकों एवं अन्य कर्मचारी वृन्द की नियुक्ति।

2. एक राज्य व्यापी सलाहकार बोर्ड तथा क्षेत्रीय सलाहकार समितियों की स्थापना।

3. धर्मादा के अतिरिक्त सभी हिन्दु लोक न्यासों, का अनिवार्य पंजीकरण।

4. न्यास का लेखा रखना एवं उसका अंकेक्षण।

अधिनियम में बोर्ड, समितियों, आयुक्त एवं सहायक आयुक्तों द्वारा प्रयोग की जाने वाली विनिर्दिष्ट शक्तियों को निश्चित किया गया है।

वम्बई, मध्यप्रदेश एवं विहार राज्यों में इसके समरूप अधिनियम विद्यमान हैं।

अधिनियम का उद्देश्य राज्य में लोक, धार्मिक एवं पुण्यार्थ न्यासों का नियमन करने तथा उनके प्रशासन हेतु वेहतर उपवन्ध करना है :[1]

---

1. सर्वेन्ट्स आफ इण्डिया सोसाइटी व. चेरिटी कमिश्नर, वम्बई ए. आई. आर. 1962 वम्बई 12

न्यायाधीश महाजन के अनुसार विधि का यह सुनिश्चित नियम है कि एक विधान के आन्वयन में उसके उद्देश्य एवं कारणों को निदेशित नहीं किया जा सकता।[1]

किसी अधिनियम की नीति एवं प्रयोगगत उसके लम्बे शीर्षक एवं उद्देशिका से जाना जा सकता है।[2] उद्देशिका एक नीति कथन है तथा उनका मार्गदर्शन कर सकती है जिनको उपबन्धों को लागू करने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं।[3]

एक विधान की उद्देशिका में किए गए कथनों की शुद्धता को पक्षकार विवाद का विषय नहीं बना सकता।[4]

विधि का यह आधारभूत सिद्धान्त है कि किसी भी विधान का भूतलक्षी प्रवर्तन नहीं होगा जब तक कि उस अधिनियम के निबंधनों में स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त नही किया जाय किन्तु यदि उसकी भाषा स्पष्ट रूप से भूतलक्षी है तो उसका वैसा ही निर्वचन किया जाएगा चाहे उसके परिणाम अनुचित एवं कठोर हों।[5]

किसी व्यक्ति का प्रक्रिया के किसी क्रम में निहित अधिकार नहीं होता। उसे तत्समय विहित रीति से अभियोजन या बचाव मात्र का अधिकार है। यदि किसी अधिनियम द्वारा प्रक्रिया के क्रम में परिवर्तन कर दिया जाता है तो उसे परिवर्तित रीति का अनुसरण करने के सिवाय अन्य कोई अधिकार नहीं होता। दूसरे शब्दों में प्रक्रिया की विधि में परिवर्तन भूतलक्षी प्रवर्तित होता है।[6]

---

1. सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया ब. उनके कर्मकार ए.आई. आर. 1960 स. न्या. 12
   कोचीन ब. मद्रास राज्य ए. आई. आर. स. न्या. 1080
2. इन री केरला एज्युकेशन बिल ए. आई. आर. 1957 स. न्या. 156
3. इन्द्रसिंह ब. राजस्थान राज्य ए. आई. आर. 1957 स. न्या. 510
4. वही
5. रतिलाल गांधी ब. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388
6. आनन्द गोपाल शिलौरे ब. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1958 स. न्या. 915

अध्याय 1

प्रारम्भिक

धारा 1—संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार एवं प्रारम्भ

1. यह अधिनियम राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 कहलाएगा।

2. यह सम्पूर्ण राजस्थान राज्य पर लागू होगा।

3. इस अधिनियम के अध्याय 1, 2, 3 एवं 4 तुरन्त लागू होंगे।

4. इस अधिनियम के अध्याय 5, 6, 7, 8, 9 एवं 10 ऐसी तारीख से लागू होंगे तथा उसी तारीख से लोक न्यासों के ऐसे वर्ग या वर्गों पर लागू होंगे जो राज्य सरकार राज-पत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे एवं इस प्रकार लागू किए जाने के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार राज्य के ऐसे लोक न्यासों का उनकी आय या उनकी कुल सम्पत्तियों के मूल्य के आधार पर या अन्य वित्तीय घटकों के आधार पर वर्गीकरण कर सकेगी।

5. उप धारा 4 के अधीन किसी भी अधिसूचना के प्रकाशन के पूर्व उससे प्रभावित होने वाले संभावित व्यक्तियों के सूचनार्थ राजपत्र में उसका एक प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा तथा उसके द्वारा एक सूचना प्रकाशित की जाएगी जिसमें वह तारीख विनिर्दिष्ट होगी जिसको या जिसके पश्चात् उस प्रारूप पर विचार किया जाएगा तथा जिसके पूर्व किसी भी प्रकार की आपत्तियां या सुझाव ग्रहण किये जा सकेंगे।

6. इस अधिनियम का अध्याय 11 उस तारीख से लागू होगा जो राज्य सरकार राजपत्र में विशेष अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे तथा राज्य सरकार विभिन्न नगरों एवं कस्बों की जन संख्या को ध्यान में रखते हुए अध्याय 11 को लागू करने हेतु विभिन्न तारीखें नियत कर सकेगी।

7. इस अधिनियम के अध्याय 12 एवं 13 प्रत्येक अन्य अध्यायों के उपबन्धों के सम्बन्ध में उस तारीख से लागू होंगे जिस तारीख से अन्य ऐसा अध्याय लागू हो।

धारा 1 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 1 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

विस्तार : उप-धारा 2 अधिकथित करती है कि यह अधिनियम सम्पूर्ण राजस्थान पर लागू होगा। राजस्थान साधारण खण्ड अधिनियम 1955 में परिनिश्चित राजस्थान राज्य का आशय निम्न प्रकार है—

1. 1 नवम्बर 1956 की पूर्व अवधि के सम्बन्ध में पूर्व संगठित राजस्थान राज्य एवं

2. उक्त दिन पर या उक्त दिन से अवधि के सम्बन्ध में राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 10 द्वारा गठित नया राजस्थान राज्य किन्तु फोरमर राजस्थान राज्य सम्मिलित नहीं होगा।

राजस्थान राज्य निम्नलिखित राज्य क्षेत्रों के रूप में है :

(अ) कोटा डिवीजन के सिरोंज उप-खण्ड के सिवाय वर्तमान राजस्थान राज्य के राज्य क्षेत्र

(ब) वर्तमान अजमेर राज्य के राज्य क्षेत्र

(स) वर्तमान बम्बई राज्य में बनास काठां जिले का आबू रोड़ तालूका तथा

(द) वर्तमान मध्य भारत राज्य में मन्दसौर जिले की भरतपुर तहसील का सुनेल टप्पा।

राज्य सरकार ने राज-पत्र भाग-4 सी. दिनांक 28-6-1962 में प्रकाशित अधिसूचना सं. एफ. 3 (एफ) (11) रा/क/59 दि. 28-6-1962 द्वारा निर्दिष्ट किया है कि अध्याय 5,6,7,8 एवं 9 के उपबन्ध 1 जुलाई 1962 से लागू होंगे तथा उसी तिथि से सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में ऐसे समस्त लोक न्यासों पर लागू होंगे जिनकी सभी स्रोतों से होने वाली सकल वार्षिक आय 3000 रु. से कम नहीं है या जिनकी आस्तियों का कुल मूल्य 30,000 रु. से कम नहीं है।[1]

किन्तु 1 सितम्बर 1982 से आय एवं आस्तियों के मूल्य का यह प्रतिबन्ध समाप्त कर दिया गया है अर्थात् अध्याय 8 एवं 9 के उपबन्ध 1 सितम्बर 1982 से समस्त लोक न्यासों पर लागू होंगे चाहे उनकी आय अथवा आस्तियों का मूल्य कुछ भी हो।[2]

अध्याय 10 के उपबन्ध 1 जुलाई 1962 से प्रभावशील हो गए हैं।[3] अध्याय 10 के उपबन्ध कुछ विशेष प्रकार के लोक न्यासों पर लागू होंगे जो इस प्रकार हैं :

(क) जो न्यास राज्य सरकार में निहित है या

(ख) जिस न्यास का संचालन राज्य सरकार के व्यय से होता है या

(ग) जिस न्यास का प्रबन्ध सीधे राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, अथवा

(घ) जो न्यास कोर्ट आफ वार्ड्स के अधीक्षण में है अथवा

(ङ) जिन न्यासों की सकल वार्षिक आय 10.000 रु. से अधिक है।

---

1. अधिसूचना संख्या एफ 3 (एफ) (11) रा/क/59 दि. 28 जून 1962
2. अधिसूचना संख्या एफ (33) रा/ग्र I/79 दि. 3 सितम्बर, 1982
3. अधिसूचना संख्या एफ 3 (एफ) (11) रा/क/59 दि. 28 जून, 1962

जहां एक लोक न्यास आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में स्थिति है और वहां मन्दिर की कुछ सम्पत्ति भी है यद्यपि अधिक आय देने वाली विन्यासित सम्पत्ति राज्य के बाहर मध्य प्रदेश में स्थित है फिर भी हैदराबाद विन्यास विनियम उस न्यास पर लागू होगा क्योंकि वह न्यास आंध्र प्रदेश राज्य में स्थिति है तथा इस तथ्य से कि कुछ विन्यासित सम्पत्तियां आन्ध्र प्रदेश में स्थिति नहीं हैं, कोई अन्तर नहीं पड़ेगा। फिर यह तथ्य कि वह न्यास मध्य प्रदेश न्यास अधिनियम 1951 के अधीन पंजीकृत है, उस न्यास पर आन्ध्र प्रदेश के विनियम की प्रभावशीलता का अपवर्जन नहीं कर सकता क्योंकि वह न्यास निःसन्देह उस क्षेत्र में स्थित है जहां वह विनियम प्रभावशील है।[1]

प्रारम्भ—अध्याय 1,2,3 तथा 4 तुरन्त लागू हो गए हैं जिनमें निम्न के लिए व्यवस्था की गई है:

(अ) अध्याय 1—नाम, अधिनियम का विस्तार तथा परिभाषाएं

(ब) अध्याय 2—कुछ लोक न्यासों की वैधता

(स) अध्याय 3—देवस्थान विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति

(द) अध्याय 4—राज्य स्तर पर सलाहकार बोर्ड तथा क्षेत्रीय सलाहकार समितियों का गठन।

उक्त चारों अध्यायों के प्रावधान 22 अक्टूबर 1959 से ही लागू हो गए हैं।

धारा 2—परिभाषाएं

इस अधिनियम में जब तक विषय या सन्दर्भ द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो :

1. "सहायक आयुक्त" से धारा 8 के अधीन नियुक्त "सहायक देवस्थान आयुक्त" अभिप्रेत है तथा उसमें राज्य सरकार के ऐसे अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे जो राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिए सहायक आयुक्त के रूप में अधिसूचित किये जायें।

2. "बोर्ड" से धारा"11 के अधीन लोक न्यासों हेतु स्थापित "राज्य सलाहकार बोर्ड" अभिप्रेत है।

3. "पुण्यार्थ विन्यास" से ऐसी समस्त सम्पत्ति अभिप्रेत है जो किसी समुदाय या उसके किसी वर्ग के लिए उपयोगी उद्देश्यों यथा विश्राम गृहों, पाठशालाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, गरीबों के भरण पोषण हेतु गृहों और शिक्षा, चिकित्सा सुविधा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु संस्थाओं अथवा इसी प्रकार के अन्य उद्देश्यों की अभिवृद्धि के लिए संस्थाएं जिनमें कि सम्बन्धित संस्थाएं भी सम्मिलित हैं, को बनाए रखने हेतु अथवा उनकी सहायतार्थ उस समुदाय या उसके किसी वर्ग के

---

1. ए.आई.आर. 1963 स.न्या.853

लाभार्थ दी गई हो अथवा समर्पित की गई हो अथवा जो कि उस समुदाय या उसके किसी वर्ग द्वारा अपने अधिकार के रूप में प्रयुक्त हो।

4. "आयुक्त" से धारा 7 के अधीन नियुक्त देवस्थान आयुक्त अभिप्रेत है।

5. "समिति" से धारा 13 के अधीन लोक न्यासों के लिए स्थापित एक क्षेत्रीय सलाहकार समिति अभिप्रेत है।

6. "न्यायालय" से जिला न्यायालय अभिप्रेत है।

7. "आनुवंशिक न्यासी" से किसी लोक न्यास का न्यासी जिसके कि पद का उत्तराधिकार आनुवंशिक अधिकार द्वारा न्यासगर्भित होता है या प्रथा द्वारा विनियमित होता है अथवा संस्थापक द्वारा विशिष्टतया प्रावहित किया जाता है, अभिप्रेत है।

8. "मठ" से किसी धर्म की उन्नति हेतु कोई ऐसी संस्था अभिप्रेत है जिसका कि अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति हो जो शिष्यों के एक वर्ग के लिए आध्यात्मिक सेवा करने अथवा उनको धार्मिक उपदेश प्रदान करने में अपने आपको निरत रखना अपना कर्त्तव्य समझे अथवा जो ऐसे वर्ग के प्रधान पद का कार्य करता हो अथवा ऐसा करने का अधिकार रखता हो तथा इसमें ऐसे धार्मिक पूजा या उपदेश के स्थान भी सम्मिलित हैं जो कि उस संस्था से सम्बद्ध हैं।

9. "हित रखने वाला व्यक्ति" अथवा किसी लोक न्यास में हित रखने वाला व्यक्ति चाहे वह किसी अन्य नाम से जाना जाय, में निम्नलिखित होंगे—

(क) किसी मन्दिर के सम्बन्ध में ऐसा कोई व्यक्ति जो कि ऐसी उपस्थिति के लिए अभ्यस्त हो अथवा तत्सम्बन्धी उपहारों को वितरण करने में अंश लेने का अधिकारी हो अथवा अंश लेने का अभ्यस्त हो,

(ख) किसी मठ के सम्बन्ध में मठ का कोई शिष्य अथवा उस धार्मिक सम्प्रदाय जिसका कि मठ हो, से सम्बन्धित कोई व्यक्ति;

(ग) राजस्थान सोसाइटीज रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1958 के अधीन अथवा राज्य के किसी भी भाग में प्रभावशील तत्समान किसी भी अन्य विधि के अधीन पंजीकृत अथवा पंजीकृत समझी गई संस्था के सम्बन्ध में ऐसी संस्था का कोई सदस्य तथा,

(घ) किसी अन्य लोक न्यास के सम्बन्ध में कोई भी हिताधिकारी।

10. "लोक प्रतिभूतियों" से—

(क) केन्द्रीय सरकार अथवा किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियां

(ख) रेलवे या सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के स्कंधो, ऋण पत्रों या अंशों जिन पर ब्याज या लाभांश की गारंटी केन्द्रीय अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा दी गई है।

(ग) कोई प्रतिभूति जिसको राज्य सरकार के स्पष्ट आदेश द्वारा इस सम्बन्ध में प्राधिकृत किया गया है, अभिप्रेत है।

11. "लोक न्यास" से एक अभिव्यक्त अथवा आन्वयिक (प्रलक्षित) न्यास अभिप्रेत है जो या तो लोक धार्मिक अथवा पुण्यार्थ प्रयोजन के लिए है अथवा दोनों के लिए है तथा इसमें कोई भी मन्दिर, मठ, धर्मादा या अन्य कोई धार्मिक या पुण्यार्थ विन्यास अथवा संस्था एवं धार्मिक या पुण्यार्थ या दोनों प्रयोजन हेतु निर्मित कोई सोसाइटी सम्मिलित है ।

12. "रजिस्टर" से धारा 16 की उपधारा 2 के अधीन रखा गया रजिस्टर अभिप्रेत हैं ।

13. *"धार्मिक विन्यास" या "विन्यास (धमस्व)"* से वह समस्त सम्पत्ति अभिप्रेत है जो किसी धार्मिक संस्था की है या उसके सहायतार्थ की गई या दान की गई है या उससे सम्बद्ध कोई सेवा या पुण्यार्थ प्रयोजन हेतु दी गई है या दान की गई है तथा इसमें धार्मिक संस्था के अहाते में आने वाली भूमि उसमें प्रतिष्ठापित मूर्तियां (idols) यदि कोई हों एवं किसी धार्मिक उत्सव या धार्मिक अनुष्ठान (observance) जो चाहे उस धार्मिक सस्था से सम्वन्धित हों या न हों, सम्मिलित है किन्तु इसमें न्यासी या आनुवंशिक न्यासी या ऐसी संस्था के कार्यवाहक न्यासी या किसी अन्य नियोजित व्यक्ति को व्यक्तिगत भेंट स्वरुप दी गई सम्पत्ति सम्मिलित नहीं है ।

उक्त परिभाषा वहुत व्यापक है । लगभग सभी प्रकार के दान या चढावा विन्यास की परिभाषा में आ गया है यहां तक कि खास उत्सव आदि पर जो विशेष चढावा आदि आता है वह भी सम्मिलित है, किन्तु किसी न्यासी या आनुवंशिक न्यासी अथवा कार्यवाहक न्यासी या किसी सेवक या कर्मचारी को वैयक्तिक रूप से दान की गई सम्पत्ति उसकी स्वयं की सम्पत्ति कहलाएगी, उसे विन्यास में सम्मिलित नहीं माना जाएगा ।

उदाहरणार्थ किसी खास त्यौहार के दिन मन्दिर के महाराज को घर पर भोजन कराके दी गई दक्षिणा या भेंट विन्यास में सम्मिलित नहीं होगी, किन्तु किसी त्यौहार को मन्दिर में आया विशेष चढावा जिसे उस समय लेने वाला वही महाराज हो, विन्यास की परिभाषा में आ जाएगा ।

14. *"धार्मिक संस्था" या "संस्था"* से किसी धर्म या आस्था (Persuasion) के संप्रवर्तन हेतु कोई संस्था अभिप्रेत है तथा इसमें मन्दिर, मठ तथा कोई धार्मिक प्रतिष्ठान या धार्मिक उपासना या धार्मिक उपदेश का कोई स्थान, चाहे वह ऐसी संस्था से सम्वन्धित है अथवा नहीं, भी सम्मिलित है ।

15. "विनिर्दिष्ट विन्यास" से एक धार्मिक संस्था मे किसी विनिर्दिष्ट सेवा अथवा पुण्यार्थ हेतु दान की गई कोई सम्पत्ति या धनराशि अभिप्रेत है ।

इस परिभाषा में दान की वे रकमें आ जाएंगी जो हवन, यज्ञ आदि कराने हेतु एक मुश्त सम्पत्ति या नकद के रूप में दी जाती हैं ।

16. "मन्दिर" से किसी भी नाम से विदित एक ऐसा स्थान अभिप्रेत है जिसका उपयोग सार्वजनिक धार्मिक पूजा के स्थान के रूप में होता रहा हो तथा जो किसी समुदाय या उसके किसी वर्ग को समर्पित या उसके लाभ के लिए सार्वजनिक धार्मिक पूजा गृह के रूप में अधिकारपूर्वक प्रयोग किया जा रहा हो।

17. "न्यासी" से एक व्यक्ति जिसमें या तो अकेले ही या अन्य व्यक्तियों के साथ न्यास सम्पत्ति निहित है, अभिप्रेत है तथा इसमें प्रबन्धक सम्मिलित है।

18. 'कार्यवाहक न्यासी' से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो तत्समय या तो अकेला ही या किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ मिलकर किसी लोक न्यास की न्यास सम्पत्ति का प्रबन्ध करता है तथा इसमें लोक न्यास का प्रबन्धक एवं निम्नलिखित भी सम्मिलित हैं—

(अ) एक मठ के सम्बन्ध में ऐसे मठ का अध्यक्ष तथा

(ब) किसी ऐसे लोक न्यास के सम्बन्ध में जो कि अपना प्रधान कार्यालय उसकी सम्पत्ति अथवा कार्य का प्रधान स्थान राजस्थान राज्य के बाहर रखता हो, के प्रबन्ध एवं उस राज्य में लोक न्यास के प्रशासन का प्रभारी।

19. ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां जिनका कि इस अधिनियम में प्रयोग किया गया है किन्तु जिनकी परिभाषा इस अधिनियम में नहीं की गई हैं, उनके वही अर्थ होंगे जो भारतीय न्यास अधिनियम 1882 में उनके लिए क्रमशः बताये गए हैं।

परिभाषाएं : व्याख्या

बोर्ड धारा 2 (2)

'बोर्ड' से इस अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित 'राजस्थान लोक न्यास बोर्ड' अभिप्रेत है। राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के अन्तर्गत नियम 4 में बोर्ड के गठन का उल्लेख किया गया है। नियम 5 बोर्ड के कार्यों एवं नियम 6 उसके सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा-भत्तों आदि के सम्बन्ध में है। नियम 13 में बोर्ड के सदस्यों की निर्योग्यताएं तथा नियम 14 में न्यास के पंजीकरण सम्बन्धी व्यवस्थाएं की गई हैं।

पुण्यार्थ (खैराती) विन्यास (धर्मस्व)—धारा 2 (3) :

(Charitable Endowment)

विन्यास या धर्मस्व प्रारम्भिक अर्थ में किसी संस्था या व्यक्ति के लिए भूमि

या धनराशि के रूप में किया गया शाश्वत प्रावधान है। सामान्य अर्थ में यह किसी व्यक्ति या संस्था को दिया हुआ धन है। विभिन्न प्रकार के खैराती एवं धार्मिक विन्यासों में मन्दिर एवं मठ बनवाना, तालाब, कुओं एवं धर्मशालाओं का निर्माण, सरायें तथा भिखारियों के पोषण हेतु भोजनालय एवं विश्रामगृह सम्मिलित होते हैं।[1]

विन्यास धार्मिक या खैराती प्रयोजनों हेतु किया गया सम्पत्ति का समर्पण है जिसके विषय वस्तु तथा उद्देश्य दोनों ही सुनिश्चित हैं या निश्चित किए जा सकते हैं।[2] भारत में मन्दिरों या देवालयों की अपार सम्पदा तथा विशाल विन्यास है।[3] धार्मिक विन्यास उदारता का सूचक है, जबकि खैराती विन्यास परोपकार की भावना का। एक चिकित्सालय के सहायतार्थ या एक विश्वविद्यालय स्थापित करने हेतु किया गया विन्यास खैराती विन्यास होता है।

लोक प्रयोजनार्थ किसी बाग का समर्पण वैदिक काल से ही पुण्यार्थ कार्य माना गया है। बाग में स्थित किसी मूर्ति की छत्री, मूर्ति, कुआ साधुओं के उपयोग हेतु धर्मशाला एवं उसका रसोईघर जिनका दीर्घकाल से जन हितार्थ उपयोग होता रहा है, लोक न्यास की एकीकृत सम्पत्ति है ऐसी सम्पत्ति का उपयोग करने वाले जो उसका स्वरूप यथावत बनाए रखते हैं वे ऐसे न्यास की सम्पत्ति में हित रखते हैं।

धार्मिक महत्व की वस्तु के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उसकी पूजा की जाय। बिना पूजा के भी उसका धार्मिक महत्व होता है। धार्मिक महत्व का अर्थ विस्तृत है। एक व्यक्ति बिना पूजा किए भी उस स्थान के प्रति श्रद्धा रखता है। जबकि दूसरा पूजा के द्वारा श्रद्धा व्यक्त करता है।[4]

हिन्दु विधि से विन्यास की अवधारणा अंग्रेजी विधि के न्यास से भिन्न है।[5] केवल विलेख के निष्पादन से वैध विन्यास का सृजन नहीं हो जाता।

आयुक्त—धारा 2(4)

आयुक्त से राजस्थान राज्य के लिए देवस्थान आयुक्त अभिप्रेत है। धारा 7 में आयुक्त के पद पर नियुक्ति के बारे में उल्लेख किया गया है।

---

1. हिन्दु रिलिजियस एण्डोमेन्टस कमीशन रिपोर्ट 1960 पृ. 31
2. ए. आइ. आर. 1938 पी. सी. 195
3. ए. आई. आर. 1925 पी. सी. 139
4. मांगीलाल व श्रीमती दुर्गा देवी आर.एल. डब्ल्यु. 1968 पृ. 347
5. ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 985

समिति—धारा 2(5)
(Committee)

'समिति' से क्षेत्रीय सलाहकार समिति अभिप्रेत है। समिति की स्थापना एवं गठन के बारे में धारा 13 एवं तदधीन नियमों में उल्लेख किया गया है। समिति के गठन एव उसके सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा-भत्ता आदि का उल्लेख क्रमशः नियम 7 एवं 8 में किया गया है। नियम 9 समिति के सदस्यों को स्थल पर ही जांच या निरीक्षण करने की शक्तियां प्रदान करता है। नियम 11 में बैठकों एवं अन्य कार्यों के संचालन सम्बन्धी प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है। नियम 13 एव 14 में क्रमशः सदस्यों को हटाये जाने या उनके द्वारा त्यागपत्र देने के बारे में प्रावधान किए गए हैं तथा नियम 15 में कर्मचारी वर्ग के बारे में व्यवस्था की गई है।

न्यायालय—धारा 2 (6)

न्यायालय से राजस्थान राज्य में जिला न्यायालय अभिप्रेत है।

धारा 2 (4) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 2 (1) : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

आनुवंशिक न्यासी—धारा 2 (7)
(Hereditary Trustee)

धारा 65 में आनुवंशिक न्यासों के अधिकारों का उपबन्ध किया गया है। नियम 38 आनुवंशिक न्यासियों को देय भत्तों के बारे में है। न्यायालय द्वारा वादी को किसी न्यास के सुचारु एवं अच्छे प्रशासन हेतु आनुवंशिक न्यासियों से परामर्श करने हेतु निदेश देना अनुचित है।[1]

नाथद्वारा मन्दिर के प्रधान पुरोहित (तिलकायत) का पद आनुवंशिक है। तिलकायत का सबसे बड़ा पुत्र उसके पिता का उत्तराधिकारी होता है। पुत्रियां उत्तराधिकारी नहीं होतीं। वल्लभाचार्य सम्प्रदाय में प्रधान पुरोहित विवाह कर सकता है। उसकी पत्नी एवं बच्चे मन्दिर के निकट ही अलग भवन में उसके साथ रहते हैं।

---

1. बापालाल गोधाभाई कोठारी व. चेरिटी कमिश्नर, गुजरात 1965 गुज. ला. रि. 825

आनुवंशिक न्यासी का प्रबन्ध का अधिकार सम्पत्ति का अधिकार माना गया है।[1]

मठ धारा 2 (8) :

मेकडोनेल के संस्कृत शब्द-कोष के अनुसार मठ का अर्थ एक तपस्वी, योगी या वैरागी सम्प्रदाय के शिष्य के आश्रम (कुटी) से है। संकीर्ण अर्थ में मठ एक तपस्वी जिसे यति या संन्यासी भी कहते हैं, का निवास स्थान है। सामान्य अर्थ में यह एक योगी का निवास है तथा विधिक अर्थ में यह एक वैरागी संस्थान है जिसकी स्थापना यतियों अथवा योगियों के प्रयोगार्थ एवं लाभार्थ की जाती है जो सामान्यतः संस्थान के प्रधान के शिष्य होते हैं।[2] यह विशेष रूप से धर्म सम्प्रदाय की प्रत्येक पद्धति या दर्शन के अध्ययन, अभ्यास एवं प्रसार के लिए नियत ब्रह्म-ज्ञान का एक केन्द्र होता है जहां योग्य उपदेशकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें उस ज्ञान से समृद्ध बनाया जाता है तथा बाद में देश-विदेश में भ्रमण कर ब्रह्म-ज्ञान का प्रसार करते हैं।[3]

डा. बी. के. मुकर्जी ने मठ की परिभाषा निम्न प्रकार की है—

सामान्य भाषा में मठ योगी का निवास स्थान होता है। विधिक अर्थ में यह तपस्वी योगी की संस्था होती है जिसका प्रधान एक श्रेष्ठ तपस्वी योगी होता है तथा ये एक सम्प्रदाय विशेष के तपस्वी योगियों के उपयोग एवं लाभार्थ स्थापित की जाती हैं। ये तपस्वी योगी प्रधान तपस्वी योगी के शिष्य अथवा शिष्य-साथी होते हैं।[4]

भारत में मठो का संक्षिप्त इतिहास

वैदिक हिन्दु धर्म के अनुसार जीवन वास्तविक एवं सकारात्मक तथ्य है तथा जीवन को चार भागों में बांटा गया है जिन्हें आश्रम कहा जाता है जैसे ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास। पंडित नेहरू के अनुसार यह विभाजन आर्यों की श्रेष्ठ विश्लेषणात्मक मस्तिष्क की उपज है जो दो विरोधात्मक प्रवृत्तियों को दर्शाती है, प्रथम जीवन को उसकी पूर्णता के रूप में स्वीकार करना एवं द्वितीय उसे अस्वीकार करना (डिस्कवरी आफ इंडिया पृ. 61)। कालान्तर में जब वैदिक दर्शन का प्रभाव कम हो गया तथा यह केवल कर्मकाण्डों अथवा औपचारिकताओं तक ही सीमित हो गई तो बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ। प्रारम्भ में बौद्ध भिक्षु भ्रमण ही करते थे। किन्तु जब इनकी संख्या में वृद्धि हुई तो उनको शरण या निवास का प्रश्न उत्पन्न हुआ और इस प्रकार विहार एवं संघाराम अस्तित्व में आए। संघाराम शब्द से संघ के निवास का बोध होता है अर्थात् धार्मिक एकत्रीकरण। इन विहारों एवं संघाराम को शीघ्र ही निगमित जीवन एवं विधिक व्यक्तित्व का स्तर प्राप्त हो गया किन्तु जब बौद्ध धर्म का 6ठी सदी के आसपास पतन हुआ तो जगद्-गुरु आदि शंकराचार्य ने हिन्दु धर्म का पुनरुत्थान किया तथा हिन्दु धर्म में नया प्राण फूंका। उन्होंने अद्वैत मत की स्थापना की अपने मत के प्रचार हेतु उन्होंने बौद्ध विहार एवं संघाराम के समान मठ स्थापित किए तथा इस विशाल उप महा-

---

1. हिन्दु रिलिजियस एण्ड एन्डोमेन्ट्स कमीशन रिपोर्ट 1962 पृ. 199
2. वही पृ. 14
3. ए. आई. आर. 1952 मद्रा. 613
4. टैगोर लेक्चर्स आन हिन्दु ला आफ रिलिजियस एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट अध्याय VII पृष्ठ 250।

द्वीप के चारों कोनों में चार मठों (ज्ञान के केन्द्र) पुरी में गोवर्धन मठ, उत्तर में बद्रीनाथ में ज्योति मठ, पश्चिम में द्वारका में शारदा मठ तथा दक्षिण में मैसूर में श्रृंगेरी मठ, की स्थापना की । इन मठों में प्रत्येक में अपने प्रधान शिष्यों, पद्मपाद, हस्तामलक, सुरेश्वर एवं भोटक को नियुक्त किया । वे स्वयं सर्वज्ञान पीठ, कांची के प्रधान बने जो अभी कुम्भ कोनम में है ।

शंकराचार्य के पश्चात् रामानुजाचार्य ने भी मठ स्थापित किए तथा विशिष्ठाद्वैत मत का प्रवर्तन किया, कहा जाता है कि रामानुजाचार्य ने देश में सात सौ मठ स्थापित किये किन्तु आज केवल चार मठ अस्तित्व में हैं । एक अन्य सन्त जिन्होंने मठ स्थापित किए स्वामी रामानन्द हुये, इनको रामानुजाचार्य का शिष्य माना जाता है, किन्तु यह सत्य नहीं है । रामानन्द ने भी बनारस में कई मठ स्थापित किये जिन्हें रामट मठ कहा जाता है । रामट मठ की यह विशेषता है कि उसमें कोई जाति-भेद-भाव नहीं है, तथा शूद्र भी जा सकते हैं तथा वे राम की भगवान के रूप में पूजा करते हैं तथा अपने को राम का दास मानते हैं ।

एक दूसरे सन्त माधवाचार्य हुए जिन्होंने माधव पंथ का प्रवर्तन किया । उन्होंने शंकराचार्य के अद्वैत एवं रामानुजाचार्य के विशिष्ठाद्वैत के विरुद्ध द्वैत मत का प्रवर्तन किया । इस मत के अनुसार आत्मा एवं परमात्मा दोनों का भिन्न अस्तित्व है ।

इसी प्रकार निम्बाकाचार्य एवं वल्लभाचार्य ने भी अपने मठ स्थापित किये । नाथद्वारा वल्लभ सम्प्रदाय का प्रसिद्ध मंदिर है । वल्लभ सम्प्रदाय की एक मुख्य विशेषता यह है कि वह वर्तमान जीवन के आनन्द में विश्वास करता है तथा ब्रह्मचर्य या संन्यासी जीवन की कठोर साधना में विश्वास नहीं करता है । चैतन्य महाप्रभु ने बंगाल, उड़ीसा तथा वर्धवान में भी कई मठ स्थापित किए ।

यह ध्यान देने योग्य बात है कि मठ प्रणाली केवल हिन्दुओं में ब्राह्मणों तक ही सीमित नहीं थी शूद्रों ने भी इसका अनुसरण किया । टिनेवेली, त्रिचुनापल्ली, तंजोर एवं अन्यत्र स्थानों पर मठ स्थापित किए गए । शूद्र संन्यासी परदेसी कहलाता है, यदि वह किसी अभिनाम से सम्बन्धित है तो वह ताम्बीरक कहलाता है तथा अभिनाम का प्रधान पंडारा सन्नधि'' कहलाता है ।[1] मठ प्रणाली बाद में जैन, कबीर पंथी तथा नानक पंथी द्वारा भी अपनाई गई ।

मठ एवं डिबटर हिन्दु धार्मिक विन्यासों की दो सुप्रसिद्ध संस्थाएं हैं । डिबटर (Debuter) संस्था का प्रधान दिति अथवा मूर्ति होता है जब कि मठ का प्रधान मठाधिपति या अध्यक्ष होता है । डिबटर में सम्पत्ति का समर्पण मूर्ति को किया जाता है जो एक विधिक व्यक्ति होता है जबकि मठ में सम्पत्ति का समर्पण स्वयं संस्था को धार्मिक व्यक्तियों के लाभार्थ किया जाता है ।[2] मठ में उत्तराधिकार उस

1. गियाना एस. पंडारा व. कंडा स्वामी 10 मद्रा. 375
2. सत्यचरण सरकार व. महन्त रुद्रानण्द गिरि ए. आई. आर. 1953 कल. 716

मठ प्रथा व रिवाज के अनुसार उसी परिवार में न्यागमित होता है जबकि डिवटर शेवाती (Shebaiti) अधिकार उत्तराधिकार की सामान्य विधि के अनुसार। शेवाती के उत्तराधिकारियों पर न्यागमित (Devolve) होते हैं। मठ की प्रधानता या महत्ता किसी एक व्यक्ति में निहित होती है जबकि शेवाती एक से अधिक संख्या में हो सकते हैं। महन्त का पद अन्य संक्रामण (Alienate) नहीं किया जा सकता, न ही इसका विभाजन हो सकता है जबकि शैवाती अधिकार आंशिक रूप से अन्य संक्रामित एवं विभाजनीय होते हैं।[1] मन्दिर का उद्देश्य मूर्ति की पूजा तथा धार्मिक उत्सवों की शाश्वतता बनाए रखना है जबकि मठ का मुख्य उद्देश्य ऐसी योग्य सन्तों की शृंखला द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसारण है जो धार्मिक शिक्षा द्वारा उस मठ के मत को सुदृढ करते हों[2] मन्दिर में मूर्ति आवश्यक नहीं है किन्तु किसी मठ में मूर्ति की विद्यमानता से वह मन्दिर में परिणित नहीं हो जाता[3]। किसी मठ में दीक्षित होने के साथ उस व्यक्ति का गृहस्थ जीवन से सम्बन्ध विच्छेद हो जाता है। वह गृहस्थ परिवार की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी नहीं रहता तथा मठ की सम्पत्ति में उत्तराधिकार मठ के परिवार के क्रम से प्राप्त करता है। इसके विपरीत शैवात एक साधारण व्यक्ति होता है जिसका अपना सामान्य परिवार होता है तथा वह सामान्य विधि के अन्तर्गत पारिवारिक सम्पत्ति में उत्तराधिकार प्राप्त करता है।[4] मठ का पद उस मठ विशेष की परम्परा के अनुसार न्यायमित होता है।[5]

उत्तराधिकार की दृष्टि से मठों को तीन श्रेणियो में विभाजित किया जा सकता है—

(1) मोरूसी मठ (आनुवंशिक); (2) पंचायती मठ (चयन) एवं (3) हाकिमी मठ (शाही फरमान)। मोरूसी मठ में महन्त का पद का उत्तराधिकारी अन्तिम महन्त का शिष्य होना है, पंचायती मठ में उत्तराधिकारी का चुनाव उस मठ के संन्यासियों द्वारा किया जाता है व हाकिमी मठ के उत्तराधिकारी की नियुक्ति राज्य द्वारा अथवा मठ के संस्थापक परिवार द्वारा की जाती है। मोरूसी मठ में अन्तिम महन्त का चेला उत्तराधिकारी होता है एवं उसके अभाव में गुरु भाई उत्तराधिकारी होता है। महन्त का पद इस अर्थ में आनुवंशिक (Hereditary) नहीं है कि वर्तमान महन्त की मृत्यु पर उसका चेला स्वतः ही उत्तराधिकारी बन जाता है किन्तु वह केवल नियुक्ति के द्वारा ही उत्तराधिकार प्राप्त करता है।[6] अन्तिम महन्त अपने

---

1. तुलसीराम व. राम प्रसन्ना ए.आई.आर. 1956 उड़ीसा 41
2. मध्य प्रदेश राज्य व. कमलापुरी ए.आई. आर, 1963 एम.पी. 183
3. वही
4. परमानन्द व. निहालचंद ए.आई.आर. 1938 पी.सी. 195
5. सीतलदास व. सन्तराम ए.आई.आर. 1954 स. न्या. 606
6. वही, पृथ्वीनाथ व वर्खनाथ ए.आई.आर. 1956 स. न्या. 192

जीवन काल में अथवा वसीयत द्वारा भी उत्तराधिकारी नियुक्त कर सकता है। जब किसी महन्त द्वारा उसका उत्तराधिकारी मनोनीत किया जाता है तो उसकी नियुक्ति की पुष्टि महन्त की मृत्यु पर होने वाले संन्यासियों एवं अनुयायियों के सम्मेलन में की जाती है जिसे "भण्डारा" कहते हैं[1] एक महन्त अपनी निजी सम्पत्ति भी रख सकता है।[2] किन्तु महन्त की ऐसी निजी सम्पत्ति का उत्तराधिकारी भी इसका चेला होगा न कि उसके गृहस्थ परिवार के सदस्य[3]।

मूर्ति के समान यह भी विधिक व्यक्ति होते हैं तथा सम्पूर्ण सम्पदा उनमें निहित होती है।[4]

महन्त मठ का प्रधान अथवा अध्यक्ष होता है वह संस्था एवं सम्पत्ति का प्रबन्धक अथवा अभिरक्षक (Custodian) होता है यद्यपि सम्पत्ति संस्था में निहित होती है किन्तु संस्था की ओर से उसके प्रबन्ध में रखी जाती है। वह आध्यात्मिक समुदाय का प्रधान होता है तथा अपने पद के कारण उसे धार्मिक गुरू के कर्त्तव्यों का निर्वहन (Perform) करना होता है। यह उसका कर्त्तव्य है कि वह धार्मिक सिद्धान्तों का प्रचार एवं प्रसार करे जिनको उसने अंगीकार किया है।[5] एक मठ का महन्त सामान्यतः संन्यासी होता है जिसने सांसारिक कर्त्तव्यों को त्याग दिया है, उसका परिवार से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं होता तथा सिद्धांतिक रूप से उसके किसी प्रकार की सम्पत्ति का स्वामित्व नहीं ग्रहण करने का संकल्प होता है।[6] यथार्थ (Defacto) महन्त को भी मठ की सम्पत्ति के लिए अथवा उसके विरुद्ध वाद करने का अधिकार होता है।[7] यदि एक महन्त स्वयं मठ के हितों के विरुद्ध कार्य करता है तो उसके विरुद्ध किसी अजनबी को भी वाद लाने का अधिकार है।[8] मठ सामान्यतः सार्वजनिक होते हैं।

सामान्यतः मठ का महन्त एक संन्यासी होता है जिसने संसार को त्याग दिया है। उसका न तो विवाह होता है और न कोई परिवार। वह किसी सम्पत्ति का स्वामित्व ग्रहण नहीं करता यह उसका संकल्प होता है। मठ की सम्पत्ति पर महन्त का अधिकार होता है तथा संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (एफ) के खण्ड 5 के साथ पढने पर उसके अधिकारों पर लगाए गए सभी अनुचित प्रतिबन्ध शून्य

---

1. सतनामसिंह ब. भगवान सिंह ए.आई.आर. 1938 पी.सी. 216
2. परमानन्द ब. निहालचंद ए.आई.आर. 1938 पी.सी. 195
3. वही
4. सारंगदेव ब. रामास्वामी ए.आई.आर. 1966 स. न्या. 1603
5. कमिश्नर हिन्दु रिली. एन्डोमेन्ट मद्रास ब. श्री लक्ष्मीचन्द्र तीर्थ स्वामि ए.आई. आर. 1954 स. न्या. 282
6. सुधीन्द्र तीर्थ स्वामी ब. कमि. एच.आर. एण्ड सी.ई. मैसूर ए.आई.आर. 1963 स. न्या. 966
7. सारंगदेव ब. रामास्वामी ए.आई.आर. 1966 स.न्या. 603
8. विश्वनाथ ब. राधावल्लभ जी. ए.आई.आर. 1967 स. न्या. 1044

होते हैं।[1] यद्यपि सम्पत्ति का प्रबन्ध लौकिक कार्य होता है किन्तु लौकिक एवं धार्मिक कार्य एक दूसरे से अभिन्न रूप से ऐसे मिलते हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। सम्पत्ति एवं आय स्वयं महन्त एवं उसके शिष्यों के पूर्ण नियन्त्रण में होने पर उनमें भेद नहीं करता।[2] महन्त को मठ की बचत को प्रयोग करने की निर्वाध शक्तियां होती हैं। केवल उस पर यही प्रतिबन्ध होता है कि वह व्यक्तिगत रूप से ऐसे निजी कार्यों में उसका प्रयोग नहीं करे जो उसके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।[3] अपरिहार्य आवश्यकता के सिवाय किसी मठ का प्रधान मठ की सम्पत्ति में उसके जीवनकाल के परे कोई हित का सृजन नहीं कर सकता।[4] वह एक प्रलक्षित न्यासी होता है तथा उसका पद एक प्रबन्धक या सम्पत्ति के अभिरक्षक का होता है।[5]

धारा 2 (9) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 2 (9) : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

हित रखने वाले व्यक्ति–धारा 2 (9)

न्यास में हित रखने वाला व्यक्ति किसे कहा जाय, यह प्रत्येक दशा में न्यास की प्रकृति पर निर्भर करता है।[6] हित रखने वाले व्यक्ति में न्यासी सम्मिलित नहीं होता।[7] हित से अभिप्राय किसी न्यास विशेष में स्पष्ट हित से है। ऐसा हित वास्तविक, सारयुक्त तथा विद्यमान हित होना चाहिये न कि केवल दूरवर्ती, काल्पनिक या आकस्मिक। किन्तु इस सम्भावना से कि किसी अन्य स्थान का हिन्दु उस मंदिर में दर्शन या उपासना करने का इच्छुक हो सकता है, उसे न्यास में हित प्राप्त नहीं हो जाता जिससे कि वह वाद प्रस्तुत करने का हकदार हो जाय।[8] मंदिर में उपासना करने की भावी सम्भावना एक व्यक्ति को न्यास में हित नहीं प्रदान करती।[9]

धारा 2 (10) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

लोक प्रतिभूतियां–धारा 2 (10)

लोक प्रतिभूतियों में सरकारी प्रतिभूतियां, सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियां, स्थानीय प्राधिकारी (Local Authority) की प्रतिभूतियां तथा राज्य सरकार द्वारा अधिकृत प्रतिभूतियां सम्मिलित हैं।

धारा 2 (12) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

---

1. ए.आई.आर. 1963 स.न्या. 966
2. ,, ,, ,, 1952 मद्रा. 613
3. ,, ,, ,, 1954 स. न्या. 282
4. ,, ,, ,, 1922 पी.सी. 123
5. ,, ,, ,, 1924 बम्बई 193
6. ,, ,, ,, 1928 इलाहबाद 758
7. 64 बम्बई एल.आर. 235
8. ए.आई.आर. 1934 लाहोर 949
9. ,, ,, ,, 1930 लाहोर 1

लोक न्यास-धारा 2 (11)

अन्डरहिल के अनुसार न्यास या तो अभिव्यक्त होते हैं या आन्वयिक अथवा विवक्षित। अभिव्यक्त न्यास किसी लिखित या घोषणा द्वारा स्पष्ट शब्दों में सृजित किए जाते हैं। अभिव्यक्त न्यास द्वारा स्पष्ट भाषा में सम्पत्ति किसी व्यक्ति में निहित हो जाती है जो इस तथ्य का प्रमाण होता है कि विधिक एवं हितकारी स्वामित्व भिन्न न्यायिक शीर्षक द्वारा ग्रहण किया गया है। अभिव्यक्त न्यास निष्पादित या निष्पादनीय दोनों प्रकार के हो सकते हैं। निष्पादित न्यास वह है जिसमें न्यास की एक ही अन्तिम लिखत होती है जबकि निष्पादनीय न्यास में एक और लिखत की आवश्यकता होती है जो अन्तिम होती है, उदाहरणार्थ क और ख के विवाह पर उनमें यह करार होता है कि कुछ सम्पत्ति का उनके तथा उनके बच्चों के लाभार्थ न्यास बनाया जाएगा, ऐसी दशा में एक वैध न्यास का सृजन हो जाता है किन्तु प्रथम लिखत में अभिव्यक्त सामान्य आशय की पालना हेतु एक और लिखत की आवश्यकता होती है अतः ऐसा न्यास निष्पादनीय न्यास कहलाता है।

स्नेल के अनुसार आन्वयिक न्यास एवं अभिव्यक्त अथवा विवक्षित न्यास में अन्तर है। आन्वयिक न्यास न्याय एवं सद्भावना की पूर्ति करने के लक्ष्य से साम्या द्वारा उद्भूत होता है। जब एक अजनबी न्यास की जानकारी के साथ न्यास सम्पत्ति ग्रहण करता है अथवा एक न्यासी न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाता है अथवा अन्य व्यक्ति ऐसा लाभ प्राप्त करते हैं तो वह आन्वयिक न्यास की स्थिति होती है। विक्रय के संविदा के अन्तर्गत विक्रय के पूर्ण होने तक क्रेता के लिए सम्पत्ति का आन्वयिक न्यासी माना जाता है। इसी प्रकार एक बंधक दार जिसने अपनी विक्रय की शक्ति के अन्तर्गत विक्रय किया है तो वह पाश्चिक बंधकों (Subsequent mortgages) के लिए तथा बंधक कर्त्ता के लिए उसके मूल धन, ब्याज व लागत की राशि से आधिक्य की क्रय राशि के लिए आन्वयिक न्यासी होता है। भारतीय न्यास अधिनियम 1882 की धारा 86–94 में आन्वयिक न्यास की व्याख्या की गई है।

लोक न्यास की अनिवार्यताएं

न्यास की परिभाषा इस अधिनियम में नहीं दी गई है अतः हमें भारतीय न्यास अधिनियम को देखना होगा।[1] एक धार्मिक एवं पुण्यार्थ न्यास की वही अनिवार्यताएं हैं जो कि एक सामान्य न्यास की होती हैं। भारतीय न्यास अधिनियम की धारा 3 के अनुसार एक वैध न्यास के गठन हेतु चार अनिवार्यताएं होती हैं अर्थात (1) न्यास का कर्ता (2) हितग्राही जिनके लिए न्यास का सृजन

1. राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 धारा 2 (19) भारतीय न्यास अधिनियम 1882 धारा 3

किया जाना है, (3) सम्पत्ति की विषय वस्तु अर्थात् न्यास सम्पत्ति एवं (4) न्यास का प्रयोजन। विधिक भाषा में इनको तीन निश्चितताएं कहा गया है—(1) उद्देश्य की निश्चितता (2) सम्पत्ति की निश्चितता तथा (3) हितग्राहियों की निश्चितता। भारतीय न्यास अधिनियम के अन्तर्गत यथावश्यक परिवर्तन सहित ये सभी शर्तें लोक न्यास के लिए भी आवश्यक होती हैं। न्यास सृजित करने का आशय शब्दों अथवा कार्यों द्वारा समुचित निश्चितता के साथ दर्शाया जाना चाहिये।[1] यह आवश्यक नहीं है कि न्यास कर्ता का आशय प्रकट करने के लिए लिखित दस्तावेज हो। हिन्दुओं में मौखिक न्यास बहुत प्रचलित है जो वैध होते हैं इसलिए न्यास कर्ता का आशय मौखिक साक्ष्य से प्रमाणित किया जा सकता है। न्यास अथवा न्यासी शब्दों का प्रयोग न्यास के सृजन में आवश्यक नहीं है क्योंकि नाम हमेशा निर्णायक नहीं होता।[2] यदि एक न्यास कर्ता ने न्यास से कई पुण्यार्थ प्रयोजन प्रकट किये हैं एवं उनमें से किसी का भी चुनाव अथवा प्रमुखता का निर्णय करना न्यासी पर छोड़ा गया है तो न्यासी किसी भी प्रयोजन में न्यास के धन को लगा सकता है तथा ऐसा न्यास अनिश्चितता के आधार पर विफल नहीं होगा। न्यास का उद्देश्य विधि सम्मत होना चाहिये अर्थात विधि द्वारा वर्जित नहीं किया गया हो।

व्यक्तियों अथवा समुदायों में धर्म एक विश्वास का विषय है। यह आस्तिकवादी ही हो यह आवश्यक नहीं है क्योंकि भारत में अन्य सुप्रसिद्ध धर्म जैसे बौद्ध धर्म, जैन धर्म ऐसे धर्म हैं जो ईश्वर अथवा किसी सर्वश्रेष्ठ हेतु के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते।[3]

वास्तव में पुण्यार्थ भी धर्म का ही अंग है क्योंकि दोनों का ही उद्देश्य धार्मिक धरिष्ठता प्राप्त करना है। पुण्यार्थ की अवधारणा एलिजाबेथ के परिनियम (34) में मिलती है यद्यपि यह परिनियम 1888 में निरस्त कर दिया गया किन्तु इसकी प्रवेशिका को क्रियाशील रखा गया। इस प्रवेशिका में पुण्यार्थ प्रयोजनों की प्रगणना की गई है। इसके अतिरिक्त इस विषय पर दूसरी महत्वपूर्ण सामग्री आयकर आयुक्त व-पेमसल 1891 ए. सी. 531 का सुप्रसिद्ध निर्णय है जिसमें लार्ड मेकनारन ने खैरात को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया है—(1) निर्धनों को राहत के लिए न्यास (2) शिक्षा की उन्नति के लिए न्यास (3) धर्म की उन्नति के लिए न्यास एवं (4) समुदाय के हितार्थ प्रयोजनों हेतु जो उपरोक्त में नहीं आते हों।

---

1. छोटाभाई व. ज्ञानचन्द्र ए. आई. आर. 1935 पी. सी. 97
2. एम. दसरथ रमानी रेड्डी व. डी. सुब्बाराव ए. आई. आर. 1957 स. न्या. 797
3. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388

भारत में निम्नलिखित मुख्य अधिनियमों में पुण्यार्थ प्रयोजन को परिभाषित किया गया है—

(1) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम धारा 18

(2) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 धारा 118

(3) पुण्यार्थ विन्यास अधिनियम 1890 धारा 2

(4) आयकर अधिनियम 1961 धारा 2 (15)

(5) सम्पदा शुल्क अधिनियम 1953 धारा 2 (17)

(6) उपहार कर अधिनियम 1958 धारा 2 (वी) (ए)

(7) बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950 धारा 9

पुण्यार्थ परोपकारिता का परिणाम होता है जबकि धार्मिक विन्यास दया का। धार्मिक प्रयोजन निजी भी हो सकता है किन्तु पुण्यार्थ प्रयोजन कभी भी निजी नहीं होता। यह हमेशा सार्वजनिक होता है। दया एवं परोपकारिता दोनों का सह-अस्तित्व हो सकता है।

उद्देश्य की दृष्टि से न्यास को दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है—(1) लोक अथवा सार्वजनिक न्यास एवं (2) निजी न्यास। निजी न्यास का उद्देश्य निश्चित सीमित व्यक्तियों के हितार्थ होता है जबकि लोक न्यास का उद्देश्य अनिश्चित व्यक्तियों के हितार्थ होता है अर्थात् व्यक्तियों जिन्हें हितग्राही कहा जाता है, की संख्या की सीमा नहीं होती यद्यपि लोक न्यास का प्रयोजन धार्मिक एवं खैराती अथवा पुण्यार्थ अथवा पूर्व होता है किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि वे ही न्यास लोक न्यास की श्रेणी में आते हैं जिनके उद्देश्य खण्ड में सम्पूर्ण जनता की भलाई सम्मिलित हो। यदि किसी धार्मिक एवं पुण्यार्थ न्यास का सृजन किसी सम्प्रदाय द्वारा, वर्ग या सोसायटी विशेष के लिए किया गया है तो ऐसा न्यास भी लोक न्यास होगा।[1]

ऐक लोक न्यास का सृजन निम्नलिखित रूप में किया जा सकता है—

1. भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन एक सीमित दायित्व वाली कम्पनी के रूप में।[2]
2. सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अधीन एक रजिस्टर्ड सोसायटी के रूप में।[3]
3. एक मुसलमान द्वारा वकफ के रूप में।[4]

---

1. ओपनहेम व. रोवेको सिक्योरिटीज ट्रस्ट कं. लि. (1951) ए.सी. 297
2. आयकर आयुक्त व. इन्डियन चेम्बर आफ कामर्स (1971) 81 आई.ए.आर. 147 कल.
3. आयकर आयुक्त व. राधास्वामी सतसंग ए.आई.आर. 1954 इला. 291
4. उर्स : हजरत पीर मौहम्मद शाह साहिव रोजा कमिटी व. आयकर आयुक्त (1967) 3.आई.टी.आर. 490 स. न्या.

4. हिन्दु द्वारा विन्यास के रूप में ।[1]
5. एक न्यास के रूप में ।[2]

एक लोक न्यास की परिभाषा में धार्मिक या पुण्यार्थ या दोनों प्रयोजन हेतु निर्मित सोसाइटी सम्मिलित होती है ।[3] लोक धार्मिक या पुण्यार्थ का प्रयोजन लोक न्यास के समान नहीं होता है ।[4] लोक न्यास की परिभाषा में एक मंदिर सम्मिलित होता है ।[5] यह निश्चित करने के लिए कि क्या एक न्यास विशेष लोक न्यास की परिभाषा में आता है, हमें यह देखना होता है कि क्या लाभकारी हित के अनिश्चित एवं परिवर्तनशील निकाय में निहित है तथा क्या ऐसा स्थायी प्रकृति का है ।[6] लोक न्यास की निश्चित परिभाषा देना असम्भव है । लोक प्रयोजन को सिद्ध करने में, प्रत्येक मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों का ध्यानपूर्वक परीक्षण अपेक्षित होता है ।[7] एक न्यास लोक न्यास होता है जब वह जन हितार्थ हो या जनता के किसी वर्ग या श्रेणी जो व्यक्तियों का अनिश्चित एवं परिवर्तनशील निकाय है, के हितार्थ हो ।[8]

किसी सम्प्रदाय विशेष के सदस्यों के पोषण या योजनार्थ या उनको आश्रय देने हेतु निर्धारित सम्पत्ति लोक न्यास नहीं बन जाती वह निजी स्वामित्व की सम्पत्ति के अनुरूप है ।[9] एक महन्त की निजी सम्पत्ति हो सकती है ।[10]

यदि एक न्यास विलेख में न्यासकर्त्ता केवल यह कथन कि उसने अपने मकान में देवता को प्रतिष्ठित किया है तथा वह उनकी नियमित उपासना कर रही थी तथा यदि केवल ऐसे परिवार की उपासना हेतु ही न्यास का सृजन किया गया है तो निःसन्देह यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ऐसा विन्यास पूर्णतया निजी प्रकृति का है जिसमें जनता का कोई हित नहीं है ।[11]

किसी वसीयत में वसीयतकर्त्ता का यह कथन कि जब तक वह जीवित है सम्पत्ति का वह स्वामी रहेगा एवं उसकी मृत्यु के बाद शिवाला तथा ठाकुर द्वारा,

---

1. बिहार राज्य ब. चारूसिला दासी ए.आई.आर. 1995 स. न्या. 1002
2. आयकर आयुक्त ब. प्रमोद जैन ट्रस्ट (1971) 81 आई.टी.आर. 604 (दिल्ली)
3. सर्वेन्टस आफ इण्डियन सोसाइटी ब. चेरिटी कमिश्नर, बम्बई ए. आई. आर. बम्बई 12
4. ए.आई.आर, 1965 गुज. 181
5. रामलाल कालूराम मिश्रा ब. चेरिटी कमिश्नर, बम्बई 1961 नागला. ज. 337
6. ए.आई.आर. जे एण्ड के 42
7. ए.आई.आर. 1956 सन्या 294
8. सोमवन्ती ब. पंजाब राज्य ए.आई.आर. 1963 स. न्या. 161
9. ए.आई.आर. 1947 कल. 148
10. ,, ,, ,, 1922 पीसी 325
11. ,, ,, ,, 1963 सन्या 1022 धार्मिक न्यास बिहार राज्य ब. पाल्ट लाल ए.आई.आर. 1972 सन्या. 57

जिनका निर्माण उसने किया है तथा जिनको परलोक में उसकी आत्मा की शान्ति के लिए समर्पित किया है, के सिवाय उसकी सम्पत्ति समान अंश में उसके उत्तराधिकारी प्राप्त करेंगे। शिवाला तथा ठाकुर द्वारे की उपासना में होने वाला व्यय उनके साथ अनुलग्न मकान एवं दुकानों की आय में से दिया जाय तथा शेष आय शिवाला एवं ठाकुर द्वारे की मरम्मत में लगाई जाय एवं इसके बाद भी यदि शेष रहे तो पुण्यार्थ प्रयोजनों में व्यय की जाय न कि उनके व्ययों में। ऐसा लोक प्रकृति का न्यास है न कि परिवार के व्यक्तिगत सदस्यों के लाभ के लिए।[1]

न्यासी के अभाव में कोई न्यास विफल नहीं होता और यदि न्यास के प्रभावी होने से पूर्व न्यासी स्वीकार करने से इन्कार करता है तो आधिपत्य रखने वाला व्यक्ति प्रलक्षित न्यासी हो जाता है।[2]

न्यास या न्यासी शब्द आशय निश्चय करने में कुछ सीमा तक सहायक होते हैं किन्तु मात्र ऐसे शब्दों का प्रयोग किसी मामले में निर्णायक नहीं हो जाता।[3] इन प्रश्नों का उत्तर कि क्या सम्पत्ति पर निजी हक के समाप्त होने का आशय प्रकट होता था या उस सम्पत्ति को पूर्ण रूप से पुण्यार्थ प्रयोजन हेतु अन्तरण किया जाना आशयित था, केवल शब्दों के प्रयोग से इस प्रकार का आशय नहीं मालूम किया जा सकता। बौद्धिक विलेख से ही सच्चे आशय को जाना जा सकता है। इस प्रश्न का निश्चय करने के लिए कि क्या एक विन्यास सार्वजनिक विन्यास या निजी विन्यास है, यह मुख्य विन्दु निश्चय किया जाना चाहिये कि क्या संस्थापक का यह आशय था कि पूजा स्थल पर पूजा करने का अधिकार विनिर्दिष्ट व्यक्तियों को है अथवा सामान्य जनता को अथवा उसके किसी विनिर्दिष्ट वर्ग को। इस सिद्धान्त के अनुसार जब पारिवारिक मूर्ति की पूजा लिए सम्पत्ति समर्पित की जाती है तो वह निजी विन्यास होता है कि लोक विन्यास। क्योंकि इस परिवार के सदस्य ही उस देवता की पूजा करने का हक रख सकते हैं और ऐसा समूह एक सुनिश्चित समूह है। किन्तु यदि हितग्राही किसी परिवार के सदस्य अथवा विनिर्दिष्ट व्यक्ति नहीं हैं तो वह विन्यास लोक विन्यास माना जाता है जिसका आशय पूजा करने वालों के सामान्य निकाय के लाभ के लिए है।[4] किसी लोक न्यास के मामले में लाभकारी हित अनिश्चित एवं परिवर्तनशील निकास में निहित होता है तथा वह न्यास स्थायी प्रकृति का होता है यह वात कि अनिश्चित अथवा परिवर्तनशील निकाय जनता का केवल एक विशेष वर्ग या जाति है, न्यास को उसको सार्वजनिक

---

1. ए.आई.आर 1935 इला. 139
2. ,, ,, 1971 उड़ीसा 132
3. एम. दशरथरमानी रेड्डी व. डी. सुब्बाराव ए.आई.आर. 1957 स. न्या. 797
4. ए. आई. आर. 1959 स. न्या. 1002

प्रकृति से अपवर्जित नहीं कर देती।[1] ऐसे सभी मामलों में सिद्ध भार उस व्यक्ति पर होता है जो यह अभिकथन करता है कि वह संस्था लोक न्यास है।

शब्दों के उच्चारण से किसी न्यास का सृजन किया जा सकता है फिर भी यह प्रदर्शित किया जाना आवश्यक है कि सम्पत्ति द्वारा उस न्यास के बारे में अभिव्यक्त घोषणा की गई थी अथवा भाषा अथवा अभिव्यक्तियों का साक्ष्य नहीं है अथवा यदि कोई भाषा का साक्ष्य नहीं है जिससे कि न्यायालय अनुमान कर सके कि न्यास की घोषणा की गई थी कि या न्यास का सृजन किया गया था तब कार्य अथवा व्यवहार को साक्ष्य होना चाहिये तथा वह साक्ष्य स्पष्ट साक्ष्य होना चाहिये कि स्वयं को या अन्य किसी व्यक्ति को सम्पत्ति का स्वामी किसी अन्य के लिए सम्पत्ति का न्यासी बनाने का आशय समुचित निश्चय के साथ शब्दों अथवा कार्यों द्वारा इंगित किया जाना चाहिये। किसी धनराशि को केवल बहियों में जमा करना न्यास के सृजन हेतु पर्याप्त नहीं होता।[3] केवल दूसरों की ओर से सम्पत्ति धारण करने से न्यास नहीं बन जाता है। न्यास सृजन स्पष्ट शब्दों में होना चाहिये तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जानी चाहियें।[4]

धारा 2 (13) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 2 (4) : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

रजिस्टर-धारा 2 (12)

रजिस्टर से वे पुस्तकें अभिप्रेत हैं जो राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 16 के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 16 (2) के अधीन रखी जाती हैं।

धारा 2 (5) मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धार्मिक विन्यास-धारा 2 (13)

विन्यास में किसी संस्था या व्यक्ति के लिए किसी भूमि या धनराशि में एक शाश्वत प्रावधान का सृजन अन्तर्ग्रस्त है। यह विभिन्न हिंदु धार्मिक विन्यासों की धार्मिक अथवा पुण्यार्थ प्रयोजनों हेतु सम्पत्ति का समर्पण है। मंदिर एवं मठ दो मुख्य प्रकार की संस्थाएं हैं।

धार्मिक विन्यास दो प्रकार के होते हैं – लोक विन्यास एवं निजी विन्यास। लोक विन्यास में सम्पत्ति का समर्पण जनता के उपयोग अथवा लाभ के लिए होता

---

1. ए.आई.आर. 1957 स. न्या. 133
2. ए.आई आर 1928 बम्ब. ला रि. 97
3. सूनीराम व. अलगू नचियार कोइल ए.आई.आर. 1938 पी.सी. 259
4. महाराजा भगवत सिंह व. राजस्थान राज्य आर.एल.डब्ल्यु. 1977 पृ. 19
   मदन गोपाल व. राजा प्रतापसिंह आई.एल.आर. (1969) 14 राज. 444

है, किन्तु जब सम्पत्ति पारिवारिक देवता की पूजा के लिए पृथक् से रखी जाती है तथा जिसमें जनता हित नहीं रखती तो ऐसा विन्यास निजी विन्यास कहलाता है।

एक पुण्यार्थ विन्यास परोपकारिता का परिणाम है जबकि धार्मिक विन्यास दया का परिणाम होता है। दोनों ही दया एवं परोपकारिता का सह-अस्तित्वों हो सकता है किन्तु सभी पुण्यार्थ विन्यास धार्मिक विन्यास नहीं होते।

मन्दिर-धारा 2 (16)

इस अधिनियम में दी गई मन्दिर की परिभाषा बम्बई लोक न्यास 1958 में दी गई मन्दिर की परिभाषा के समान है। मन्दिर की परिभाषा में निम्नलिखित विन्दुओं पर बल दिया गया है—

(i) मन्दिर लोक धार्मिक उपासना का स्थल है।

(ii) यह हिन्दु समुदाय के प्रयोगार्थ समर्पित किया जाना चाहिये।

(iii) ऐसे स्थान का नाम मन्दिर ही हो यह आवश्वक नहीं है यदि कोई अन्य नाम भी है तो भी वह मन्दिर ही समझा जायेगा।

कोई स्थल मन्दिर कहलाने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उसमें मूर्ति हो। जहां उपासना (पूजा) की जाती है किन्तु मूर्ति नहीं है वे स्थान भी मन्दिर कहलाएंगे।

डा. बी. के. मुकर्जी के अनुसार मन्दिर में मूर्ति का विद्यमान होना आवश्यक है क्योंकि मन्दिर मूर्ति का निवास स्थल है[1] किन्तु सर्वोच्च न्यायालय[2] ने मन्दिर की परिभाषा के लिए दो आवश्यक तत्व बताए हैं—(1) यह एक लोक धार्मिक उपासना का स्थल है एवं (2) यह हिन्दु समुदाय अथवा उसके किसी वर्ग को धार्मिक पूजा के रूप में समर्पित होता है जो उसके हितार्थ अथवा अधिकार के रूप में प्रयोग किया जाता है। प्रस्तुत अधिनियम की परिभाषा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई परिभाषा के अनुरूप है। किन्तु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 में दी गई परिभाषा के अनुसार मन्दिर में मूर्ति की विद्यमानता आवश्यक है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के रामावतार व. विक्रय कर अधिकारी[3] एवं रामवक्श व. राजस्थान राज्य[4] के निर्णय पर आधारित है जिसमें कहा गया है कि मन्दिर की किसी विधिक परिभाषा के अभाव में इस शब्द को प्रचलित अर्थ में निर्वचन किया जाना चाहिये।

जब किसी व्यक्ति या परिवार को मन्दिर अनुदान किया गया है तथा उस परिवार ने मन्दिर को परिवार की सम्पत्ति माना है एवं उसके विभिन्न लाभों, चाहे

---

1. टेगोर लॉ लेक्चर्स ऑव हिन्दु ला ऑफ रिलिजियस एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट्स पृ.117
2. पी. एफ. सदावर्ती व. कमिश्नर. एच. आर. एण्ड सी. ई., ए. आई. आर. 1965 स. न्या. 510
3. ए. आई. आर.. 1961 स न्या. 1325
4. ,, ,, ,, 1963 ,, ,, 351

वे भेंट या किराये के रूप में हों, तो इस आधार पर उस परिवार को मन्दिर की निजी सम्पत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसमें हिन्दुओं को पूजा करने हेतु प्रवेश करने की स्वतन्त्रता दी गई है अथवा उस देवता ने उस क्षेत्र में बहुत प्रसिद्धि प्राप्त करली है अथवा वहां लोग वार्षिक मेला लगाते हैं। ये प्रमाण उस मन्दिर को लोक मन्दिर की संज्ञा देने हेतु पर्याप्त नहीं होते।[1] यह हिन्दु भावना के अनुरूप है कि किसी को मन्दिर में पूजा करने से वंचित नहीं किया जाय चाहे वह निजी मन्दिर ही क्यों न हो।

वैदिक युग में मन्दिर नहीं थे क्योंकि उपासना का गृह-स्वरूप था। हिन्दु मंदिर बौद्ध युग की देन है। गुप्त युग में मंदिरों का बहुत विकास हुआ, दक्षिण भारत में सर्वाधिक मन्दिर बने। महाबलिपुरम के मन्दिर सबसे प्रसिद्ध मन्दिर हैं जो पल्लव राजवन्श द्वारा बनाये गए थे उसके बाद मन्दिरों के निर्माण में निरन्तर वृद्धि होती गई।

मूर्तियां दो प्रकार की होती हैं—स्वयंभू एवं प्रतिष्ठा। स्वयंभू स्वयं अवतरित होती हैं जबकि प्रतिष्ठा की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा द्वारा की जाती है। फिर मूर्तियां लेप्या अर्थात धातु या मिट्टी की बनी हुई एवं दूसरी लेख्या अर्थात चित्रित की हुई होती हैं।

मूर्ति की स्थापना तथा उसको सम्पत्ति के समर्पण के साथ न्यास अथवा विधिक अर्थ में धार्मिक विन्यास अस्तित्व में आता है जिसे डिवटर कहा जाता है। हिन्दु मूर्ति विधिक व्यक्ति होती है।[2] मूर्ति के नाम से तथा उसके विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया जा सकता है। शैबायत, प्रबन्धक अथवा धर्म कर्म में मूर्ति का अभिरक्षण, एवं उसकी पूजा निहित होती है तथा उसको मूर्ति की सेवा एवं उसको सम्पत्ति के लाभ एवं संरक्षण का अधिकार होता है।

केवल मूर्ति की स्थापना से धार्मिक न्यास जिसे डिवटर कहा जाता है, का सृजन नहीं हो जाता। डिवटर के सृजन हेतु मूर्ति को सम्पत्ति का स्थायी समर्पण आवश्यक है। चूंकि मूर्ति एक निर्जीव व्यक्ति होती है अतः मूर्ति की ओर से सम्पत्ति को धारण करने एवं उसकी व्यवस्था तथा उपयोग करने हेतु किसी मानवीय अभिकर्त्ता का होना आवश्यक है। यह मानवीय अभिकर्त्ता शैबायत कहलाता है। अतः डिवटर के लिए तीन आवश्यक तत्व–मूर्ति, सम्पत्ति का स्थायी एवं पूर्ण समर्पण तथा शैबायत का होना आवश्यक है। समर्पण के सम्बन्ध में दो औपचारिकताएं क्रमशः संकल्प एवं उत्सर्ग एवं प्रतिष्ठा की जाती है। संकल्प से तात्पर्य कर्त्ता द्वारा सम्पत्ति के समर्पण से आशय की औपचारिक घोषणा से है। उत्सर्ग से अभिप्राय सम्पत्ति के स्वामित्व का औपचारिक त्याग से है। संकल्प से उद्देश्य लक्षित होता है। मन्दिर के समर्पण में प्रतिष्ठा उत्सर्ग का स्थान लेती है।[3]

1. ए.आई.आर. 1940 पी. सी. 7
2. देवकीनन्दन ब. मुरलीधर ए. आई. आर. 1957 उ. न्या. 133
3. वही

शैवायत शब्द शैवा से बना है जिसका अर्थ होता है सेवा एवं जो व्यक्ति मूर्ति की सेवा करता है वह शैवायत कहलाता है। वह व्यक्ति मूर्ति की सेवा के लिए अन्तिमत: उत्तरदायी होता है। डा. बी. के. मुकर्जी के अनुसार शैवायत मूर्ति का मानवीय सेवक और उसका प्रबन्धक तथा विधिक प्रतिनिधि होता है। तमिल एवं तेलगु जिलों में शैवायत को धर्मकर्त्ता एवं तंजोर तथा मालाबार जिलों में पंचायतदार कहा जाता है। शैवायत एवं पुजारी अथवा अर्चक में अन्तर है। पुजारी अथवा अर्चक शैवायत के कर्मचारी होते हैं। एक अर्चक न्यासी भी हो सकता है किन्तु प्रबन्ध के अधिकार न्यासी को भी होते हैं अर्चक को नहीं होते। डा. मुकर्जी के अनुसार शैवायत की अवधारणा में पद, सम्पत्ति कर्तव्य एवं व्यक्तिगत हित मिले हुए होते हैं।

शैवायत की नियुक्ति कर्ता द्वारा की जा सकती है यदि कर्ता किसी अन्य व्यक्ति को शैवायत नियुक्त नहीं करता तो शैवायत स्वयं उसमें निहित होती है तथा उसके मरणोपरांन्त उसके उत्तराधिकारी में न्यागमित होती है।[1] सन्तों की समाधि अथवा मकबरा को मन्दिर नहीं माना जा सकता चाहे उनमें पूजा होती हो।[2]

धारा 2 (17) बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

न्यासी धारा 2 (17)

इस अधिनियम में दी गई न्यासी की परिभाषा बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950 में दी गई परिभाषा के समानान्तर है।

न्यासी वह व्यक्ति होता है जिसमें या तो अकेले ही या अन्य व्यक्तियों के साथ सम्पत्ति निहित होती है। यदि सम्पत्ति निहित नहीं होती तो वह व्यक्ति न्यासी नहीं कहला सकता। सम्पत्ति का निहित होना अभिव्यक्त अथवा प्रलक्षित हो सकता है। यह स्थायी नहीं होकर अस्थायी भी हो सकता है। भारत में न्यासी सम्पत्ति का स्वामी नहीं होता। सम्पत्ति केवल प्रशासन एवं प्रबन्ध हेतु न्यासी में निहित होती है। न्यासी न्यास का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब न्यासी कार्य करता है तो न्यास कार्य करता है। निहित होने का अर्थ किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजन हेतु निहित होना है जिसका तात्पर्य यह है कि स्वामित्व का अन्तरण नहीं हुआ है।[3] शैवायत विधिक अर्थ में न्यासी नहीं होता किन्तु सामान्य अर्थ मे वह न्यासी के रूप में उत्तरदायी होता है।

विधि न्यासी पर न्यास के स्पष्ट एवं सही-सही लेखे रखने का कर्त्तव्य अधिरोपित करती है वह लेखों के लिए उत्तरदायी होता है। न्यायालय न्यासी की

---

1. प्रमथानाथ व. प्रद्युम्न कुमार ए. आई. आर. 1925 पी. सी. 139 राजकली कुंवर व. रामरतन पान्डे ए. आई. आर. 1955 स० न्या० 493
2. सरस्वति अमल व. रामगोपाल अमल ए. आई. आर. 1953 स० न्या० 491
3. फ्रूट्स एण्ड वेजीटेबल मर्चेन्ट्स एसो. व. दिल्ली इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट ए. आई.आर. 1957 स. न्या. 344

सद्भावना एवं ईमानदारी को ध्यान में रखते हुए उस की निरक्षरता के लिए रियायत दे सकता है। यदि न्यायालय को यह प्रतीत हो कि न्यासी ने न्यास भंग किया है जिसके लिए वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी है किन्तु यदि उसने ईमानदारी एवं उचित ढंग से कार्य किया है। एक न्यासी अपने सह-न्यासी की प्राप्तियों, कार्यों एवं दोषों के लिए उत्तरदायी नहीं होता। एक न्यासी स्वयं न्यास की सम्पत्ति नहीं खरीद सकता न ही वह अपनी सम्पत्ति न्यास को बेच सकता है। एक न्यासी को निजी सम्पत्ति न्यास की सम्पत्ति के साथ नहीं मिलानी चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो अपने ऊपर भारी सिद्ध भार लेता है कि न्यास से भिन्न कोई विशिष्ट सम्पत्ति उसकी निजी सम्पत्ति है।[1]

विशेषतः कम आय वाले मन्दिरों का पुजारीपन तथा न्यासीपन एक ही व्यक्ति में निहित हो सकता है।[2]

न्यास परिवार में न्यागत नहीं होते अतः उत्तराधिकारियों को यह स्वतन्त्रता है कि वे न्यास के न्यागमन की फिर से व्यवस्था करे। इसका कारण यह है कि हिन्दु विधि के अन्तर्गत उत्तराधिकार के सामान्य नियम न्यासीपन पर, जो कि एक सम्पत्ति नहीं है, लागू नहीं होते हैं। परिणामस्वरूप संस्थापक का उत्तराधिकारी या नामनिर्देशिती चाहे वह संस्थापक की विधवा हो, न्यासी के पद पर अन्य को नामांकित करने के लिए समर्थ होगी।[3]

एक व्यक्ति उत्तराधिकारी के साथ न्यासी भी हो सकता है। जहां किसी सम्पत्ति विशेष की सम्पूर्ण आय किसी मूर्ति अथवा धार्मिक पुण्यार्थ संस्था को प्रदान कर दी गई है तो वह पूर्ण समर्पण है एवं यह नहीं कहा जा सकता कि मूर्ति या धार्मिक अथवा पुण्यार्थ संस्था के पक्ष में केवल सम्पत्ति पर प्रभार का सृजन किया गया है। न्यासी न्यास सम्पत्ति का किसी भी रूप मे अन्तरण नही कर सकता।[4]

धारा 2 (18) : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 2 (7) : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

कार्यवाहक न्यासी-धारा 2 (18)

परिभाषा से स्पष्ट है कि कार्यवाहक न्यासी वह व्यक्ति होता है जो या तो अकेले ही अथवा अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ न्यास सम्पत्ति का प्रशासन करता है

---

1. ए. आई. आर. 1960 स. न्या. 100
2. वेंकटारमन व. एल. ए. थानगप्पा ए. आई. आर. 1972 मद्रा. 119
3. जयराम नेडी व. तिरुवधी 1972 एम. एल जे. 162
4. पंचायत श्री दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्वनाथजी व. श्री विष्णु प्रसाद आर. एल. डब्ल्यु. 1982 पृ. 243

तथा इसमें प्रबन्धक, मठ का प्रधान तथा राजस्थान के वाहर स्थित न्यास सम्पत्ति का प्रभारी भी सम्मिलित है। न्यासी एवं कार्यवाहक न्यासी में वहुत अन्तर है। एक व्यक्ति कार्यवाहक न्यासी हो सकता है किन्तु न्यासी नहीं हो सकता। परिभापा से स्पष्ट है कि कार्यवाहक न्यासी में न्यास सम्पत्ति निहित नहीं होती, वह केवल सम्पत्ति का प्रशासन करता है। महन्त सही अर्थ में न्यासी नहीं होता क्योंकि एक मठ के मामले मे सम्पत्ति संस्था में निहित होती है न कि महन्त में। एक न्यासी कार्यवाहक न्यासी हो सकता है किन्तु परिभाषा के अनुसार यह आवश्यक नहीं है कि एक कार्यवाहक न्यासी, न्यासी हो। प्रशासन से तात्पर्य सम्पत्ति के प्रभावी अधीक्षण एवं नियन्त्रण से है।

अध्याय 2

कतिपय लोक न्यासों की वैधता

धारा 3—संदिग्धता के आधार पर लोक न्यास शून्य नहीं :

किसी विधि, रिवाज अथवा प्रथा के होते हुए भी कोई लोक न्यास केवल इसी आधार पर शून्य नहीं होगा कि उन व्यक्तियों या उद्देश्यों, जिनके लाभार्थ उस न्यास का सृजन किया गया है, वे अनिश्चित हैं या निश्चित नहीं किए जा सकते हैं।

स्पष्टीकरण—कोई लोक न्यास जो ऐसे उद्देश्यों जैसे धार्मिक या पुण्यार्थ कार्यों के लिए सृजित किया गया है तो वह केवल इस आधार पर शून्य नहीं समझा जाएगा कि वे प्रयोजन जिसके लिए उसका सृजन किया गया है, अनिश्चित हैं या निश्चित नहीं किए जा सकते हैं।

इस आधार के अनुसार कोई न्यास संदिग्धता या अनिश्चितता के कारण शून्य नहीं होता है। ऐसे न्यास का भी पश्चातवर्ती धाराओं के अधीन न्यायालय द्वारा निष्पादन किया जाता है। पुण्यार्थ प्रयोजनों हेतु सृजित न्यास अवैध नहीं होता है यदि उसके विनिर्दिष्ट पुण्यार्थ उद्देश्यों का लाभ प्रदान करना न्यासी की इच्छा पर छोड़ दिया गया है।[1]

धारा 10 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 4—लोक न्यास इस आधार पर शून्य नहीं कि वह गैर-खैराती अथवा गैर-धार्मिक प्रयोजनों के लिए शून्य है।

कोई भी लोक न्यास जिसके कुछ उद्देश्य खैराती अथवा धार्मिक हैं तथा कुछ नहीं हैं तो ऐसा न्यास खैराती या धार्मिक प्रयोजन के सम्बन्ध में केवल इस आधार पर शून्य नहीं समझा जाएगा कि वह गैर-खैराती या गैर-धार्मिक प्रयोजन के सम्बन्ध में शून्य है।

व्याख्या—उपरोक्त प्रबन्ध से यह स्पष्ट है कि एक लोक न्यास का प्रयोजन खैराती अथवा धार्मिक होता है किन्तु यदि ऐसा कोई लोक न्यास सृजित किया गया है कि जिसके कुछ उद्देश्य खैराती या धार्मिक हैं किन्तु कुछ नहीं हैं तो वह केवल इसी आधार पर शून्य नहीं समझा जाएगा कि उसके कुछ प्रयोजन गैर-खैराती या

---

1. ए. आई. आर. 1956 कल. 160

गैर-धार्मिक हैं अर्थात् खैराती या धार्मिक प्रयोजनों के सम्बन्ध में वह वैध होगा और प्रवर्तित होगा। इससे यह स्पष्ट है कि गैर-खैराती या गैर-धार्मिक प्रयोजन हेतु ऐसा लोक न्यास शून्य होता है तथा उसका ऐसे प्रयोजनों हेतु प्रवर्तन नहीं किया जा सकता है।

खैराती विधि का सुनिश्चित सिद्धान्त यह है कि कोई प्रयोजन खैराती नहीं होता जब तक कि वह लोक लाभ को निर्दिष्ट नहीं हो। लोक लाभ का तत्त्व विधिक खैरात की आवश्यक शर्त है। एक निजी एवं लोक न्यास में मुख्य अन्तर यह है कि पूर्ववर्ती में लाभ के हकदार अभिनिश्चित व्यक्ति होते हैं जो एक निश्चित समय में अभिनिश्चित किए जा सकते हैं किन्तु पश्चात्वर्ती में लाभकारी हित व्यक्तियों के अनिश्चित तथा परिवर्तनशील निकाय में निहित होता है। जो या तो सम्पूर्ण जनता या जनता का बड़ा समुदाय हो। स्वयं के परिवार के सदस्यों की शिक्षा हेतु सृजित न्यास को लोक न्यास नहीं कहा जा सकता।[1]

धारा 11 बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 5—बाध्यता के अभाव में लोक न्यास शून्य नहीं :

किसी धार्मिक या पुण्यार्थ प्रयोजन हेतु एक लोक न्यास के रूप में सम्पत्ति का कोई भी व्ययन केवल इसी आधार पर शून्य नहीं समझा जाएगा कि ऐसे व्ययन के साथ ऐसी कोई बाध्यता संलग्न नहीं है जिसके द्वारा उस व्यक्ति से, जिसके पक्ष में व्ययन किया गया है, उसे धार्मिक या पुण्यार्थ उद्देश्य हेतु धारण करने की अपेक्षा की गई हो।[2]

धारा 12 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 6—विनिर्दिष्ट उद्देश्य की विफलता या सोसाइटी आदि के समाप्त हो जाने के कारण लोक न्यास शून्य नहीं :—

यदि कोई लोक न्यास किसी पुण्यार्थ या धार्मिक प्रवृत्ति के किसी विनिर्दिष्ट उद्देश्य अथवा पुण्यार्थ या धार्मिक प्रयोजन के लिए निर्मित किसी संस्था या संस्थान के लाभार्थ सृजित किया गया हो तो ऐसा न्यास इस बात के होते हुए भी किसी सामान्य पुण्यार्थ या धार्मिक प्रयोजन के लिए न्यास सम्पत्ति का विनियोग किए जाने का कोई अभिप्राय नहीं था, केवल निम्न कारणों से अवैध नहीं समझा जाएगा—

(क) कि विनिर्दिष्ट उद्देश्य जिसके लिए न्यास का सृजन किया गया था, का पालन असम्भव या असाधनीय हो गया है अथवा

(ख) कि वह सोसाइटी या संस्था अस्तित्व में नहीं है अथवा उसका अस्तित्व ही समाप्त हो गया है।

---

1. शिक्षा के लिए न्यास व. चन्द्रभान वोर 1972 महा. ला. स. 164
2. रेशम राय व. मुस-मैनी देवी ए. आई. आर. 1972 पट. 476

व्याख्या—इस धारा में यह उपबन्ध किया गया है कि कोई न्यास किसी विनिर्दिष्ट उद्देश्य की विफलता या सोसाइटी आदि का अस्तित्व समाप्त हो जाने के कारण शून्य नहीं हो जाएगा किन्तु न्यायालय उसका निष्पादन करेगा जैसा कि पश्चातवर्ती धाराओं में उपबन्धित है।

यह बात कि किसी वसीयत के अन्तर्गत निष्पादन ट्रस्ट का प्रशासन चलाने में विफल हो गए हैं, न्यास को अप्रवर्तनशील नहीं बना देगी क्योंकि एक न्यास, न्यास का प्रशासन चलाने वाले व्यक्ति के अभाव में विफल नहीं हो जाता है। कोई न्यास इस बात से प्रभावित नहीं होता कि न्यास के संस्थापक द्वारा नामांकित न्यासी न्यासी का कार्य करने एवं न्यास का प्रशासन चलाने से इन्कार कर देता है या मृत्यु अधिकार त्याग अथवा अयोग्यता या अन्य कारण से न्यास का निर्वहन करने हेतु असमर्थ हो जाता है। यह सिद्धान्त साम्यता पर आधारित है क्योंकि साम्यता किसी न्यासी के अभाव में न्यास को विफल हो जाने की कभी अनुमति नहीं देती। जनहित में यह आवश्यक है कि न्यास को जीवित रखने हेतु कोई उसका प्रशासन चलाए।[1]

धारा 13 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

---

1. वादीवेलु मुद्दालियर ब. कुपुस्वामी मुद्दालियार 1972 (1) एम. एल. जे. 265

अध्याय 3

अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति

धारा 7—देवस्थान आयुक्त

1. राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक अधिकारी नियुक्त करेगी जिसको देवस्थान आयुक्त कहा जाएगा और जो इस अधिनियम द्वारा या इसके उपबन्धों के अधीन या तत्समय प्रवर्तित किसी अन्य विधि के अधीन उस पर अधिरोपित कर्त्तव्यों एवं कृत्यों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सामान्य एवं विशेष आदेशों के अधीन रहते हुए प्रशासन पर अधीक्षण रखेगा तथा सम्पूर्ण राज्य में जहां तक यह अधिनियम विस्तारित है, इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करेगा।

2. राजस्थान राज्य के देवस्थान आयुक्त के नाम से आयुक्त एक सकल निगम होगा और शाश्वत उत्तराधिकार एवं एक सामान्य मुद्रा रखेगा तथा अपने निगमित नाम से उसके द्वारा या उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

व्याख्या—यह धारा देवस्थान आयुक्त की नियुक्ति के सम्बन्ध में है। देवस्थान आयुक्त को विधिक व्यक्ति की संज्ञा दी गई हैं अर्थात् वह प्राकृतिक व्यक्ति के समान अधिकार रखता है। वह सम्पत्ति प्राप्त कर सकता है उसे धारण कर सकता है तथा उसका व्ययन कर सकता है। उसके द्वारा या उसके विरुद्ध न्यायालय में वाद लाया जा सकता है। यही नहीं आयुक्त का पद शाश्वत उत्तराधिकार का पद बनाया गया है तथा उसकी एक सामान्य मुद्रा (सील) रखी गई है। आयुक्त पर राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों को समस्त राज्य में कार्यान्वित करने का दायित्व भी अधिरोपित किया गया है।

धारा 3 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 8—सहायक देवस्थान आयुक्त

राज्य सरकार इसी प्रकार—

(i) इतनी संख्या में जितनी वह समय-समय पर आवश्यक समझे, सहायक देवस्थान आयुक्तों की नियुक्ति कर सकेगी तथा

(ii) ऐसे क्षेत्र की स्थानीय सीमाएं परिनिश्चित करेगी जिनमें कि इस प्रकार से नियुक्त किया गया प्रत्येक सहायक आयुक्त अपनी अधि-

कारिता रखेगा तथा इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि द्वारा या अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा।

व्याख्या—राज्य सरकार द्वारा सहायक आयुक्तों की नियुक्ति राज पत्र में अधिसूचना द्वारा की जाएगी जैसा कि शब्द "इसी प्रकार" इंगित करते हैं। इसके पूर्व की धारा 7 (1) में देवस्थान आयुक्त की नियुक्ति का ढंग बताया गया है अत: ये सहायक आयुक्त की नियुक्ति के लिए भी धारा 7 (1) का अनुसरण किया जाएगा। प्रारम्भ में जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर खण्ड के लिए तीन सहायक आयुक्त नियुक्त किए गए थे किन्तु अब इनकी संख्या बढ़ाकर सात कर दी गई है जिनके मुख्यालय एवं कार्य-क्षेत्र आगे दिए गए हैं।

धारा 3 ए : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 9—अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी

इस अधिनियम के उपबन्धों का निष्पादन करने में आयुक्त एवं सहायक आयुक्तों को सहायता प्रदान करने हेतु राज्य सरकार निरीक्षकों तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों की ऐसे पदनाम के साथ नियुक्ति कर सकेगी तथा उनके लिए इस अधिनियम या तदधीन निर्मित नियमों अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन ऐसी शक्तियां, कर्तव्य एवं कृत्य, जैसा आवश्यक समझे समनुदेशित (assign) कर सकेगी।

परन्तु शर्त यह है कि राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा एवं ऐसी शर्तों, जैसी वह अधिरोपित करना उचित समझे, के अधीन, आदेश में विनिर्दिष्ट ऐसे अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, जो ऐसे आदेश में उल्लिखित हों, नियुक्त करने की शक्ति आयुक्त एवं सहायक आयुक्तों को प्रदान कर सकेगी।

धारा 10—आयुक्त एवं अन्य अधिकारी सरकार के लोक सेवक होना :

इस अधिनियम के अधीन नियुक्त आयुक्त, सहायक आयुक्त, निरीक्षक एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी राज्य सरकार के सेवक होंगे तथा अपना वेतन एवं भत्ते राज्य की समेकित निधि (Consolidated fund) से आहरित (Draw) करेंगे। ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा शर्तें वही होंगी जो राज्य सरकार द्वारा अवधारित (Determine) की जाए।

व्याख्या—इस धारा के अनुसार आयुक्त एवं अन्य अधिकारी राज्य सरकार के लोक सेवक होंगे। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 21 में लोक सेवक को परिभाषित किया गया है।

नियम 3 में यह क्रमबद्ध किया गया है कि इस अधिनियम के अन्तर्गत नियुक्त किए गए सभी कर्मचारियों की सेवा शर्तें राजस्थान सेवा नियमों के द्वारा विनियमित एवं शासित होंगी।

धारा 6 ए : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

———

अध्याय 4

बोर्ड एवं समितियों की स्थापना एवं उनके कृत्य

धारा 11—सलाहकार बोर्ड की स्थापना एवं गठन :

1. राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उन क्षेत्रों के लिए जिन पर तत्समय यह अधिनियम लागू होता है, एक सलाहकार बोर्ड की स्थापना करेगी जो राजस्थान लोक न्यास बोर्ड कहा जायगा एवं वह प्रत्येक हित का प्रतिनिधित्व करने वाले इतनी संख्या के सदस्यों से मिलकर बनेगा जैसा विहित किये जाएं ।

2. बोर्ड के समस्त सदस्य राज्य सरकार द्वारा राज पत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त किए जाएंगे तथा वे, जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पांच वर्ष की अवधि पर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।

3. राज्य सरकार बोर्ड के सदस्यों में से किसी एक को उसका सभापति नियुक्त करेगी ।

4. यदि बोर्ड का कोई सदस्य मृत्यु, त्यागपत्र हटाये जाने या अन्य किसी कारण से अपनी पूरी पदावधि तक पद धारण करने में असमर्थ हो जाय तो इस प्रकार हुए रिक्त स्थान को अन्य व्यक्ति की नियुक्ति करके भरा जा सकेगा तथा इस प्रकार नियुक्त किया गया व्यक्ति ऐसे रिक्त स्थान पर उस शेष अवधि तक ही कार्य करेगा जिस तक वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर अन्य व्यक्ति नियुक्त किया गया है, उस पद पर कार्य करता रहता ।

5. सभापति सहित बोर्ड के सदस्यों को बोर्ड की बैठकों में उपस्थित होने के लिए तथा विहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए बोर्ड से सम्बन्धित किन्हीं मामलों में किसी प्रकार की यात्रा करने के लिए यात्रा-भत्ता एवं अन्य भत्ते उन दरों से जो राज्य सरकार नियत करे, दिए जाएंगे ।

व्याख्या—राज्य सरकार को सम्पूर्ण राज्य के लिए एक राजस्थान लोक न्यास बोर्ड के गठन करने की शक्ति प्रदान की गई है । ऐसे बोर्ड में प्रत्येक वर्गाव-

लम्बियों के प्रतिनिधि होंगे। कुल सदस्यों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार भी राज्य सरकार को दिया गया है। बोर्ड के समस्त सदस्यों की पदावधि (कार्यकाल) पांच वर्ष रखी गई है। नियुक्त सदस्यों में से राज्य सरकार एक सदस्य को सभापति नियुक्त करेगी। पदावधि की समाप्ति से पूर्व किसी सदस्य का कतिपय कारणों से स्थान रिक्त होने की दशा में शेष अवधि के लिए ही दूसरा सदस्य नियुक्त किया जाएगा। सदस्यों को बैठकों आदि में उपस्थित होने के लिए नियमों द्वारा नियत दर से यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के अधीन नियम 4 में सलाहकार बोर्ड के सदस्यों की संख्या इक्कीस नियत की है जिसमें विभिन्न धर्मावलम्बियों के प्रतिनिधि हैं।[1] नियम 5 में बोर्ड के कार्यों व नियम 6 में सभापति व अन्य सदस्यों के यात्रा भत्ता नियम व दरें दी गई हैं। नियम 10 में बोर्ड के कार्य संचालन का तरीका तथा प्रक्रिया का वर्णन किया गया है। नियम 12 में बोर्ड के सदस्यों की अयोग्यताओं का वर्णन किया गया है। बोर्ड के सदस्यों को हटाने के सम्बन्ध में नियम 13 में व्यवस्था की गई है।

राज्य सरकार द्वारा गठित सलाहकार बोर्ड की संरचना इस प्रकार है—

1.	हिन्दु		19
	(क) जैन	4	
	(ख) सिख	1	
	(ग) अन्य हिन्दु	14	
2.	ईसाई		1
3.	जोरोस्ट्र		1
			21

हिन्दु संस्था अथवा हिन्दु की व्याख्या करने में लोक मान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा सुझाई गई परख अपनाई जानी चाहिये—वेदों को आदर के साथ स्वीकार करना, इस तथ्य को स्वीकार करना कि मुक्ति के साधन एवं मार्ग अनेक हैं तथा इस तथ्य को समझना कि पूजनीय देवताओं की संख्या अनेक है, ये ही वास्तव में हिन्दु धर्म की पहचान के चिन्ह हैं।[2] किन्तु इस विषय में संविधान के अनुच्छेद 25 के खन्ड (2) के साथ दी गई व्याख्या 2 को और अधिक व्यापक अर्थ

1. अधिसूचना सं. एफ. 3 एच. (19) रेवे/क/60 दि. जून 30, 1962।
2. शास्त्री यज्ञ पुरुषदासजी व. मूलदास सुन्दरदास वैश्य ए. आई. आर. 1966 स. न्या. 1119।

दिया गया है । इस व्याख्या द्वारा सिख, जैन एवं बौद्ध धार्मिक संस्थाओं को भी हिन्दु संस्थाओं में सम्मिलित किया गया है जबकि जैन और बौद्ध धर्मों के अनुयायी वेदों को स्वीकार नहीं करते और इस प्रकार तिलक की परिभाषा से बाहर हैं ।

यद्यपि इस धारा द्वारा बोर्ड की कार्यावधि पांच वर्ष निर्धारित की गई है, किन्तु समय पर बोर्ड का गठन नहीं हो पाता । पिछले बोर्ड का गठन दिसम्बर 1978 में किया गया था जिसकी कार्यावधि 1983 में समाप्त हो चुकी है किन्तु नए बोर्ड का गठन नहीं हुआ है । इसके कारण प्रशासकीय विलम्ब हो सकता है किन्तु विधान मण्डल का यह आशय कदापि नहीं हो सकता कि अधिनियम की प्रभावी क्रियान्विती नहीं हो । अतः यह उचित है कि इस धारा में संशोधन किया जाय जिसके अनुसार नए बोर्ड के गठन होने तक पूर्व में गठित बोर्ड कार्यावधि समाप्त हो जाने के बाद भी कार्य करता रहे ।

धारा 12—बोर्ड के कृत्य (Functions)

1. बोर्ड—

(अ) आयुक्त द्वारा इस अधिनियम के अन्तर्गत उसके कृत्यों के निर्वहन के सम्बन्ध में राज्य सरकार को अपनी राय देगा ।

(ब) इस अधिनियम में तथा तद्धीन निर्मित नियमों की कार्यान्विती में अनुभव की गई कठिनाईयों की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करेगा तथा उनमें संशोधन हेतु सुझाव देगा ।

(स) ऐसे विषयों पर विचार करेगा जो राज्य सरकार द्वारा बोर्ड को निदर्शित (Referred) किए जाएं तथा

(द) ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन करेगा जो विदित किए जायें ।

2. यदि कोई सहायक आयुक्त, अध्याय 6 एवं 7 के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों में से किन्हीं भी शक्तियों का प्रयोग किए जाने के सम्बन्ध में धारा 14 के अधीन निर्मित समिति द्वारा दी गई राय से असहमत हो, तो वह मामले को बोर्ड के पास प्रेषित करेगा ।

3. उक्त उपधारा 2 के अधीन निर्देशित किसी मामले में सहायक आयुक्त बोर्ड के निर्णयानुसार कार्यवाही करेगा ।

4. राज्य सरकार उक्त उपधारा 1 के खण्ड (अ) अथवा (ब) के अधीन बोर्ड से प्राप्त सम्पत्तियों पर विचार के पश्चात् जैसा उचित समझे, कार्यवाही कर सकेगी एवं विशेष रूप से आयुक्त को उसकी शक्तियों में से किन्हीं का भी उसके द्वारा प्रयोग किए जाने के सम्बन्ध में इस अधिनियम एवं तद्धीन नियमों से संगत (consistent) जैसा उचित समझे निर्देश जारी कर सकेगी ।

धारा-13 क्षेत्रीय सलाहकार समितियां

1. राज्य सरकार राज पत्र में अधिसूचना द्वारा सहायक आयुक्त की अधिकारिता क्षेत्र के भीतर क्षेत्र के लिये एक क्षेत्रीय सलाहकार समिति स्थापित करेगी जो प्रत्येक हित प्रतिनिधित्व करने वाले इतनी संख्या के सदस्यों से मिल कर बनेगी, जो विहित किए जायें।

2. इस समिति के समस्त सदस्य राज्य सरकार द्वारा राज पत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त किये जायेंगे तथा वे, जैसा अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाय ऐसी अधिसूचना की प्रकाशन की तारीख से पांच वर्ष की अवधि पर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।

3. राज्य सरकार समिति के सदस्यों में से किसी एक सदस्य को उसका सभापति नियुक्त करेगी।

4. यदि समिति का कोई सदस्य मृत्यु, त्याग पत्र, हटाये गये या अन्य किसी कारण से अपनी पूरी पदावधि तक पद धारण करने में असमर्थ हो जाय तो इस प्रकार हुए रिक्त स्थान दो अन्य व्यक्ति की नियुक्ति करके भरा जा सकेगा तथा इस प्रकार नियुक्त किया गया व्यक्ति ऐसे रिक्त स्थान पर उस शेष अवधि तक ही कार्य करेगा जिस तक वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर अन्य व्यक्ति नियुक्त किया गया है, उस पद पर कार्य करता रहता।

5. सभापति सहित समिति के सदस्यों को समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिये तथा विहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए समिति से सम्बन्धित किन्हीं मामलों में किसी प्रकार की यात्रा करने के लिये यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ते उन दरों से जो राज्य सरकार नियत करे, दिये जायेंगे।

व्याख्या—धारा 8 के अन्तर्गत नियुक्त सहायक आयुक्तों के अधिकारिता क्षेत्रों के लिये राज्य सरकार ने प्रथम क्षेत्रीय सलाहकार समितियों का गठन किया है, जो इस प्रकार है—

(1) 11 अगस्त 1962 को उदयपुर क्षेत्रीय सलाहकार समिति

(2) 17 अगस्त 1962 को जोधपुर क्षेत्रीय सलाहकार समिति

(3) 28 अगस्त 1962 को जयपुर क्षेत्रीय सलाहकार समिति

व्याख्या—अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत नियुक्त प्रत्येक सहायक आयुक्त के अधिकारिता क्षेत्र के लिए राज्य सरकार ने राज पत्र में अधिसूचना द्वारा एक सलाहकार समिति का गठन करने का प्रावधान किया है। समिति के सदस्यों की संख्या भी राज्य सरकार निर्धारित करेगी। सदस्यों की कार्यावधि राज पत्र में प्रकाशित अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की होगा। नियुक्त सदस्यों में से राज्य सरकार किसी एक को अध्यक्ष नियुक्त करेगी। बोर्ड के सदस्यों के पद रिक्त होने के समान ही समिति के सदस्यों के पद रिक्त होने पर शेष अवधि के लिये ही अन्य

व्यक्ति नियुक्त किया जायेगा। बोर्ड के सदस्यों की भांति अध्यक्ष व अन्य सदस्यों का यात्रा भत्ता व अन्य भत्ते मिल सकेंगे इसके लिये नियमों में व्यवस्था की गई है।

क्षेत्रीय सलाहकार समिति के लिये सदस्यों की संख्या जो विभिन्न धर्मावलम्बियों में से नामजद किये जायेंगे, का निर्धारण राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 7 में किया गया है। कुल 21 सदस्यों की संख्या निर्धारित की गई है इन सदस्यों व अध्यक्ष के यात्रा भत्ता आदि के लिये नियम 8 में व्यवस्था की गई है। कार्यों के बारे में नियम 9 में प्रावधान किया गया है। समिति के सदस्यों को हटाने के संबंध में नियम 13 में व्यवस्था की गई है। ऐसी समितियों के लिये कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति आदि की व्यवस्था नियम 15 मे की गई है। क्षेत्रीय सलाहकार समितियों की कार्यावधि समाप्त हो जाने के बाद भी उनका समय पर गठन नहीं हो पाता अतः इस धारा में संशोधन किया जाना चाहिये जिसके अनुसार पूर्व गठित समिति कार्यावधि समाप्त होने के पश्चात् भी नई समिति के गठन होने तक कार्य करती रहे।

धारा 14—समितियों के कृत्य

1. प्रत्येक समिति जिस क्षेत्र के लिए वह स्थापित की गई है उस क्षेत्र के सहायक आयुक्त को अध्याय 6 एवं 7 के मामलों के सम्बन्ध में सलाह देगी तथा धारा 12 की उपधारा 2 एवं 3 में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी सहायक आयुक्त ऐसे मामलों में राय प्राप्त किए बिना या ऐसी राय के विपरीत अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं करेगा।

2. प्रत्येक समिति अन्य ऐसे कृत्यों का जो विहित किये जायें, निर्वहन करेगी।

व्याख्या—उक्त समिति व सहायक आयुक्त के मतभेद के मामले को राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास बोर्ड के विचारार्थ एवं निर्देशनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा एवं बोर्ड की सम्मति के अनुसार प्राप्त निर्देशों के अधीन सहायक-आयुक्त अमल करेगा।

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम के अध्याय 6 व 7 में सहायक आयुक्त जो कार्य करेगा उन पर ऐसी प्रादेशिक सलाहकार समिति अपनी राय देगी, उसी के अनुसार कतिपय बातों के अलावा सहायक आयुक्त कार्यवाही करेगा।

धारा 15—बोर्ड एवं समितियों की कार्यवाहियों आदि का संचालन

1. बोर्ड या समिति की कार्यवाही का संचालन करने की रीति, उसके लिए अपेक्षित कर्मचारी तथा उसकी सेवा शर्तें एवं उनके सदस्यों का हटाया जाना राज्य सरकार द्वारा निर्मित नियमों के द्वारा नियत किया जाएगा।

2. बोर्ड या समिति का कोई सदस्य बोर्ड या समिति के समक्ष प्रस्तुत किसी ऐसे विषय पर चर्चा या मतदान में भाग नहीं लेगा यदि वह विषय किसी

विशेष धर्म से सम्बन्धित लोक न्यास के बारे में है तथा वह सदस्य उस धर्म का अनुयायी नहीं है।

व्याख्या—इस धारा में बोर्ड एवं क्षेत्रीय समिति द्वारा कार्यवाही के संचालन की प्रक्रिया का उपबन्ध किया गया है।

सलाहकार बोर्ड—नियम 10 में सलाहकार बोर्ड द्वारा बैठकों एवं अन्य कार्यवाहियों के संचालन करने में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की व्यवस्था करता है।

क्षेत्रीय समिति--नियम 11 क्षेत्रीय समिति द्वारा बैठकों यवं अन्य कार्यवाहियों के संचालन करने में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की व्यवस्था करता है।

बोर्ड एवं क्षेत्रीय समिति—नियम 15 में सलाहकार बोर्ड एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति के लिए सचिव एवं कर्मचारी वर्ग के अन्य सदस्यों की नियुक्ति की व्यवस्था की गई है। इसमें उक्त निकायों के आवर्ती एवं अनावर्ती व्ययों के पूरा करने की रीति का भी उल्लेख किया गया है। राज्य सरकार ने उप-सचिव, राजस्व विभाग को राजस्थान लोक न्यास बोर्ड का पदेन-सचिव नियुक्त किया है।[1]

बोर्ड एवं क्षेत्रीय समिति के सदस्य—नियम 12 के कोई व्यक्ति सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए निरर्हित होगा यदि वह–

(क) 21 वर्ष से कम आयु का है, या

(ख) नैतिक अधमता के किसी अपराध में आपराधिक न्यायालय द्वारा सुपुर्द किया गया है, या

(ग) विकृत चित्त का है एवं किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया है या

(घ) अनुन्मोचित दिवालिया है या

(ङ) दुर्व्यवहार का दोषी है

(च) दुर्व्यवहार का दोषी है या

(छ) उस धर्म या आस्था का जिसका वह बोर्ड या समिति में प्रतिनिधित्व करता है, अनुयायी नहीं रहता।

(ज) निरक्षर है या

(झ) अन्यथा अयोग्य है।

बोर्ड एवं क्षेत्रीय समिति के सभापति एवं सदस्य—नियम 13 राज्य सरकार को शक्तियां प्रदान करता है एवं उन परिस्थितियों को प्रमाणित करता है जब बोर्ड या क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सभापति या सदस्य हटाये जा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा पद से हटाने के पूर्व सम्बद्ध व्यक्ति को 'कारण बताओ' का अवसर देना आवश्यक है। राज्य सरकार का विनिश्चय अन्तिम होगा।

---

1. अधिसूचना स. एफ 3 (एच) (19) रेवे/स/60 दिनांक 13-6-82

त्याग पत्र—नियम 14 में यह व्यवस्था है कि अध्यक्ष या कोई सदस्य लिखित रूप में अपने पद का त्याग कर सकते हैं, त्याग पत्र राज्य सरकार को सम्वोधित किया जाएगा। इस नियम के परन्तुक के अनुसार त्याग पत्र के बाद भी वह अपने पद पर बना रहेगा जब तक कि उसके उत्तराधिकारी की नियुक्ति राज पत्र में अधिसूचित नहीं की जाती।

इस धारा की उपधारा 2 विशेष महत्त्व की है। इसमें यह व्यवस्था की गई है कि यदि किसी विशेष धर्म से सम्बन्धित लोक न्यास के विषय में कोई विचार-विमर्श अथवा मतदान बोर्ड या समिति में चल रहा हो तो बोर्ड या समिति का कोई ऐसा सदस्य जो उस धर्म का मानने वाला नहीं है, तो वह ऐसे विचार-विमर्श या मतदान में भाग नहीं ले सकेगा। इससे स्पष्ट है कि सामान्य प्रकृति के विषयों पर विचार-विमर्श अथवा मतदान में बोर्ड या समिति के सभी सदस्य भाग ले सकेंगे किन्तु विशेष धर्म या मत से सम्बन्धित न्यास पर विचार-विमर्श अथवा मतदान में केवल उस धर्म अथवा मत के मानने वाले सदस्य ही भाग ले सकेंगे।

———

अध्याय 5

लोक न्यासों का पंजीकरण

धारा 16—पंजीकरण का प्रभारी अधिकारी

1. सहायक आयुक्त ऐसे समस्त लोक न्यासों, जिनके मुख्यालय या जिनके कार्य के मुख्य स्थान जैसे कि वे धारा 17 की उपधारा 1 के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन में घोषित किए गए हैं, उसकी अधिकारिता क्षेत्र की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित हैं, के पंजीकरण का प्रभारी अधिकारी होगा।

2. सहायक आयुक्त लोक न्यासों का एक रजिस्टर तथा अन्य ऐसी पुस्तकें एवं रजिस्टर ऐसे प्रपत्र में, जो विहित किए जाएं, रखेगा।

व्याख्या—सहायक आयुक्त द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर एवं पुस्तकों का विवरण नियम 16 में दिया गया है। उक्त उपधारा (1) में अधिकारिता के सिद्धान्त निर्धारित किए गए हैं। अधिकारिता दोनों में से किसी एक तथ्य पर निर्भर है—(i) जहां पर लोक न्यास का मुख्यालय स्थित है अथवा (ii) जहां पर न्यास के कार्य का मुख्य स्थान स्थित है। किन्तु मुख्यालय तथा कार्य का मुख्य स्थान अधिनियम में परिभाषित नहीं किया गया है। अतः इनका सामान्य अर्थ किया जाना चाहिये। अतः एक न्यास का पंजीकरण वहां किया जाएगा जहां पर या तो न्यास का मुख्यालय स्थित है या फिर उस न्यास के कार्य का मुख्य स्थान वहां पर है। यदि उस न्यास का मुख्यालय या कार्य का स्थान दोनों ही राजस्थान में स्थित नहीं है तो उस न्यास के राजस्थान में पंजीकरण की अपेक्षा नहीं है भले ही उस न्यास की सम्पत्ति चाहे छोटी हो या बड़ी राजस्थान में स्थित हो। पंजीकरण अधिकारी की अधिकारिता हेतु सम्पत्ति का स्थित होना महत्त्वपूर्ण नहीं है किन्तु न्यास के मुख्यालय अथवा कार्य के मुख्य स्थान का स्थित होना महत्त्वपूर्ण है। जिस राज्य में न्यास स्थित है उसी राज्य की विधि उस न्यास पर लागू होगी भले ही उस न्यास की सम्पत्ति उस राज्य के बाहर स्थित हो।[1] किसी मठ, जिसके अधीन अन्य मठ हैं, पे न्यास की स्थिति निर्धारित करने में उस मुख्य मठ की स्थिति देखी जाएगी और उसी

---

1. अनन्त प्रसाद व. आन्ध्रप्रदेश राज्य ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 853

के अनुसार अधिनियम लागू होगा।[1] अधिनियम को लागू करने के लिए दो अनिवार्यताएं पूरी करना आवश्यक है—(1) धार्मिक न्यास अथवा संस्था उसी राज्य में स्थित हो तथा (2) उस न्यास की सम्पत्ति का भाग उस राज्य में स्थित हो।[2]

धारा 17—लोक न्यासों का पंजीकरण

1. किसी लोक न्यास पर इस धारा के लागू होने की तारीख से तीन माह के भीतर या किसी लोक न्यास के सृजन की तारीख से, जो भी पश्चात् हो, उसका कार्यवाहक न्यासी अधिकारिता रखने वाले सहायक आयुक्त को ऐसे लोक न्यास के पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा।

2. सहायक आयुक्त कारणों को लेखबद्ध करने पर पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की उपधारा 1 में विहित अवधि, 2 वर्ष से अधिक नहीं, बढ़ा सकेगा।

3. प्रत्येक ऐसा आवेदन पत्र शुल्क, यदि कोई हो, किन्तु जो 5 रु. से अधिक होगा, के साथ प्रस्तुत किया जाएगा तथा उसका उपयोग ऐसे प्रयोजन हेतु होगा जो विहित किया जाए।

4. आवेदन पत्र ऐसे प्रारूप में होगा जो विहित किया जाए तथा उसमें निम्नलिखित विवरण होंगे अर्थात्—

(i) उस लोक न्यास का उद्गम (जहां तक ज्ञात हो) उसी प्रकार एवं उद्देश्य तथा पदनाम जिसके द्वारा वह पुकारा जाता है या पुकारा जाएगा;

(ii) स्थान का नाम जहां इस लोक न्यास का मुख्यालय स्थित है;

(iii) कार्यवाहक न्यासियों तथा प्रबन्धक के नाम एवं पते;

(iv) न्यासी के पद के उत्तराधिकार की रीति;

(v) चल एवं अचल न्यास सम्पत्ति की सूची तथा ऐसा वर्णन एवं विवरण जो उसकी पहिचान के लिए पर्याप्त हो;

(vi) चल एवं अचल सम्पत्ति का लगभग मूल्य;

(vii) चल एवं अचल सम्पत्ति या किसी अन्य स्रोत से प्राप्त सकल औसत वार्षिक आय, यदि कोई हो, जो आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख से तत्काल पूर्व 3 वर्ष के भीतर वास्तविक सकल वार्षिक आय पर आधारित हो अथवा न्यास के सृजन में व्यतीत अवधि की, जो कोई भी अवधि कम हो तथा लोक न्यास की दशा में नव निर्मित सभी ऐसे स्रोतों से अनुमानित सकल वार्षिक आय;

---

1. चेरिटी कमिश्नर, बम्बई व. सांगेरी मठ ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 566 महाराज कुमार उमेदश्वरी कुंअर व. बिहार राज्य 1960 स. न्या. ?
2. बिहार राज्य व. चारूशिला दासी ए. आई. आर. 1959 स. न्या. 1002

(viii) ऐसे लोक न्यास के सम्बन्ध में औसत वार्षिक व्यय की राशि जो खण्ड (viii) के अन्तर्गत विवरणों से सम्बन्धित अवधि के भीतर अनुमानित की गई है तथा नवनिर्मित लोक न्यास की दशा में ऐसे लोक न्यास का अनुमानित वार्षिक व्यय;

(ix) पता जिस पर कार्यवाहक न्यासी या प्रबन्धक को लोक न्यास के सम्बन्ध में कोई संवाद भेजा जा सके;

(x) ऐसे अन्य विवरण जो विहित किए जाएं।

किन्तु शर्त यह है कि निर्मित नियमों में यह विहित किया जा सकेगा कि किसी भी या सभी लोक न्यासों के मामले में इतने मूल्य एवं ऐसे प्रकार की न्यास सम्पत्ति जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाए, के विवरण देना आवश्यक नहीं होगा।

5. उपधारा (1) के अन्तर्गत दिया गया प्रत्येक आवेदन पत्र सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम v) में वाद पत्रों के हस्ताक्षर करने एवं सत्यापित करने हेतु अधिकथित रीति के अनुसार हस्ताक्षरित एवं सत्यापित होगा। इसके साथ न्यास के विलेख (यदि ऐसा विलेख निष्पादित किया गया है तथा विद्यमान है) की एक प्रति संलग्न की जाएगी तथा यदि न्यास सम्पत्ति में अधिकार अभिलेख में प्रविष्ट अचल सम्पत्ति सम्मिलित है तो ऐसे अधिकार अभिलेख में ऐसी सम्पत्ति के सम्बन्ध में सुसंगत प्रविष्टियों की एक प्रति भी संलग्न की जाएगी।

6. कोई भी सहायक आयुक्त किसी ऐसे लोक न्यास के पंजीकरण हेतु किए गए आवेदन पत्र पर आगे कार्यवाही नहीं करेगा यदि उस लोक न्यास के सम्बन्ध में पंजीकरण हेतु अन्य किसी सहायक आयुक्त के समक्ष आवेदन-पत्र किया जा चुका है तथा जिस सहायक आयुक्त के समक्ष ऐसा प्रथम आवेदन पत्र दिया गया है। वह निर्णय करेगा कि उस लोक न्यास के पंजीकरण हेतु कौनसा सहायक आयुक्त अधिकारिता रखता है।

7. उस सहायक आयुक्त जिसके समक्ष उपधारा 6 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, द्वारा उपधारा 6 के अन्तर्गत दिए गए आदेश के विरुद्ध 60 दिन के भीतर आयुक्त को अपील की जा सकेगी तथा ऐसी अपील के निर्णय उपधारा 6 के अधीन सहायक आयुक्त का आदेश अन्तिम होगा।

व्याख्या—इस धारा में लोक न्यास के पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। बम्बई लोक न्यास की तत्समान धारा उच्च न्यायालय में विचारार्थ प्रस्तुत हुई। यह अभिनिर्धारण किया गया कि इस धारा के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के विपरीत नहीं हैं और न ही वे राज्य विधान मण्डल की सक्षमता से परे हैं।[1] सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की।[2]

---

1. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1953 बम्ब. 242
2. वही, ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388

धारा 17(3) संविधान शुल्क एवं कर में अन्तर किया गया है। कर सामान्य राजस्व के प्रयोजनार्थ बनाया जाता है जो एकत्रित करने पर राज्य की सार्वजनिक आय का अंग होता है। इसके विपरीत शुल्क व्यक्ति द्वारा प्राप्त किए जाने वाले विशेष लाभ या विशेषाधिकार के लिए भुगतान है। प्रश्नाधीन शुल्क एक प्रकार का अंशदान है जो राजस्थान सरकार द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से लोक न्यासों को की गई सेवाओं में होने वाले व्ययों की पूर्ति के लिए है। नियम 18 के अन्तर्गत समेकित निधि में राशि का जमा कराना पर्याप्त प्रमाण नहीं है कि इस प्रकार का उद्ग्रहण (levy) धारा 17 (3) के अन्तर्गत कर है। चूंकि शुल्क द्वारा प्राप्त आय देवस्थान विभाग पर किए जाने वाले व्ययों से कई गुना कम है अतः यह शुल्क होगा एवं धारा 17(3) अवैध नहीं है।[1]

जिस उद्देश्य के लिए 'केसरी एवं मराठा' न्यास की स्थापना की गई थी वह केवल उन गतिविधियों को जारी रखना था जिनके लिए लोकमान्य तिलक ने दो समाचार पत्र प्रारम्भ किए थे। न्यास विलेख के अनुसार ये गतिविधियां राजनीतिक शिक्षा के प्रसार के लिए थीं तथा उसके द्वारा लोगों को उनके राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना लोकमान्य के इन समाचार पत्रों का उद्देश्य था। राजनीतिक उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रचार एक राजनीतिक प्रयोजन है उसे पुण्यार्थ प्रयोजन नहीं कहा जा सकता किन्तु यह सामान्य जन उपयोगिता के किसी अन्य उद्देश्य की उन्नति के लिए है, अतः न्यास का पंजीकरण अपेक्षित था।[2]

न्यास के पंजीकरण हेतु आवेदन प्रारूप संख्या 6 में होगा तथा नियम 16 के साथ पठित धारा 17(4) में वर्णित विवरण अन्तर्विष्ट होंगे। यह हस्ताक्षरित एवं सत्यापित होगा जैसाकि सिविल प्रक्रिया संहिता में वाद-पत्रों के हस्ताक्षर करने एवं सत्यापन करने हेतु अधिकथित किया गया है तथा उस पर नियम 18 के अनुसार पंजीकरण शुल्क का भुगतान किया जाएगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र नियम 19 में प्रदत्त प्रारूप में जारी किया जाएगा।

प्रारम्भ में न्यास विलेख के निष्पादन में मकान सम्पत्ति का एक भाग सम्मिलित नहीं था किन्तु बाद में समझौता डिक्री द्वारा सम्पूर्ण मकान न्यास की विषय वस्तु बना दिया गया। यद्यपि समझौता डिक्री पंजीकरण रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अन्तर्गत आवश्यक नहीं होता किन्तु न्यास अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत पंजीकरण कराना आवश्यक है।[3]

---

1. राजस्थान राज्य व. सज्जनलाल पूंजावत ए. आई. आर. 1935 स. न्या. 706
2. लक्ष्मन बलवन्त भोपतकर व. चेरिटी कमिश्नर, बम्बई ए. आई. आर. 1962 स. न्या. 1589
3. सतीशकुमार बनर्जी व. श्रीमती कान्चन देवी 1969 पट. ला.जर. 583

एक निगम न्यासी का कार्य कर सकता है यदि उसके संगम ज्ञापन का उद्देश्य खण्ड अनुमति देता है तथा ऐसे निगम का बम्बई लोक न्यास अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन अनिवार्य है।[1]

अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में गैर-वसीयती विलेख द्वारा घोषित न्यास का पंजीकरण अनिवार्य है। संविदे के रूप में प्रवर्तनीय करार के पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होती। अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सृजित न्यास का पंजीकरण आवश्यक है जिससे कि न्यासी स्पष्ट हक अन्तरण कर सके।[2]

एक न्यासी न्यासी का पद स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होता किन्तु यदि वह न्यासी बनना स्वीकार करता है तो सम्पूर्ण न्यास सम्पदा के लिए उत्तरदायी होता है न कि उसके किसी भाग के लिए।[3]

जिस राज्य में न्यास स्थित है उस राज्य की न्यास विधि न्यास पर लागू होगी चाहे उस न्यास सम्पत्ति का कोई भी छोटा या बड़ा भाग उस राज्य से बाहर स्थित हो। ऐसे न्यास का राजस्थान में पंजीकरण आवश्यक नहीं है।[4]

धारा 18–पंजीकरण हेतु जांच

1. धारा 17 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त होने पर या किसी लोक न्यास में हित रखने वाले किसी व्यक्ति द्वारा कोई आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर अथवा स्वप्रेरणा से सहायक आयुक्त निम्नलिखित प्रयोजनार्थ विहित रीति से जांच करेगा—

(i) कि क्या कोई न्यास वास्तव में अस्तित्व में है या क्या ऐसा न्यास लोक न्यास है ?

(ii) कि क्या कोई सम्पत्ति ऐसे न्यास की सम्पत्ति है ?

(iii) कि क्या न्यास की सम्पूर्ण विषय-वस्तु या उसका कोई सारपूर्ण भाग उसकी अधिकारिता के भीतर स्थित है ?

(iv) ऐसे न्यास के कार्यशील न्यासियों एवं प्रबन्धक के नाम एवं पते

(v) ऐसे न्यास के न्यासी के पद के उत्तराधिकार की रीति

(vi) ऐसे न्यास का उद्गम, प्रवृत्ति एवं उद्देश्य

(vii) ऐसे न्यास की सकल औसत वार्षिक आय एवं व्यय की राशि एवं

(viii) धारा 17 की उपधारा 4 के अधीन प्रस्तुत किए गए किन्हीं अन्य विवरणों की सत्यता अथवा असत्यता।

---

1. अखिल देशस्थ ऋगवेदी ब्राह्मनिन मध्यवारी मंडल व. जोराष्ट्र चेरिटी कमिश्नर, महाराष्ट्र स्टेट 74 बम्ब. ला. रि. 337
2. बनारसीलाल राजगोरहिया व. सैण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया 76 सी डब्ल्यू एन 807
3. पी. मानावाला चेट्टी व. पी. रामानुगम चेट्टी 1971 (1) एम एल जे 127
4. बनवारीलाल व. भगवती प्रसाद 1975 डब्ल्यू. एन. एन. (यू सी.) 257

2. सहायक आयुक्त उपधारा 1 के अन्तर्गत की जाने वाली जांच की सार्वजनिक सूचना विहित रीति से देगा तथा उस न्यास में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों से ऐसे न्यास के सम्बन्ध में 60 दिन के भीतर आपत्तियां यदि कोई हों, आमन्त्रित करेगा ।

व्याख्या—नियम 20 में एक लोक न्यास के पंजीकरण हेतु जांच की प्रक्रिया को अभिकथित किया गया है । जांच के लिए सार्वजनिक सूचना प्रारूप 7 में होगी तथा नियम 21 में अधिकथित रीति से दी जाएगी । अतिरिक्त जांच की प्रक्रिया नियम 23 में दी गई है । एक व्यक्ति, जो इस धारा के अन्तर्गत कार्यवाहियों में पक्षकार नहीं है, द्वारा उस सम्पत्ति जो दान दी गई थी एवं न्यास सम्पत्ति बन गई थी, के विभाजन एवं अलग अधिपत्य के लिए प्रस्तुत किया वाद धारा 73 द्वारा वर्जित नहीं है ।[1]

धारा 19 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 5 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 19—सहायक आयुक्त का निष्कर्ष

धारा 18 के उपबन्धों के अन्तर्गत की जाने वाली जांच के पूरा होने पर सहायक आयुक्त उक्त धारा में उल्लिखित विषयों के सम्बन्ध में कारण सहित अपना निष्कर्ष लेख बद्ध करेगा ।

धारा 20—अपील

कोई भी कार्यवाहक न्यासी या लोक न्यास या कोई भी सम्पत्ति जो न्यास की सम्पत्ति होना पाई जाय, में हित रखने वाला व्यक्ति धारा 19 के अन्तर्गत सहायक आयुक्त के निष्कर्ष से असन्तुष्ट होने पर सहायक आयुक्त के सूचना पट्ट पर उसके प्रकाशन की तारीख से 2 माह के भीतर ऐसे निष्कर्ष के निरस्त या रूपांतरित करने हेतु आयुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेगा ।

व्याख्या—धारा 19 के अन्तर्गत सहायक आयुक्त द्वारा दिये गए आदेश के विरुद्ध आयुक्त के समक्ष अपील होती है । यह धारा 19 के अन्तर्गत दिए गए निष्कर्ष के सहायक आयुक्त के सूचना पट्ट पर प्रकाशित होने की तारीख से 2 माह के भीतर प्रस्तुत की जा सकती है । एक आवेदन अपील नहीं है जब हटाने की शक्ति नहीं दी गई है । यह अभिनिर्धारित करके कि एक आवेदन में अपील सम्मिलित होती है, विधान मण्डल द्वारा प्रयुक्त शब्दों के अर्थ को विकृत करना उचित नहीं होगा । न्यायालय को विधान मंडल द्वारा प्रयुक्त शब्दों को उसी रूप में ग्रहण करना चाहिए तथा उनको विकृत करने का प्रयास नहीं करना चाहिये ।[2]

---

1. श्री आदिनाथ तीर्थंकर जैन मन्दिर व. शान्तप्पा दादा मदनायक ए. आई. आर. 1967 बम्ब. 86
2. चेरिटी कमिश्नर, बम्बई व. चन्द्रकान्त हरनामदास 1964 गुज. ला. रि. 95

धारा 21—रजिस्टर में प्रविष्टियां

1. सहायक आयुक्त धारा 19 के अन्तर्गत उसके द्वारा अभिलिखत निष्कर्षों के अनुसार अथवा यदि धारा 20 के अन्तर्गत अपील की गई है तो ऐसी अपील पर आयुक्त द्वारा दिए गए विनिश्चय के अनुसार रजिस्टर में प्रविष्टियां कराएगा तथा रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों का अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर तथा ऐसे नगर, कस्बे या गांव में जहां कि लोक न्यास का मुख्यालय या कार्य का मुख्य स्थान है, सहज दृश्य स्थान पर प्रकाशन कराएगा।

2. इस प्रकार की गई प्रविष्टियां इस अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए तथा इस अधिनियम के किसी उपबन्ध या तद्धीन निर्मित किसी नियम में किये गये किसी परिवर्तन के अधीन रहते हुए अन्तिम एवं निश्चायक होंगी।

व्याख्या—धारा 17 के अन्तर्गत प्राप्त पंजीकरण हेतु आवेदनों की धारा 18 के उपबन्धों को दृष्टिगत रखते हुए जांच के पश्चात सहायक आयुक्त धारा 19 के अन्तर्गत अपना निर्णय देगा। यदि आयुक्त को अपील की गई हो तो उनके द्वारा दिये गये निर्णय एवं सहायक आयुक्त द्वारा धारा 19 के अन्तर्गत दिए गए निर्णय की विहित रजिस्टर में प्रविष्टि करवाएगा। प्रविष्ठियों की एक प्रति अपने कार्यालय के सूचना-पट्ट पर भी लगवाएगा तथा न्यास के मुख्य स्थान पर भी सहज दृश्य स्थान पर उसकी एक प्रति लगाई जायेगी।

धारा 22—धारा 21 के अन्तर्गत की गई प्रविष्टियों के विरुद्ध सिविल वाद :

1. कोई भी कार्य एक न्यासी या लोक न्यास या उसकी किसी सम्पत्ति में हित रखने वाला व्यक्ति धारा 21 के अन्तर्गत की गई किसी प्रविष्टि से असन्तुष्ट होने पर धारा 21 की उपधारा (1) के अन्तर्गत सहायक आयुक्त के कार्यालय सूचना पट्ट पर प्रविष्टि को निरस्त या रूपान्तरित कराने के लिए सिविल न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर सकेगा।

2. ऐसे प्रत्येक वाद में सिविल न्यायालय सहायक आयुक्त के मार्फत राज्य सरकार को सूचना देगा तथा राज्य सरकार यदि ऐसा चाहे, तो वाद का एक पक्षकार बना ली जाएगी।

3. वाद के अन्तिम विनिश्चय पर सहायक आयुक्त यदि आवश्यक हुआ तो रजिस्टर में की गई प्रविष्ठियों को ऐसे विनिश्चय के अनुसार शुद्ध करेगा।

धारा 23—संशोधन

1. यदि रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों में कोई परिवर्तन होता है तो कार्य-वाहक न्यासी ऐसे परिवर्तन की तारीख से 90 दिन के भीतर ऐसे परिवर्तन की

रिपोर्ट निहित प्रपत्र में एवं तरीके से सहायक आयुक्त को करेगा अथवा यदि ऐसे लोक न्यास के प्रशासन के हित में ऐसी प्रविष्टियों में कोई परिवर्तन वांछनीय है तो कार्यवाहक न्यासी विहित प्रपत्र में एवं विहित तरीके से ऐसे परिवर्तन या प्रस्तावित परिवर्तन की रिपोर्ट सहायक आयुक्त को कर सकेगा।

2. सहायक आयुक्त रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों की शुद्धता के सत्यापन के प्रयोजन हेतु या यह निश्चित करने के लिए कि रजिस्टर में अभिलिखित विवरणों में कोई परिवर्तन हुआ है या नहीं, जांच कर सकेगा।

3. उपधारा (1) के अन्तर्गत रिपोर्ट प्राप्त होने पर अथवा उपधारा (2) के अन्तर्गत ऐसी जांच जैसी वह आवश्यक समझे, करने के पश्चात् यदि सहायक आयुक्त इस बात से संतुष्ट है कि विशिष्ट लोक न्यास के सम्बन्ध में रजिस्टर में अभिलिखित प्रविष्टियों में से किसी में कोई परिवर्तन हो गया है अथवा परिवर्तन करना आवश्यक है तो वह अपना निर्णय कारण सहित लेखबद्ध करेगा तथा धारा 29 के उपबन्ध ऐसे निष्कर्ष पर उसी प्रकार लागू होंगे जैसे कि वे धारा 19 के अन्तर्गत निष्कर्षों पर लागू होते हैं।

4. सहायक आयुक्त उपधारा (3) के अन्तर्गत अभिलिखित निष्कर्ष के अनुसार अथवा यदि उसकी कोई अपील की गई है तो ऐसी अपील में आयुक्त द्वारा किए गए विनिश्चय के अनुसार रजिस्टर की प्रविष्टियों में संशोधन कराएगा तथा धारा 21 एवं 22 के उपबन्ध ऐसी संशोधित प्रविष्टियों पर उसी प्रकार लागू होंगे जैसे कि वे मूल प्रविष्टियों पर लागू होते हैं।

व्याख्या—नियम 22 में प्रारूप एवं रीति दी गई है जिसमें कोई कार्यवाहक न्यासी प्रविष्टियों में हुए परिवर्तन या प्रस्तावित परिवर्तन की रिपोर्ट करेगा। इसके लिए विहित प्रारूप संख्या 8 है। उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर सहायक आयुक्त प्रारूप संख्या 4 में रजिस्टर में परिवर्तन लेखबद्ध करेगा।

धारा 24—सहायक आयुक्त द्वारा आगे जांच :

धारा 21 अथवा 23 के अन्तर्गत प्रविष्टियों या संशोधित प्रविष्टियों के रजिस्टर में दर्ज करने के बाद किसी भी समय यदि सहायक आयुक्त को यह प्रतीत हो कि धारा 18 या धारा 23 की उपधारा (2) के अन्तर्गत किसी लोक न्यास से सम्बन्धित कोई बात जांच करने से रह गई है तो सहायक आयुक्त विहित रीति से आगे और जांच कर सकेगा तथा अपने निष्कर्ष लेखबद्ध करेगा एवं अपने द्वारा किए गए विनिश्चय के अनुसार रजिस्टर में प्रविष्टियां कर सकेगा या पूर्व में की गई प्रविष्टियों में संशोधन कर सकेगा तथा धारा 19, 20, 21, 22 एवं 23 के उपबन्ध इस धारा के अन्तर्गत जांच के पश्चात् निष्कर्षों को लेखबद्ध करने एवं रजिस्टर में प्रविष्टियां करने या पूर्व में की गई प्रविष्टियों में संशोधन करने में यथासम्भव लागू होंगे।

व्याख्या—इस धारा में अतिरिक्त जांच की व्यवस्था की गई है। नियम 23 में यह व्यवस्था की गई है कि अतिरिक्त जांच उसी रीति से की जा सकेगी जिस रीति में प्रथम जांच की जाती है। प्रविष्टियों में संशोधन किया जा सकता है।

धारा 25—न्यास सम्पत्ति के सम्बन्ध में समस्त सहायक आयुक्तों को सूचना भेजना :

1. यदि किसी लोक न्यास की सम्पत्ति का कोई भाग एक से अधिक सहायक आयुक्त की अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित है तो उस न्यास का पंजीकरण प्रभारी सहायक आयुक्त उस न्यास के सम्बन्ध मे रजिस्टर मे अभिलिखित प्रविष्टियों या संशोधित प्रविष्टियों की एक प्रति प्रत्येक ऐसे सहायक आयुक्त, जिसकी अधिकारिता के भीतर उस न्यास सम्पत्ति का कोई भाग स्थित है, को भेजेगा।

2. उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रविष्टियों या संशोधित प्रविष्टियों की प्रति प्राप्त करने पर वह सहायक आयुक्त इस प्रयोजन हेतु विहित पुस्तक में उनके विवरण दर्ज कराएगा।

व्याख्या—इस धारा में न्यास सम्पत्ति के बारे में समस्त सहायक आयुक्तों को सूचना भेजने की अपेक्षा की गई है। नियम 24 में यह उपबन्ध किया गया है कि जिस पुस्तक में प्रविष्टियों के विवरण दर्ज किए जाते हैं, वह पुस्तक प्रारूप संख्या 5 में रखी जाएगी।

धारा 26—न्यायालय द्वारा संबद्ध सहायक आयुक्त को विनिश्चय की प्रति भेजना

किसी लोक न्यास के सम्बन्ध में किसी प्रश्न का विनिश्चय करने वाला सक्षम अधिकारिता का कोई भी न्यायालय जो इस अधिनियम के या उसके अधीन उपबन्धों द्वारा अभिव्यक्त या विवक्षित रूप से विनिश्चय करने से नहीं रोक दिया गया हो, ऐसे विनिश्चय की एक प्रति अधिकारिता रखने वाले सहायक आयुक्त के पास प्रेषित करेगा तथा वह सहायक आयुक्त ऐसे विनिश्चय के अनुसार ऐसे लोक न्यास के सम्बन्ध में रजिस्टर में प्रविष्टि या उसमें संशोधन कराएगा। इस प्रकार किए गए संशोधनों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसा विनिश्चय अपील या पुनर्विलोकन में सक्षम न्यायालय द्वारा नही बदला जाता। ऐसे परिवर्तनों के अधीन किए गए संशोधन अन्तिम एवं निश्चायक होंगे।

धारा 27—वसीयत द्वारा लोक न्यास :

वसीयत द्वारा सृजित लोक न्यास के मामले में ऐसी वसीयत का निष्पादक वसीयत का प्रोबेट स्वीकार होने की तारीख से एक माह के भीतर या वसीयतकर्ता की मृत्यु की तारीख से 6 माह के भीतर जो भी तारीख पहले हो, न्यास के पंजी-

करण हेतु धारा 17 में उपबन्धित रीति से आवेदन करेगा तथा इस अध्याय के उपबन्ध ऐसे पंजीकरण पर लागू होंगे।

व्याख्या—वसीयत (will) द्वारा भी लोक न्यास का सृजन किया जा सकता है। ऐसे न्यासों का पंजीकरण कराना भी अनिवार्य है। वसीयत लिखे जाने की दशा में वसीयत का प्रोवेट मंजूर होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर या वसीयत कर्त्ता की मृत्यु की तारीख से 6 माह के भीतर जो भी तारीख पहले हो, ऐसे न्यास के पंजीकरण हेतु इसी अधिनियम की धारा 17 में बताई गई रीति से आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

वसीयत के द्वारा दिया गया दान वसीयतकर्त्ता की मृत्यु पर तत्काल प्रभावी होगा तथा वसीयतकर्त्ता की विधवा द्वारा पश्चातवर्ती दत्तक से प्रभावित नहीं होगा।[1]

धारा 28—कतिपय मामलों में सहायक आयुक्त को सूचना देना :

यदि किसी सिविल न्यायालय या राजस्व अधिकारी के समक्ष चल रही किसी कार्यवाही में किसी लोक न्यास का सृजन करने के अभिप्राय से कोई ऐसा विलेख प्रस्तुत किया जाता है या ऐसे न्यायालय या अधिकारी के समक्ष किसी प्रश्न का विनिश्चय रजिस्टर की प्रविष्टि को प्रभावित करने वाला है तो ऐसा न्यायालय या अधिकारी ऐसी कार्यवाही की सूचना सम्बद्ध अधिकारिता के सहायक आयुक्त को देगा तथा यदि वह सहायक आयुक्त उस सम्बन्ध मे आवेदन करता है तो उसे ऐसी कार्यवाही में पक्षकार बना लिया जाएगा।

धारा 29—अपंजीकृत न्यास द्वारा किए जाने वाले वादों का वर्णन :

1. किसी भी न्यायालय में ऐसे लोक न्यास, जिनका इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण आवश्यक है किन्तु पंजीकरण नहीं किया गया है, की ओर से किसी अधिकार के प्रवर्तन हेतु किया जाने वाला कोई वाद न तो सुना जाएगा न ही विनिश्चय किया जाएगा।

2. उपधारा (1) के उपबन्ध ऐसे लोक न्यास की ओर से अधिकार के प्रवर्तन हेतु किए गए प्रतिसादन के दावे अथवा अन्य कार्यवाही पर लागू होंगे।

व्याख्या—इस धारा द्वारा एक महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। यदि एक लोक न्यास पंजीकृत नहीं है तो उसकी ओर से किसी अधिकार के प्रवर्तन हेतु किया गया कोई वाद न्यायालय द्वारा न तो सुना जाएगा न ही उसका विनिश्चय किया जाएगा। अतः लोक न्यास का पंजीकरण कराना अनिवार्य है किन्तु यह बात विशेष ध्यान देने की है कि सभी लोक न्यासों का पंजीकरण अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकार

---

1. वाडीवेलु मुदालियर व. कुपुस्वामी मुदालियर 1972(1) एम एल जे 265

की अधिसूचना दि. 28-6-62 के अनुसार ऐसे लोक न्यास जिनकी वार्षिक आय 3,000 रु. या जिनकी सम्पत्तियां 3,000 रु. से कम नहीं हैं उन्हीं के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और तभी उन्हें यह अधिकार उपलब्ध हो सकता है।

किन्तु उक्त उपबन्ध न्यायालय को ऐसा वाद ग्रहण करने पर प्रतिबन्ध नहीं लगाता। विशम्भरदयाल ब. रामचरन में यह अभिनिर्धारित किया गया कि ऐसे वाद ग्रहण करने पर विचारण न्यायालय उन्हें खारिज़ नहीं करेगा किन्तु जब तक उस न्यास का पंजीकरण नहीं हो जाता तब तक ऐसे न्यास की ओर से प्रस्तुत वाद की सुनवाई नहीं करेगा न ही उसका विनिश्चय करेगा। यदि विचारण न्यायालय यह अभि निर्धारित करता है कि 28-6-62 की अधिसूचना उस न्यास पर लागू होती है तब उसकी सुनवाई एवं विनिश्चय पंजीकरण के बाद ही करेगा।[1]

आय अथवा सम्पत्ति के मूल्यांकन की दृष्टि से लोक न्यास के बारे में उठाये गए विवाद का विनिश्चय सिविल न्यायालय द्वारा किया जा सकता है।[2]

---

1. आर. एल. डब्ल्यु. 1980 पृ. 53
2. जगन्नाथ व. सत्यनारायण एवं अन्य 1972 आर. एल. डब्ल्यु. 491

अध्याय 6

न्यास सम्पत्ति का प्रबन्ध

धारा 30—लोक न्यास के धन का विनियोजन :

1 यदि किसी लोक न्यास की कोई सम्पत्ति धनराशि के रूप में है और ऐसी धनराशि तत्काल या किसी शीघ्र तिथि पर उस न्यास के काम में नहीं लगाई जा सकती है तो उसका कार्यवाहक न्यासी, न्यास के विलेख में प्रतिकूल निदेश, यदि कोई हो, के होते हुए भी उस धनराशि को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 में यथा परिभाषित किसी अनुसूचित बैंक में अथवा डाकघर में बचत खाते अथवा राजस्थान सहकारी समिति अधिनियम 1953 के अधीन पंजीकृत सहकारी बैंक में जमा कराने अथवा लोक प्रतिभूतियों में विनियोजन करने के लिए बाध्य होगा।

किन्तु शर्त यह है कि ऐसी धन राशि का विनियोजन भारत में स्थित अचल सम्पत्ति के प्रथम बंधक में भी तीन वर्ष की अवधि तक के लिए किया जा सकता है यदि वह सम्पत्ति पट्टा-धृत नहीं है तथा उसका मूल्य बन्धक राशि के आधे से अधिक है।

परन्तु यह शर्त और भी कि आयुक्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा किसी लोक न्यास के कार्यवाहक न्यासी या ऐसे वर्ग के न्यास को ऐसी धनराशि किसी अन्य नीति से विनियोजित करने की अनुमति दे सकेगा।

2. इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व न्यास विलेख में अन्तर्विष्ट निदेश के अनुसार किए गए किसी विनियोजन या जमा पर उपधारा (1) की किसी बात का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

किन्तु शर्त यह है कि इस अधिनियम के प्रारम्भ होने पर या तत्पश्चात ऐसे विनियोजन या जमा से प्राप्त या अर्जित कोई व्याज या लाभांश अथवा उक्त विनियोजन या जमा के परिपक्व होने पर वसूल की गई राशि उपधारा (1) में विहित रीति से प्रयुक्त या विनियोजित की जाएगी।

व्याख्या—इस धारा के उपबन्ध अन्तःकरण की स्वतन्त्रता में हस्तक्षेप नहीं करते और नवे संविधान के अनुच्छेद 25 के अन्तर्गत अवैध हैं।[1] ये उपबन्ध संवि-

1. सज्जनलाल व. राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यु 593.

धान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का उल्लघंन नहीं करते इसलिए विधान मण्डल की सक्षमता से परे नहीं हैं।[1] सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की है।[2]

यह विधि का सुनिश्चित सिद्धान्त है कि न्यास के प्रभारी न्यासियों को ऐसा रुपया जिसकी तत्काल आवश्यकता नहीं होती, अपने पास नहीं रखना चाहिये। न्यास को प्रत्येक विधि में अनुमोदित प्रतिभूतियों की सूची दी जाती है जिनमें कि न्यास के धन का विनियोजन किया जा सकता है। इस आपत्ति पर कि अनुसूचित बैंक में रुपया जमा कराना जैन धर्म पर एक प्रकार का अधिक्रमण है क्योंकि बैंक उस रुपये का ऐसे प्रयोजन में उपयोग कर सकती है जो कि जैन धर्म में निषिद्ध है, यह अभिनिर्धारित किया गया कि प्रोद्धरित जैन धर्म शास्त्रों में यह लिखा है कि कोई विनियोजन सीधा ऐसे प्रयोजन में नहीं किया जाएगा जो कि निषिद्ध है किन्तु इससे यह नहीं माना जा सकता कि जैन धर्म में बैंक में रुपया जमा कराना निषिद्ध है।[3] यह सत्य है कि श्वेताम्बर मन्दिर मार्गी धर्म शास्त्र निषिद्ध प्रयोजनों हेतु व्यय करना निषेध करते हैं किन्तु रुपये को बैंक में जमा कराना जैन धर्म पर अधिक्रमण नहीं होता।[4]

एक न्यास विलेख में न्यास कर्ता द्वारा यह निदेश कि न्यासी न्यास निधि से न्यासकर्ता को ऋण देंगे। लोक न्यास की सामान्य विधि के सिद्धान्तों के अन्तर्गत शून्य है।[5] विधि का यह सामान्य एवं सुनिश्चित सिद्धान्त है कि न्यास सम्पत्ति के प्रभारी न्यासियों को नकद रुपया जिसकी तत्काल खर्चों के लिए आवश्यकता नहीं होती, अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये।[6]

धारा 35 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 13 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 31—कतिपय अन्तरणों हेतु पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना :

1. न्यास विलेख में दिए गए किन्हीं निर्देशनों अथवा इस अधिनियम या किसी अन्य विधि के अन्तर्गत किसी न्यायालय द्वारा दिए गए किसी निर्देश के अधीन रहते हुए—

(क) किसी लोक न्यास की किसी भी चल या अचल सम्पत्ति जो पांच हजार रुपये से अधिक मूल्य की हो, का विक्रय, विनिमय या दान तथा

---

1. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1953 बम्बई. 242
2. वही, ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388
3. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1953 बम्बई 242
4. वही।
5. आयकर आयुक्त व. जमन्तिलाल ए. आई. आर. 1968 स न्या. 189
6. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई आर. 1954 स. न्या. 388

(ख) किसी लोक न्यास की कृषि भूमि के मामले में पांच वर्ष की अवधि से अधिक के लिए तथा गैर-काश्त भूमि या भवन के मामले में तीन वर्ष की अवधि से अधिक के लिए कोई पट्टा सहायक आयुक्त की बिना पूर्व स्वीकृति के मान्य नहीं होगा।

2. उपधारा (1) के अन्तर्गत सहायक आयुक्त की स्वीकृति के लिए आवेदन पत्र निहित रीति तथा प्रपत्र में दिया जाएगा।

3. यदि उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी सौदे के सम्बन्ध में स्वीकृति हेतु नियमानुसार किए गए आवेदन पत्र पर सहायक आयुक्त आवेदन पत्र की प्राप्ति से दो माह के भीतर अन्तिम आदेश पारित नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि उस सौदे के सम्बन्ध में उसने स्वीकृति प्रदान कर दी है बशर्ते की आवेदन पत्र में सौदे का पूर्ण विवरण उचित प्रकार से दिया गया है।

4. सहायक आयुक्त उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी सौदे के सम्बन्ध में स्वीकृति प्रदान करने से तब तक इन्कार नहीं करेगा जब तक कि उसके मत में वैसे सौदे की लोक न्यास के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना न हो तथा स्वीकृति प्रदान करने से इन्कार करने का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसे लोक न्यास के कार्यवाहक न्यासी को सुनवाई का यथोचित अवसर नहीं दिया गया है।

व्याख्या—धारा 31 के उपबन्ध अन्तःकरण की स्वतन्त्रता तथा जैन धर्म को स्वतन्त्र रूप से मानने, उसकी साधना करने तथा प्रचारित करने के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करते इसलिए ये अवैध नहीं हैं।[1] बम्बई उच्च न्यायालय के संप्रेक्षण के अनुसार ये उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का उल्लंघन नहीं करते इसलिए राज्य विधान मण्डल की सक्षमता से परे नहीं हैं।[2] अपील में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस विचार का समर्थन किया गया था।[3] इस आपत्ति पर कि पांच हजार रुपये से अधिक मूल्य की चल एवं अचल सम्पत्ति का विक्रय, विनिमय या दान तथा पांच वर्ष से अधिक की अवधि के प्रतिबन्ध जैन धर्म में हस्तक्षेप हैं, न्यायमूर्ति श्री भंडारी ने संप्रेक्षण किया कि यह आपत्ति सही नहीं थी क्योंकि बम्बई अधिनियम की धारा 36 में इस उपबन्ध का उद्देश्य न्यास सम्पत्ति का संरक्षण करना है[4] न्यास सम्पत्तियों के अन्तरण हेतु स्वीकृति के लिए आवेदन में दी जाने वाली सूचना नियम 26 में दी गई है। आवेदन प्रपत्र संख्या 9 में होगा।

---

1. सज्जन लाल व. राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यू 593
2. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1953 बम्बई 242
3. वही. ए. आई. आर. 1954 बम्बई 388
4. सुरजमल सिंघवी व. राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यू. 566

राजस्थान लोक न्यास अधिनियम की धारा 31(1) (क) में विक्रय शब्द का विशद् अर्थ में प्रयोग किया गया है जिसमें वे सभी कदम लिए जाते हैं जो एक वैध विक्रय के पूर्व आवश्यक हैं। इसलिए विक्रय विलेख के पंजीकरण के पूर्व यदि सक्षम प्राधिकारी से वैध स्वीकृति प्राप्त करली गई है तो यह नहीं कहा जा सकता कि विक्रय में किसी औपचारिकता का अभाव है।[1]

धारा 36 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 14 : मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

---

1. नरसिंगदास व. मु. अमर कुंवर ए. आई. आर. 1967 राज. 1047 (तपी)

अध्याय 7

लेखा, अंकेक्षण (आडिट) तथा बजट (आय-व्ययक)

धारा 32—लेखादि रखना :

इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत किसी लोक न्यास का कार्यवाहक न्यासी या प्रबन्धक न्यास की समस्त चल तथा अचल सम्पत्तियों का नियमित लेखा-रखेगा। ऐसे लेखों का प्रारूप और उनमें दिये जाने वाले विवरण ऐसे होंगे जो विहित किये जायें अथवा जहां तक वे विहित नहीं किये गये हों, तो ऐसे होंगे जो सहायक आयुक्त द्वारा अनुमोदित किए जाएं।

व्याख्या—इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत न्यासों के कार्यवाहक न्यासी अथवा प्रबन्धकों को विहित प्रपत्र में चल व अचल सम्पत्ति के लेखे आदि रखने होंगे इन लेखों को रखने के लिए राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 26 के अनुसार प्रपत्र 10 एवं 11 में चल एवं अचल सम्पत्ति के बारे मे रखे जाने की व्यवस्था की गई है।

यद्यपि लेखादि रखने सम्बन्धित उक्त प्रावधान पंजीकृत लोक न्यास के बारे में ही किया गया है किन्तु न्यासी अथवा प्रबन्धक का लेखा रखने का कर्त्तव्य न्यास की सामान्य विधि के अन्तर्गत भी अधिरोपित किया गया है। भारतीय न्यास अधिनियम 1882 की धारा 19 के अनुसार न्यासी लेखा रखने, हिसाब देने एवं हिसाब का प्रमाणन करने के तिहरे कर्त्तव्य से बाध्य है।[1] यह धारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त पर आधारित है।[2] यह सिद्धान्त भूतपूर्व न्यासी पर भी लागू होता है।[3]

धारा 32 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 15 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

---

1. नारायन व. गोपाल ए. आई. आर. 1960 स. न्या. 100
2. शेख अब्दुल कयूम व. मुल्ला अली भाई ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 309
3. वी. एल. एन. एस. टेम्पल व. पट्टाभिरामि ए. आई. आर. 1967 स. न्या. 781

धारा 33—लेखों का सन्तुलन एवं अंकेक्षण :

1. धारा 32 के अधीन रखे गए लेखों का प्रतिवर्ष 31 मार्च को अथवा ऐसे अन्य दिन जो सहायक आयुक्त द्वारा नियत किया जाए, शेष निकाला जाएगा।

2. लेखों का अंकेक्षण प्रतिवर्ष ऐसी रीति से जो विहित की जाय तथा ऐसे व्यक्ति द्वारा जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम 1949 (केन्द्रीय अधिनियम 38, सन् 1949) के अर्थ में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स हैं अथवा किसी ऐसी फर्म द्वारा जिसके समस्त भागीदार भारत में व्यवसाय करने वाले चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स हैं, अथवा ऐसे व्यक्तियों द्वारा जो इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किए जाएं, किया जाएगा।

3. उपधारा (2) के अन्तर्गत कार्य करने वाला प्रत्येक अंकेक्षक, प्रत्येक कार्यवाहक न्यासी अथवा प्रबन्धक के आधिपत्य में या नियन्त्रणाधीन लेखों तथा समस्त पुस्तकों, प्रमाणकों, अन्य प्रलेखों एवं अभिलेखों को देख सकेगा। ऐसा कार्यवाहक न्यासी या प्रबन्धक ऐसे अंकेक्षण के लिए ऐसे परीक्षण के निमित्त समस्त सुविधाओं की व्यवस्था करेगा।

4. उप-धारा 2 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी सहायक आयुक्त किसी भी लोक न्यास के लेखों का विशेष अंकेक्षण किए जाने का, जब भी उसकी राय में ऐसा विशेष अंकेक्षण आवश्यक हो, निदेश दे सकेगा तथा उपधारा (2) एवं (3) के उपबन्ध जहां तक वे लागू होने योग्य हों, ऐसे विशेष अंकेक्षण पर लागू होंगे।

5. सहायक आयुक्त ऐसे विशेष अंकेक्षण के लिए ऐसा शुल्क जो विहित किया जाए, चुकाने का निदेश दे सकेगा तथा कार्यवाहक न्यासी या प्रबन्धक न्यास सम्पत्ति में से ऐसे शुल्क का भुगतान करने का दायी होगा।

व्याख्या—धारा 33 में लेखे रखने, उनके वार्षिक खातों का सन्तुलन करने अर्थात् शेष निकालने, अंकेक्षण करने आदि के लिए उपबन्ध किया गया है। प्रपत्र 10 एवं 11 में रखे गए लेखों का अंकेक्षण विहित रीति से चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स द्वारा कराया जाएगा। यह अंकेक्षण राज्य सरकार द्वारा अधिकृत व्यक्तियों द्वारा भी कराया जा सकता है। अंकेक्षण के दौरान न्यासी अथवा प्रबन्धक अंकेक्षण हेतु सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। सहायक आयुक्त यदि आवश्यक समझे तो किसी लोक न्यास का विशेष अंकेक्षण कराने का भी आदेश दे सकता है एवं ऐसी दशा में विशेष अंकेक्षण के लिए विहित शुल्क चुकाने हेतु कार्यवाहक न्यासी अथवा प्रबन्धक को निदेश दे सकेगा। राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 27 में लेखों के वार्षिक अंकेक्षण की रीति, नियम 28 में अंकेक्षण का समय एवं रिपोर्ट, नियम 29 में अंकेक्षण के प्रयोजनार्थ शक्ति तथा नियम 30 में

विशेष अंकेक्षण एवं शुल्क के बारे में उल्लेख किया गया है। सहायक आयुक्त प्रपत्र 12 में अंकेक्षण रिपोर्ट का रजिस्टर भी रखेगा।

धारा 33 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 16 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 34-चिट्ठा तैयार करना तथा अनियमितताओं के विषय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अंकेक्षक का कर्त्तव्य :

1. किसी लोक न्यास के लेखों का धारा 33 के उपबन्धों के अधीन अंकेक्षण करने वाले प्रत्येक अंकेक्षक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह लेखों का चिट्ठा तथा आय-व्यय का लेखा तैयार करे और उनकी एक प्रति उस सहायक आयुक्त को प्रेषित करे जिसकी अधिकारिता में लोक-न्यास का पंजीकरण किया गया है।

2. अंकेक्षक अपनी रिपोर्ट में अनियमितताओं, अवैध या अनुचित व्यय अथवा लोक न्यास को प्राप्त धन या अन्य सम्पत्ति को वसूल करने में विफलता या भूल अथवा उस न्यास के धन या अन्य सम्पत्ति की हानि या बर्बादी विषयक समस्त मामलों का उल्लेख करेगा और यह बतायेगा कि क्या ऐसे व्यय, विफलता, भूल, हानि या बर्बादी न्यासी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विश्वासघात या दुरुपयोग या किसी अन्य दुराचार के परिणाम स्वरूप हुई थी।

व्याख्या—इस धारा के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का उल्लंघन नहीं करते हैं, न ही वे विधानमण्डल की सक्षमता से परे हैं।[1] इस विचार की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी पुष्टि की गई है।[2]

धारा 34 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 17 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 35—बजट :

प्रत्येक लोक न्यास जिसकी कुल वार्षिक आय तीन हजार छः सौ रुपये से अधिक है का कार्यवाहक न्यासी प्रतिवर्ष, ऐसी तारीख से पूर्व और ऐसे प्रारूप में जो विहित किये जायें, आगामी वर्ष के दौरान न्यास की सम्पत्ति की सम्भावित प्राप्तियों और संवितरणों को दिखाते हुए एक बजट सहायक आयुक्त को प्रस्तुत करेगा।

व्याख्या—राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास नियम, 1962 के नियम 31 में प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर से पूर्व ही प्रपत्र संख्या 13 एवं 14 में बजट तैयार करने की व्यवस्था की गई है।

धारा 18 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

---

1. रतिलाल गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1953 बम्बई 242
2. वही, ए. आई. आर. 1954 स.न्या. 388

धारा 36—निरीक्षण तथा प्रतिलिपियां :

1. किसी लोक न्यास का बजट, चिट्ठा, आय व्यय का लेखा तथा अंकेक्षण रिपोर्ट, यदि कोई हो, सहायक आयुक्त के कार्यालय में किसी भी ऐसे व्यक्ति को जो ऐसे लोक न्यास में हित रखता हो, तो ऐसे शुल्क का भुगतान करने पर जो विहित किया जाए, निरीक्षण के लिये उपलब्ध होंगे।

2. ऐसी शर्तों के अधीन तथा ऐसे शुल्कों का भुगतान करने पर जो विहित किये जायें, सहायक आयुक्त किसी लोक न्यास में हित रखने वाले किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन पत्र दिये जाने पर ऐसे व्यक्ति को ऐसे समस्त प्रलेखों या उनमें से किसी को जो ऐसे निरीक्षण के लिए उपलब्ध होते हैं, प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान कर सकेगा।

सामान्यत: प्रमाणित प्रतिलिपियां वे होती हैं जिन पर विभागीय मुद्रा एवं यह अंकन होता है कि उनकी उचित प्रति की गई है तथा मिलान (Compare) किया गया है चाहे उस अंकन पर हस्ताक्षर करने वाले के हस्ताक्षर अपठनीय हों।[1] दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपियां साक्ष्य में अनुज्ञेय होती हैं उन्हें गवाह द्वारा प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं होती।[2]

धारा 37 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 19 & 20 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

---

1. सुरजनारायण व. झब्बुलाल ए. आई. आर. 1944 इला. 114
2. एस. रामप्पा व. एम. बोजप्पा ए. आई. आर. 1963 स. न्या. 163

अध्याय 8

लोक न्यासों के सम्बन्ध में अधिकारियों की शक्तियां

धारा 37—आयुक्त का पुण्यार्थ विन्यासों (धर्मस्य) का कोषाध्यक्ष होना :

चेरिटेबल एन्डोमेन्ट्स एक्ट, 1890 (सेन्ट्रल एक्ट 6 आफ 1890) में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी आयुक्त राजस्थान राज्य के पुण्यार्थ विन्यासों का, उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अधीन नियुक्त किया हुआ कोषाध्यक्ष समझा जाएगा तथा इस अधिनियम के लागू होने की तारीख के पूर्व कोषाध्यक्ष में निहित सम्पत्ति पुण्यार्थ (विन्यासों) को कोषाध्यक्ष के रूप में आयुक्त में निहित समझी जायेगी, तथा उक्त अधिनियम के उपबन्ध पुण्यार्थ-विन्यासों के कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त आयुक्त पर लागू होंगे।

धारा 38—निदेशनों के लिए आवेदन :

1. यदि सहायक आयुक्त किसी लोक न्यास में हित रखने वाले किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर और अन्यथा निम्नलिखित के बारे में जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे संतुष्ट हो जाय—

(क) कि लोक न्यास का मूल उद्देश्य विफल हो गया है अथवा

(ख) कि न्यास सम्पत्ति का समुचित रूप से प्रबन्ध या व्यवस्था नहीं हो रही है अथवा

(ग) कि लोक न्यास की व्यवस्था हेतु न्यायालय का निदेश आवश्यक है—

तो वह कार्यवाहक न्यासी को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् ऐसे कार्यवाहक न्यासी को अथवा किसी अन्य न्यासी या व्यक्ति को, जिसका कि न्यास में हित हो, यह निदेश दे सकेगा कि वह ऐसे समय के भीतर जो तीस दिन से अधिक नहीं होगा तथा सहायक आयुक्त द्वारा निदिष्ट किया जाए, निदेशनों के लिए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करे।

2. यदि इस प्रकार निदेशित कार्यवाहक न्यासी या कोई अन्य न्यासी या व्यक्ति जिसका न्यास में हित हो अपेक्षित आवेदन प्रस्तुत करने में विफल रहे या किसी लोक न्यास का कोई न्यासी नहीं हो अथवा किसी अन्य कारण वश सहायक आयुक्त ऐसा करना उचित समझे तो वह स्वयं न्यायालय को इस प्रयोजनार्थ आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगा ।

व्याख्या—इस धारा के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के विपरीत नहीं हैं ।[1] आयुक्त को उचित निदेश देने के प्रयोजन से न्यायालय को न्यास के विलेख में उल्लिखित न्यास का आधार एवं इतिहास देखने का अधिकार है ।[2]

धारा 39—धारा 38 के अन्तर्गत आवेदन करने से इन्कारी के विरुद्ध आयुक्त को आवेदन पत्र

1. जब सहायक आयुक्त धारा 38 की उपधारा (1) के अन्तर्गत किसी आवेदन पत्र को अस्वीकार कर देता है या उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन वह सहायक आयुक्त स्वयं न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से विफल रहता है या ऐसा आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने से इन्कार कर देता है तो आयुक्त ऐसी अस्वीकृति, विफलता या इन्कारी से 90 दिन के भीतर उसका आवेदन पत्र प्रस्तुत होने पर अथवा ऐसे तथ्यों पर जो अन्यथा उसकी जानकारी में आए तथा कार्यवाहक न्यासी को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के पश्चात् सहायक आयुक्त के आदेश को, यदि कोई हो निरस्त कर सकेगा एवं सहायक आयुक्त से अपेक्षा कर सकेगा कि निदेशन प्राप्त करने हेतु वह स्वयं न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करे ।

2. उपधारा (1) के अन्तर्गत आयुक्त के आदेशों के अधीन रहते हुए धारा 38 के अन्तर्गत सहायक आयुक्त द्वारा पारित समस्त आदेश अन्तिम होंगे ।

व्याख्या—धारा 38 में यह उपबन्ध किया गया है कि यदि लोक न्यास का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है या उसकी सम्पत्ति की व्यवस्था उचित रूप से नहीं हो रही हो या न्यास की व्यवस्था हेतु न्यायालय का निदेश आवश्यक हो तो ऐसी परिस्थिति में सहायक आयुक्त को यह शक्ति प्रदान की गई है कि वह कार्यवाहक न्यासी या अन्य हितधारी व्यक्ति को ऐसे आदेश दे सकेगा कि ऐसे समय के भीतर जो 30 दिन से ज्यादा नहीं होगा न्यायालय में आवश्यक निदेशन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करे । किन्तु ऐसे निदेशित व्यक्ति यदि निर्धारित समय में न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से विफल रहे या कोई न्यासी ही नहीं हो या अन्य किसी कारणवश सहायक आयुक्त यदि ऐसा करना उचित समझे तो वह स्वयं भी न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है ।

---

1. ए. आई. आर. 1954 स. न्या. 388
2. बापूलाल गोधाभाई कोठारी व. चेरिटी कमिश्नर गुजरात राज्य 1966 गुज. ला. रि. 825

उक्त धारा में धारा 38 के अन्तर्गत सहायक आयुक्त की विफलता या इन्कारी के विरुद्ध कार्यवाहक न्यासी आयुक्त को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

धारा 40—धारा 38 अथवा धारा 39 के अधीन आवेदन पर न्यायालय की शक्तियां :

1. धारा 38 अथवा धारा 39 के अन्तर्गत या अनुसरण में दिए गए आवेदन पत्र की प्राप्ति पर न्यायालय उस मामले में ऐसी जांच जैसी वह आवश्यक समझे करेगा अथवा करवाएगा।

2. उपधारा (1) के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यायालय को अन्य शक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित के लिए आदेश देने की शक्ति होगी—

(क) किसी न्यासी को हटाने के लिए

(ख) नया न्यासी नियुक्त करने के लिए

(ग) यह घोषणा करने की कि न्यास सम्पत्ति का या उसमें अन्तर्विष्ट हित का कौनसा भाग न्यास के किसी विशेष उद्देश्य के लिए आवंटित किया जाएगा

(घ) प्रन्यास सम्पत्ति के प्रबन्ध की योजना तैयार करने के लिए

(ङ) यह निर्देश देने के लिए कि ऐसे लोक न्यास जिसका मूल उद्देश्य विफल हो गया है की निधियां उस उद्देश्य जिसके लिए न्यास का सृजन किया गया था, का सम्यक् ध्यान रखते हुए किस प्रकार खर्च की जाएंगी।

(च) ऐसे अन्य निर्देश जारी करने के लिए जो कि उस मामले में आवश्यक प्रतीत हों।

3. उपधारा (2) के अधीन न्यायालय द्वारा दिया गया कोई भी आदेश उस न्यायालय द्वारा दी गई डिग्री समझी जाएगी तथा उसके विरुद्ध अपील उच्च न्यायालय में की जा सकेगी।

व्याख्या—इस धारा के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का उल्लंघन नहीं करते न ही वे राज्य विधान मण्डल की सक्षमता से परे हैं।[1]

धारा 41—नए कार्यवाहक न्यासी की नियुक्ति के लिए आवेदन

1. यदि किसी लोक न्यास का वर्तमान कार्यवाहक न्यासी—

(क) स्वत्व त्याग देता है या मर जाता है

(ख) आयुक्त या सहायक आयुक्त या राज्य सरकार द्वारा इस निमित प्राधिकृत अन्य अधिकारी की बिना अनुमति भारत से लगातार 6 महीने की अवधि तक अनुपस्थित रहता है या विदेश में बसने के उद्देश्य से भारत छोड़ देता है।

---

1. रतिलाल पानाचन्द गांधी ब. बम्बई राज्य ए.आई.आर. 1956 स. न्या. 388

(ग) दिवालिया घोषित कर दिया जाता है,

(घ) न्यास से मुक्त किए जाने की इच्छा प्रकट करता है

(ङ) न्यासी के रूप में कार्य करने से इन्कार कर देता है

(च) न्यास में कार्य करने के लिए अयोग्य हो जाता है या शरीर से असमर्थ हो जाता है अथवा ऐसा पद स्वीकार कर लेता है जो न्यास से असंगत हो अथवा

(छ) न्यास की व्यवस्था करने के लिए उपलब्ध नहीं हो तो ऐसा कार्यवाहक न्यासी या कोई भी व्यक्ति जिसका लोक न्यास मे हित हो यथा स्थिति अधिकारिता रखने वाले सहायक आयुक्त को आवेदन कर सकेगा कि नवीन कार्यवाहक न्यासी की नियुक्ति के लिए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाय।

2. सहायक आयुक्त ऐसी जांच जिसे वह आवश्यक समझे करने के बाद तथा यदि कार्यवाहक न्यासी द्वारा स्वयं आवेदन किया गया हो उसको सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात् ऐसे कार्यवाहक न्यासी या किसी अन्य न्यासी अथवा न्यास में हित रखने वाले व्यक्ति को निदेश देगा कि वह नवीन कार्यवाहक न्यासी की नियुक्ति के लिए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करे और यदि इस प्रकार निदेशित व्यक्ति ऐसा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहे या अन्य किसी कारण वश सहायक आयुक्त ऐसा करना उचित समझे तो, पर स्वयं आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा।

धारा 42—धारा 41 के अधीन आदेशों के विरुद्ध आयुक्त को आवेदन :

1. यदि सहायक आयुक्त धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन किसी आवेदन पत्र को अस्वीकार कर देता है अथवा उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन स्वयं न्यायालय को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है या करने से इन्कार कर देता है तो आयुक्त ऐसी अस्वीकृति, विफलता या इन्कारी से 90 दिन के भीतर उसको प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र पर अथवा ऐसे तथ्यों पर जो अन्यथा उसकी जानकारी में आए तथा कार्यवाहक न्यासी को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के पश्चात् सहायक आयुक्त के आदेश को यदि कोई हो, निरस्त कर सकेगा तथा उससे, एक नए कार्यवाहक न्यासी की नियुक्ति हेतु स्वयं न्यायालय में आवेदन करने की अपेक्षा करेगा।

2. उपधारा (1) के अधीन आयुक्त के आदेशों के अधीन रहते हुए, धारा 41 के अधीन सहायक आयुक्त द्वारा पारित समस्त आदेश अन्तिम होंगे।

धारा 43—धारा 41 अथवा धारा 42 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर न्यायालय की शक्तियां :

1. धारा 41 अथवा धारा 42 के अधीन या उसके अनुसरण में दिए गए आवेदन पत्र की प्राप्ति पर न्यायालय ऐसी जांच जिसे वह आवश्यक समझे, करेगा

या करवाएगा तथा ऐसे व्यक्ति को जिसे वह योग्य समझे नया कार्यवाहक न्यासी नियुक्त कर सकेगा एवं ऐसी नियुक्ति करते समय न्यायालय निम्नलिखित को ध्यान में रखेगा—

(क) न्यास के कर्त्ता की इच्छाएं,

(ख) ऐसे व्यक्ति, यदि कोई हो, जो नया न्यासी नियुक्त करने के लिए सशक्त हो, की इच्छाएं

(ग) ऐसा प्रश्न कि क्या नियुक्ति से न्यास के निष्पादन कार्य को प्रोत्साहन मिलेगा या बाधा पहुंचेगी

(घ) जनता या उसके किसी वर्ग, जो न्यास में हित रखता हो, का हित तथा

(ङ) न्यास की रूढ़ी एवं प्रथा

2. उपधारा (1) के अधीन न्यायालय का आदेश न्यायालय की डिक्री समझी जाएगी तथा उसके विरुद्ध उच्च न्यायालय को अपील की जा सकेगी।

धारा 44–केन्द्रीय अधिनियम संख्या 5 सन् 1908 की धारा 92 एवं 93 का लागू न होना :

1. दीवानी प्रक्रिया संहिता 1908 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 5 सन् 1908) में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी उक्त संहिता की धारा 92 तथा 93 के प्रावधान लोक न्यासों पर लागू नहीं होंगे।

2. यदि किसी लोक न्यास पर इस अधिनियम के लागू होने की तारीख को संक्षम अधिकारिता वाले किसी दीवानी न्यायालय के समक्ष ऐसे न्यास के बारे में कोई वैध कार्यवाही विचाराधीन हो जिसमें कि एडवोकेट जनरल या उसकी शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिलाधीश पक्षकार है तो उन कार्यवाहियों में एडवोकेट जनरल अथवा जिलाधीश यथास्थिति, के स्थान पर देवस्थान आयुक्त प्रतिस्थापित हुआ समझा जाएगा तथा ऐसी कार्यवाहियों का निपटारा उक्त न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

3. किसी विलेख, योजना, सक्षम अधिकारिता वाले किसी दीवानी न्यायालय का आदेश या डिक्री, जो उक्त तारीख से पहले या बाद में बनाई या पारित की गई हो, में एडवोकेट जनरल के किसी निदेश का अर्थ देवस्थान आयुक्त लगाया जाएगा।

धारा 52 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 45—सहायक आयुक्त द्वारा जांच :

यदि किसी मामले में सहायक आयुक्त द्वारा इस अधिनियम के अन्तर्गत कोई जांच की जानी हो तो वह या तो स्वयं जांच कर सकेगा या मामले को जांच करने तथा रिपोर्ट देने के लिए किसी राजस्व अधिकारी, जो सहायक कलेक्टर के पद से

नीचे स्तर का न हो या ऐसे अन्य अधिकारी के पास जिसे राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ प्राधिकृत किया जाए, के पास प्रेषित कर सकेगा ।

किसी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य हेतु स्थगन आदेश जारी करना सहायक आयुक्त की अधिकारिता से परे है तथा मामला दीवानी प्रकृति का है जो सिविल न्यायालय द्वारा विचारण योग्य है ।[1]

[राज्य पर यह दायित्व है कि वह यह देखे कि न्यासकर्त्ता की इच्छा के अनुसार न्यास सम्पत्ति का उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं । प्राचीन समय में इस दायित्व का निर्वहण राजा द्वारा किया जाता था । इस उद्देश्य से यह उचित होगा कि न्यास की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य रोका जाय । तदनुसार अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिये एवं आयुक्त को ऐसी परिस्थितियों में सहायक आयुक्त के आवेदन पर 'रोकने के आदेश' (Stay order) देने की शक्ति प्रदान की जानी चाहिये ।]

धारा 46 – आयुक्त आदि लोक सेवक होना :

इस अधिनियम के अन्तर्गत नियुक्त आयुक्त, सहायक आयुक्त, निरीक्षक तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी भारतीय दण्ड संहिता 1860 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 45 सन् 1860) की धारा 21 के अर्थाधीन लोक सेवक समझे जाएंगे ।

---

1. मोहनराज व. सहायक आयुक्त, देवस्थान, पाली 1980 डब्ल्यू. एल. एन. (यू.सी.) 253

अध्याय 9

लोक न्यासों पर नियन्त्रण

धारा 47—विवरण पत्र एवं कथन :

1. प्रत्येक पंजीकृत लोक न्यास का कार्यवाहक न्यासी अधिकारिता रखने वाले सहायक आयुक्त के पास ऐसे (नक्शे) विवरण पत्र तथा कथन प्रस्तुत करेगा जो विहित किए जाएं।

2. आयुक्त अथवा सहायक आयुक्त किसी लोक न्यास के कार्यवाहक न्यासी या अन्य न्यासी से अथवा उस लोक न्यास से सम्बन्धित किसी व्यक्ति से उप धारा (1) में विहित सूचना के साथ-साथ कोई भी विवरण पत्र कथन या रिपोर्ट मांग सकेगा।

व्याख्या—राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 33 में उक्त धारा के अधीन आवश्यक विवरण एवं कथन की व्यवस्था की गई है जिनमें प्रत्येक विवरण एवं कथन को प्रस्तुत करने की तारीख भी विहित की गई है।

कथन (statement) में मौखिक एवं लिखित दोनों ही प्रकार के कथन सम्मिलित होते हैं।[1]

धारा 21 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 48—प्रवेश तथा निरीक्षण की शक्तियां :

आयुक्त, प्रत्येक सहायक आयुक्त एवं निरीक्षक तथा ऐसे अन्य अधिकारियों तथा व्यक्तियों जो इस निमित राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किए जाएं, को—

(क) एक लोक न्यास की किसी भी सम्पत्ति में प्रवेश तथा उसका निरीक्षण करने अथवा उसमें प्रवेश तथा निरीक्षण करवाने की शक्ति होगी।

(ख) न्यासी की किसी लोक न्यास की किसी कार्यवाही से अथवा उसके आधिपत्य में या नियन्त्रणाधीन किसी पुस्तक या लेखे से कोई उद्धरण मंगवाने या उसका निरीक्षण करने की शक्ति होगी।

---

1. साहू व. उत्तर प्रदेश राज्य ए. आई. आर. 1966 स. न्या. 40
गुजरात राज्य व. आचार्य श्री देवेन्द्र प्रसाद जी ए. आई. आर. 1969 स. न्या. 373

परन्तु शर्त यह है कि लोक न्यास की किसी भी सम्पत्ति में प्रवेश करने वाला अधिकारी, प्रवेश करने की उचित सूचना न्यासी को देगा तथा न्यास के धार्मिक आचारों एवं प्रथाओं का उचित ध्यान रखेगा।

व्याख्या—बम्बई उच्च न्यायालय के इस विनिश्चय को कि इस धारा के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 का उल्लंघन नहीं करते हैं तथा वे राज्य विधान मण्डल की सक्षमता से परे नहीं हैं, पुष्टि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई है।[1]

धारा 49—स्पष्टीकरण मांगने की शक्ति :

1. यदि धारा 34 के अधीन अंकेक्षक द्वारा प्रस्तुत की गई अंकेक्षण रिपोर्ट की पालना करने पर अथवा धारा 48 के अधीन किए गए निरीक्षण पर सहायक आयुक्त की यह राय हो अथवा आयुक्त उसे यह सूचना दे कि आयुक्त की यह राय है कि लोक न्यास के प्रशासन में सारवान दोष है तो सहायक आयुक्त कार्यवाहक प्रन्यासी को, ऐसी अवधि के भीतर जैसी वह ठीक समझे, स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दे सकेगा।

2. यदि अंकेक्षक द्वारा प्रेषित अंकेक्षण रिपोर्ट तथा निरीक्षण के परिणाम स्वरूप कार्यवाहक न्यासी द्वारा प्रस्तुत किए गए लेखे और स्पष्टीकरण यदि कोई हो, पर विचार करने पर सहायक आयुक्त विहित रीति से जांच करने तथा सम्बन्धित व्यक्तियों को अवसर देने के पश्चात् सन्तुष्ट हो जाता है कि न्यासी या कोई अन्य व्यक्ति घोर उपेक्षा या विश्वासघात, दुरुपयोग या दुराचार का दोषी है जिससे लोक न्यास को हानि हुई है तो वह—

(क) लोक न्यास को हुई ऐसी हानि की रकम तय करेगा।

(ख) यह तय करेगा कि क्या ऐसी हानि किसी व्यक्ति के विश्वासघात, दुरुपयोग या दुराचार के कारण हुई है।

(ग) यह निश्चित करेगा कि क्या न्यासी या कोई अन्य व्यक्ति ऐसी हानि के लिए उत्तरदायी है तथा

(घ) वह रकम निश्चित करेगा जो न्यासी या कोई अन्य व्यक्ति ऐसी हानि के लिए लोक न्यास की क्षतिपूर्ति करने हेतु उत्तरदायी है।

3. उपधारा (2) के खण्ड (घ) के अनुसार किसी न्यासी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चुकाने हेतु निश्चित की गई रकम (जिसको कि आगे अधिभारित राशि कहा गया है) धारा 50 के उपबन्धों के अन्तर्गत न्यायालय के किसी आदेश के अधीन अधिभारित राशि, न्यासी या उस व्यक्ति द्वारा ऐसी अवधि के भीतर जो सहायक आयुक्त नियत करे, चुकाई जाएगी।

---

1. रतिलाल पानाचन्द गांधी व. बम्बई राज्य ए. आई. आर. 1954 स. न्या 388

धारा 50—न्यायालय को आवेदन

1. धारा 49 के अन्तर्गत सहायक आयुक्त के निर्णय से व्यथित कोई भी व्यक्ति, निर्णय की तारीख से 90 दिन के भीतर ऐसे निर्णय को निरस्त कराने के लिए न्यायालय को आवेदन कर सकेगा।

2. न्यायालय ऐसी साक्ष्य लेने के पश्चात्, जो वह उचित समझे निर्णय को पुष्ट, परिवर्तित अथवा रूपान्तरित (Modify) कर सकेगा अथवा अधि-भार राशि (surcharged amount) को माफ कर सकेगा तथा परिव्ययों (costs) के सम्बन्ध में ऐसे आदेश दे सकेगा जिन्हें वह परिस्थितियों के अनुसार उचित समझे।

3. आवेदन पत्र का उपधारा (2) के अन्तर्गत निपटारा होने तक न्यायालय पर्याप्त कारणों के आधार पर प्रतिभूति सम्बन्धी शर्तों सहित अधिभार राशि की वसूली की कार्यवाहियों को ऐसी शर्तो पर, यदि कोई हो, जिन्हें वह उचित समझे रोक सकेगा।

4 उपधारा (2) के अन्तर्गत न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध इस प्रकार अपील हो सकेगी कि मानो ऐसा निर्णय, ऐसी डिक्री है जिसकी साधारणतः अपील होती है।

धारा 51—न्यासियों के बोर्ड में रिक्ति :

1. जब कोई लोक न्यास न्यासियों के बोर्ड के प्रबन्ध के अधीन हो तो कार्य-वाहक न्यासी बोर्ड में कोई रिक्ति होने पर, ऐसी रिक्ति से 20 दिन के भीतर उसकी सूचना सहायक आयुक्त को देगा तथा वह (कार्यवाहक न्यासी) उस रिक्ति को कितने समय में और किस रीति से भरने का विचार रखता है, इसके सम्बन्ध में भी सहा-यक आयुक्त को सूचित करेगा।

2. यदि कार्यवाहक न्यासी कोई ऐसी सूचना देने में अथवा स्वयं द्वारा विनिर्दिष्ट समय के भीतर रिक्त स्थान को भरने में विफल रहता है तो सहायक आयुक्त लिखित आदेश देकर रिक्त स्थान को भरेगा और लोक न्यास में हित रखने वाला कोई व्यक्ति जो सहायक आयुक्त के आदेश से व्यथित हो, ऐसे आदेश की तारीख से 30 दिन के भीतर न्यायालय को सहायक आयुक्त के आदेश को निरस्त करने के लिए आवेदन पत्र दे सकेगा।

व्याख्या—इस धारा को गम्भीर चुनौती दी गई। यह अभिनिर्धारित किया गया कि यह धारा न्यासियों के बोर्ड पर रिक्त स्थान को भरने का कर्तव्य अधिरो-पित करती है तथा जब कि रिक्त स्थान नहीं भरा जाता है तब से केवल सहायक आयुक्त को रिक्त स्थान भरना होता है। तब सहायक आयुक्त का आदेश न्यायालय के पुनर्विलोकन के अधीन होता है। इसलिए न्यासियों के बोर्ड के अधीन लोक न्यास के प्रबन्ध में रिक्त स्थान को भरने हेतु इस प्रक्रिया का अनुसरण करने में मूल अधि-कारों का हनन नहीं होता है। इस धारा की व्यवस्था सहायक आयुक्त द्वारा न्यासियों के बोर्ड पर निगरानी रखने के लिए की गई है जिससे कि रिक्त स्थान शीघ्रता से भरे जा सके। सहायक आयुक्त द्वारा मनमाने ढंग से शक्ति का प्रयोग करने के विरुद्ध यह पर्याप्त सुरक्षा है तथा ये उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के अधिकारातीत नहीं हैं।[1]

---

1. सूरजमल सिंघवी ब. राजस्थान राज्य 1966 आर.एल. डब्ल्यु, 566 (ख.पी.)

अध्याय 10

कतिपय लोक न्यास के संबंध में विशेष उपबन्ध

धारा 52—अध्याय का लागू होना :

1. इस अध्याय में अन्तर्विष्ट उपबन्ध ऐसे प्रत्येक लोक न्यास पर लागू होंगे—

(क) जो राज्य सरकार में निहित है, या

(ख) जिसका संधारण राज्य सरकार के खर्चे से होता है, या

(ग) जिसका प्रबन्ध सीधे राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, या

(घ) जो कोर्ट ऑफ वार्डस् के अधीक्षण में है, अथवा

(ङ) जिसकी सकल वार्षिक आय 10,000 (दस हजार) रुपये या अधिक है।

2. राज्य सरकार, इस अध्याय के प्रारम्भ होने के यथा शीघ्र पश्चात्, राज पत्र में उन लोक न्यासों की सूची प्रकाशित करेगी, जिन पर यह अध्याय लागू होता है और तत्सदृश अधिसूचना द्वारा तथा तत्समान रीति से ऐसी सूची में परिवर्धन या परिवर्तन कर सकेगी।

व्याख्या—अध्याय 10 के उपबन्धों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण बिन्दु न्यायालय के समक्ष विचारार्थ यह उपस्थित हुआ कि न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने के सिवाय स्वयं सहायक आयुक्त या आयुक्त को आदेश पारित करने की शक्ति नहीं प्रदान की गई है। यह संप्रेक्षण किया गया कि न्यायालय ही उसके समक्ष किसी मामले में अपना मानस बनाने के पश्चात् आदेश पारित करता है। न्यायालय पक्षकारों के मूल अधिकारों के सम्बन्ध में विधि के अनुसार आदेश पारित करने हेतु बाध्य होता है।[1]

निःसन्देह धर्मशास्त्रों के अनुसार धार्मिक सम्पत्ति का संरक्षण करना पवित्र कार्य है जो व्यक्ति की आध्यात्मिक उन्नति में सहायक है। ये सभी पाठ केवल इस पर बल देते हैं कि धार्मिक संस्था की सम्पत्ति का संरक्षण करना व्यक्ति का कर्त्तव्य है किन्तु इसका कहीं उल्लेख नहीं है कि देश की विधि का पालन नहीं किया जाय।

---

1. सूरजमल सिंघवी व० राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यु. 566 (नर्वो)

ऐसा धर्म का भी व्यादेश नहीं है। सम्पत्ति के संरक्षण के मामले में एक धार्मिक न्यास की सम्पत्ति के प्रबन्ध के धर्म निरपेक्ष के पहलू का देश की विधि के अनुसार पालन किया जाना चाहिये। जैन धर्म का यह व्यादेश नहीं है कि सम्पत्ति के धर्म निरपेक्ष प्रबन्ध विधि से ऊपर है यद्यपि जैन धर्म के अनुसार भी एक वर्ग द्वारा सम्पत्ति का धर्म निरपेक्ष प्रबन्ध विधि के अनुसार किया जाना चाहिये।[1] जहां प्रबन्ध राज्य के पास है तो वह मामला धारा 52 (1) क या (ग) के अन्तर्गत आ जाता है। यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन नहीं है।[2]

राज्य सरकार ने मन्दिर एवं संस्थाओं को निम्नलिखित चार श्रेणियों में विभक्त किया है:

1. प्रत्यक्ष प्रभार के मन्दिर व संस्थान
2. आत्मनिर्भर मन्दिर व संस्थान
3. सुपुर्दगी के मन्दिर व संस्थान
4. कोर्ट आफ वार्डस के मन्दिर व संस्थान

राज्य सरकार द्वारा राज पत्र में अधिसूचना द्वारा इन मन्दिरों व संस्थानों की सूची प्रकाशित की गई है जो आगे दी गई है।

धारा 53 - लोक न्यासों का प्रबन्ध जिन पर यह अध्याय लागू होता है :

1. उस तारीख से जो राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियत की जाए, ऐसे लोक न्यास जिन पर यह अध्याय लागू होता है, का प्रबन्ध इस अधिनियम के किसी उपबन्ध में अथवा किसी विधि, रिवाज अथवा प्रथा में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए, भी एक प्रबन्ध समिति में निहित होगा, जिसका गठन राज्य सरकार द्वारा एतद्पश्चात दी गई रीति से किया जाएगा तथा राज्य सरकार इस धारा के प्रयोजनार्थ भिन्न-भिन्न लोक न्यासों के लिए भिन्न-भिन्न तारीखें नियत कर सकेगी।

2. किसी लोक न्यास के सम्बन्ध में उपधारा (1) के अधीन नियत तारीख पर या उसके पूर्व राज्य सरकार, धारा 54 में उल्लिखित उपबन्धों के अधीन रहते हुए, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उक्त लोक न्यास के लिए प्रबन्ध समिति का गठन ऐसे नाम से करेगी जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए तथा ऐसी समिति को उक्त लोक न्यास एवं उसके विन्यास का कार्यवाहक न्यासी समझा जाएगा।

किन्तु शर्त यह है कि एक ही धर्म या धार्मिक विश्वास के प्रतिनिधि कई लोक न्यासों के न्यासियों एवं उनमें हित रखने वाले व्यक्तियों की संयुक्त प्रार्थना पर राज्य सरकार उन सब न्यासों के लिए एक प्रबन्ध समिति का गठन कर सकेगी, यदि विन्यास एक ही नगर, कस्बे या बस्ती में स्थित हो।

---

1. मूरजमल सिघंवी ब. राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यु. 566 (ख पी)
2. वही

3. उपधारा (2) के अन्तर्गत गठित प्रत्येक प्रबन्ध समिति शाश्वत उत्तराधिकार तथा सामान्य मुद्रा रखने वाली एक निगम निकाय होगी एवं उसे ऐसी शर्तों तथा प्रतिबन्धों के अधीन जो विहित किए जाएं, सम्पत्ति अवाप्त करने, धारण करने तथा उसका व्ययन करने की शक्ति होगी एवं उपधारा (2) के अन्तर्गत अधिसूचना में प्रकाशित नाम से वाद संस्थित कर सकेगी तथा उसी नाम से उसके विरुद्ध वाद संस्थित किया जा सकेगा।

4. प्रबन्ध समिति में एक सभापति एवं सम संख्या में अधिक से अधिक दस तथा कम से कम दो, जैसा कि राज्य सरकार निश्चित करे, सदस्य होंगे।

5. प्रबन्ध समिति के सभापति तथा सदस्यों को राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा

(क) एक ही धर्म या धार्मिक विश्वास का प्रतिनिधित्व करने वाले तथा एक समान ध्येय रखने वाले लोक न्यासों के न्यासियों में से तथा

(ख) ऐसे लोक न्यासों या धन के विन्यासों में हित रखने वाले व्यक्तियों अथवा जिस सम्प्रदाय के प्रयोजनार्थ या लाभार्थ न्यास की संस्थापना की गई थी, उस समुदाय के व्यक्तियों में से,

उक्त प्रकार से हित रखने वाले व्यक्तियों की सामान्य इच्छाओं के अनुसार जहां तक ऐसी इच्छाओं का विहित रीति से ठीक-ठीक पता लगाया जा सकता है, वियुक्त करेगी।

किन्तु शर्त यह है कि ऐसे लोक न्यास के सम्बन्ध में जिसका न्यासी आनुवांशिक हो तो ऐसा न्यासी तथा मठ के मामले में उसका अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति का सभापति होगा यदि वह अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है।

व्याख्या—इस धारा में लोक न्यास के प्रबन्ध के बारे में व्यवस्था की गई है। धारा 53 के अधीन राज्य सरकार को प्रबन्ध समिति के सभापति एवं सदस्यों का चयन करने की मनमानी शक्तियां प्रदान की गई हैं। ऐसे मामले में उक्त संकेत है जिनमें राज्य सरकार किसी वर्ग या सम्प्रदाय को न्यास सम्पत्ति के प्रबन्ध से बिल्कुल ही विनिहित कर दे। इसके लिए धारा 53 में उचित सुरक्षा प्रदान नहीं की गई है अतः धारा 52 की उपधारा 1 के खण्ड (घ) एवं (ङ) संविधान के अधिकारातीत हैं।[1]

धारा 54—समिति के गठन के पूर्व आनुवंशिक न्यासी को सूचना :

जब कभी आनुवंशिक न्यासी की प्रथा रखने वाले लोक न्यास अथवा किसी मठ के लिए धारा 53 के अधीन प्रबन्ध समिति नियुक्त की जाती है तो राज्य सरकार ऐसी समिति का गठन करने के पूर्व उस लोक न्यास के आनुवंशिक न्यासी

---

1. सूरजमल सिंघवी व. राजस्थान राज्य 1966 आर. एल. डब्ल्यु. 566 (डी बी)

को अथवा मठ के अध्यक्ष को प्रबन्ध समिति का गठन करने के अपने इरादे की सूचना देगी और ऐसे आनुवंशिक न्यासी या अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों पर यदि कोई हों, विचार करेगी तथा उनकी सुनवाई करेगी।

धारा 55—सदस्यता विषयक निर्योग्यतायें :

कोई व्यक्ति, प्रबन्ध समिति का सदस्य नियुक्त होने अथवा बनने के लिए निर्योग्य होगा, यदि वह—

(क 21 वर्ष से कम आयु का है, अथवा

(ख) किसी आपराधिक न्यायालय द्वारा नैतिक पतन युक्त किसी अपराध का दोषी ठहराया गया है, अथवा

(ग) विकृत मस्तिष्क है तथा किसी सक्षम न्यायालय द्वारा वैसा घोषित कर दिया गया है, अथवा

(घ) अनुन्मुक्त दिवालिया है, या

(ङ) लोक न्यास के विन्यास सम्बन्धी पट्टे या किसी अन्य लेन देन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हित रखता है, अथवा

(च) प्रबन्ध समिति का वेतन भोगी सेवक है, अथवा

(छ) दुराचरण का दोषी पाया गया है या जिस लोक न्यास के लिस प्रबन्ध समिति का गठन किया गया हो वह लोक न्यास जिस धर्म या धार्मिक विश्वास अथवा धार्मिक सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करता है उस धर्म या धार्मिक विश्वास अथवा धार्मिक सस्प्रदाय का अनुयायी नहीं रहा है अथवा

(ज) अन्यथा अयोग्य है।

धारा 56—समिति के कार्यकाल की अवधि :

1. किसी प्रबन्ध समिति के सभापति तथा सदस्यों की पदावधि पांच वर्ष की होगी और वे पुनः नियुक्ति के लिए योग्य हो सकेंगे।

किन्तु शर्त यह है कि यदि किसी लोक न्यास के लिए गठित प्रबन्ध समिति के सभापति या सदस्य के रूप में किया गया व्यक्ति उस लोक न्यास का आनुवंशिक न्यासी हो तो वह सभापति या सदस्य, यथास्थिति का पद तब तक वंशानुगत रूप से धारण करेगा जब तक कि उसे राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के अधीन हटाया न जाए।

2. प्रबन्ध समिति का सभापति या कोई सदस्य राज्य सरकार को सम्बोधित करते हुए एवं हस्ताक्षरयुक्त अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा।

किन्तु शर्त यह है कि ऐसा त्याग पत्र तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि उसे राज्य सरकार द्वारा स्वीकार न कर लिया जाय।

धारा 56 एफ : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 57—सदस्यों का हटाया जाना :

यदि राज्य सरकार को यह प्रतीत हो कि इस अध्याय के अन्तर्गत गठित किसी प्रबन्ध समिति का सभापति या किसी सदस्य धारा 55 में उल्लिखित किसी निर्योग्यता से ग्रस्त हो गया है तो राज्य सरकार ऐसे सभापति या सदस्य को "कारण बताओ नोटिस" देने का अवसर प्रदान करने के पश्चात् तथा इस प्रकार बताए गए कारणों पर विचार करने के पश्चात् उसको अपने पद से हटा सकेगी तथा राज्य सरकार का ऐसा निर्णय अन्तिम होगा।

व्याख्या—जहां न्यासी के विरुद्ध की गई शिकायत में न्यास भंग के सम्बन्ध में ऐसा कोई अभिकथन नहीं किया गया है तो न्यासी को केवल इस आधार पर हटाने का अनुतोष नहीं दिया जा सकता कि वह अनैतिक चरित्र का है।[1]

धारा 58 - नए सदस्यों की नियुक्ति :

राज्य सरकार नया सभापति या सदस्य उस दशा मे नियुक्त कर सकेगी जब किसी प्रबन्ध समिति का सभापति या सदस्य—

(क) त्याग पत्र दे देता है या मर जाता है अथवा

(ख) लगातार छः माह की अवधि के लिए
आयुक्त की बिना अनुमति के भारत से बाहर रहता है अथवा

(ग) विदेश में बसने के लिए भारत छोड़ देता है अथवा

(घ) अपना कार्य करने से इन्कार कर देता है अथवा

(ङ) धारा 57 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा हटा दिया जाता है।

धारा 59—प्रबन्ध समिति की बैठकें और प्रक्रिया :

1. प्रबन्ध समिति की बैठकें ऐसे कालान्तरों पश्चात् होगी और वह अपनी शक्तियों का प्रयोग तथा अपने कर्तव्यों एवं कृत्यों का निर्वहन करते समय ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगी जो विहित की जाय, किन्तु दिन प्रतिदिन की कार्यवाहियों तथा सामान्य कार्यों का निपटारा प्रबन्ध समिति द्वारा निर्मित तथा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विनियमों के अनुसार किया जाएगा।

2. प्रबन्ध समिति का कोई कार्य या उसकी कोई कार्यवाही प्रबन्ध समिति के सदस्यों में से किसी सदस्य का कोई स्थान रिक्त होने या उसके गठन में कोई त्रुटि होने मात्र के कारण अवैध नहीं होगा।

व्याख्या—राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 37 में यह व्यवस्था की गई है कि समिति की बैठक कम से कम महीने में एक बार होगी। कोरम, विनिश्चयों का कार्यान्वयन, शक्तियों का प्रत्यायोजन (Delegation of

---

1. जोशी कान्तीलाल ब. मेहता गिरधारीलाल 1965 गुज. ला.रि 381

Powers) प्रतिदिन के कार्यों का संचालन एवं उपस्थिति आदि से सम्बन्धित विषय इस नियम में दिये गये हैं।

धारा 56 जे : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 60—उपसमितियों की नियुक्ति :

प्रबन्ध समिति, जैसा वह उचित समझे संकल्प पारित करके ऐसी उपसमितियां नियुक्त कर सकेगी तथा उनको ऐसी शक्तियां एवं कर्तव्य सौंप सकेगी जिन्हें वह संकल्प में निर्दिष्ट करे और कोई उपसमिति सामान्यत: या किन्हीं विशेष प्रयोजनों के लिए एवं ऐसी रीति से जो विनियमों द्वारा निश्चित किए जाएं किसी ऐसे व्यक्ति को अपने साथ सम्बद्ध कर सकेगी जो उसका सदस्य न हो लेकिन वह (प्रबन्ध समिति) उसकी सलाह लेना चाहती है तथा उपर्युक्त प्रकार से सम्बद्ध व्यक्ति को उक्त प्रयोजन से संगत उपसमिति के विचार-विमर्श में भाग लेने का अधिकार होगा किन्तु उसे उसकी बैठक में मत देने का अधिकार नहीं होगा।

धारा 66 के : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 61—प्रबन्ध समिति के कर्त्तव्य

1. आयुक्त के सामान्य तथा विशेष आदेशों के अधीन रहते हुए प्रबन्ध समिति का यह कर्त्तव्य होगा कि वह लोक न्यास या न्यासों जिसके या जिनके लिए उसका गठन किया गया है, के कार्य कलापों का प्रबन्ध तथा व्यवस्था करे तथा इस अधिनियम द्वारा या इस अधिनियम के अधीन अथवा उक्त लोक न्यास से सम्बन्धित तत्समय प्रभावशील किसी न्यास विलेख के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा सौंपे गए कर्त्तव्यों एवं कृत्यों का निर्वहन इस प्रकार करे कि यह सुनिश्चित हो जाय कि उक्त न्यास का विन्यास या उसकी अन्य सम्पत्ति का संधारण, नियन्त्रण तथा व्यवस्था उचित रूप से की जाती है एवं उसकी आय उन उद्देश्यों तथा प्रयोजनों के लिए सम्यक रूपेण प्रयुक्त की जाती है जिनके लिए न्यास बनाया गया था या जिनके लिए उसका संचालन आशयित है।

2. विशेष रूप से तथा पूर्वगामी उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रबन्ध समिति—

(क) ऐसा अभिलेख जिसमें न्यास के उद्‌भव, आय तथा उद्देश्य से सम्बन्धित सूचना जहां तक वह एकत्र की जा सके, लिखी हो उचित प्रकार से रखेगी।

(ख) न्यास की आय तथा व्यय का अनुमान लगाकर बजट तैयार करेगी।

(ग) प्रत्येक लोक न्यास जिसके लिए उसका गठन किया गया है, का अलग-अलग लेखा रखेगी।

(घ) यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे लोक न्यास की आय तथा सम्पत्ति का उपयोग उन उद्देश्यों तथा प्रयोजनों के लिए किया जाता है

जिनके लिए उस न्यास का सृजन किया गया था अथवा जिस प्रकार से उस न्यास का संचालन किया जा रहा है।

(ङ) ऐसे लोक न्यास अथवा न्यासों के समस्त कार्य-कलापों की देख-रेख, नियन्त्रण तथा प्रबन्ध करेगी तथा उनका संधारण करेगी।

(च) उस न्यास की सम्पत्तियों का निरीक्षण करेगी अथवा निरीक्षण करवाएगी।

(छ) ऐसे लोक न्यास अथवा न्यासों से संबंधित वादों तथा कार्यवाहियों को न्यायालय में संस्थित करेगी तथा उनका प्रतिवाद करेगी।

(ज) लोक न्यास अथवा न्यासों की लुप्त वस्तुओं की पुन: प्राप्ति हेतु उपाय करेगी।

(झ) ऐसे विवरण, आंकड़े, लेखे तथा अन्य सूचना भेजगी जो राज्य सरकार समय-समय पर अपेक्षा करे तथा

(ञ) उक्त लोक न्यास अथवा न्यासों के निर्माण में अथवा उससे संबंधित विन्यासों के निर्माण में अन्तर्विष्ट उद्देश्यों एवं प्रयोजनों का यथोचित ध्यान रखते हुए तथा जिस व्यक्ति या जिन व्यक्तियों ने उक्त लोक न्यास अथवा न्यासों का स्थापन अथवा सृजन किया उनकी इच्छाओं का भी सम्यक् ध्यान रखते हुए सामान्यत: ऐसे समस्त कार्य करेगी जो उक्त लोक न्यास अथवा न्यासों के उचित नियन्त्रण, संधारण तथा व्यवस्था के लिए आवश्यक हों अथवा उसके/उनके स्थायित्व एवं समृद्धि के लिए सहायक समझे जायें।

स्पष्टीकरण—किसी लोक न्यास के संधारण में निम्नलिखित कार्य सम्मिलित होंगे—

(1) जिस धर्म या धार्मिक विश्वास का यह लोक न्यास प्रतीक है उसके सिद्धान्तों के अनुसार एवं उसकी स्थापना में अथवा उससे संबंधित विन्यासों के सृजन में अन्तर्निहित उद्देश्यों एवं प्रयोजनों का यथोचित ध्यान रखते हुए तथा जिस व्यक्ति अथवा जिन व्यक्तियों ने उक्त न्यास की नींव डाली या उसके सम्बन्ध में विन्यासों का सृजन किया, उनकी इच्छाओं का भी जहां तक वे मालूम हो सकें सम्यक् ध्यान रखते हुए संचालन किया जाना;

(2) ऐसे लोक न्यास की सम्पत्तियों तथा उसके विन्यासों की दैनिक व्यवस्था;

(3) ऐसे लोक न्यास के नाम दातव्यों तथा ऋणों, यदि कोई हो, का भुगतान;

(4) धारा 65 की उपधारा (2) के अधीन निश्चित किए गए भत्तों का भुगतान।

धारा 56 एम : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 62—समिति के कर्त्तव्यों का पालन कराने की तथा उसके सम्बन्धित व्यय का समिति के कोष में से भुगतान कराने का निदेश देने की आयुक्त की शक्ति :

आयुक्त राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से किसी ऐसे कर्तव्य का पालन कराने की व्यवस्था कर सकेगा जिसका पालन करने के लिए प्रबन्ध समिति इस अधिनियम के उपबन्धों अथवा तद्धीन बनाए गए नियमों या दिए गए आदेशों के अधीन बाध्य है तथा आयुक्त यह निदेश दे सकेगा कि ऐसे कर्त्तव्यों के पालन सम्बन्धी व्यय का भुगतान उस व्यक्ति द्वारा जिसकी अभिरक्षा में उस समय ऐसे लोक न्यास या न्यासों की कोई निधि हो, जिसके/जिनके लिए समिति का गठन किया गया है, उक्त निधि में से किया जाएगा।

व्याख्या—इस धारा में समिति द्वारा कार्यों का निर्वहण कराने के लिए आयुक्त को शक्ति प्रदान की गई है तथा वह समिति की निधि या लोक न्यास से व्ययों का भुगतान करने का निदेश दे सकता है। राज्य सरकार की इससे पूर्व अनुमति आवश्यक है।

धारा 56 क्यू : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 63—समिति का अधिक्रमण करने की शक्ति :

1. यदि राज्य सरकार की यह राय हो कि प्रवन्ध समिति, इस अधिनियम अथवा तत्समय प्रभावशील किसी अन्य विधि द्वारा या विधि के अन्तर्गत उस पर अधिरोपित कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है या निरन्तर त्रुटि करती रही है अथवा उसने अपनी शक्तियों का सीमातिरेक या दुरुपयोग किया है तो राज्य सरकार राज-पत्र में अधिसूचना द्वारा समिति को ऐसी अवधि के लिए अधिक्रमित कर सकेगी जिसका उल्लेख अधिसूचना में किया जाए।

किन्तु शर्त यह है कि इस उपधारा के अधीन अधिसूचना जारी करने के पूर्व राज्य सरकार प्रवन्ध समिति को कारण बताने का यथोचित अवसर देगी कि उसे अधिक्रमित क्यों न कर दिया जाए तथा ऐसी समिति द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरणों एवं आपत्तियों पर यदि कोई हो, विचार करेगी।

2. प्रवन्ध समिति को अधिक्रमित करते हुए उपधारा 1 के अधीन अधिसूचना के प्रकाशित होने पर ऐसी समिति का सभापति तथा उसके समस्त सदस्य, अतिक्रमण की तारीख से अपने पद रिक्त कर देंगे एवं इस अधिनियम या तत्समय प्रभावशील किसी अन्य विधि के उपबन्धों द्वारा या उपबन्धों के अधीन, प्रवन्ध समिति द्वारा या प्रवन्ध समिति की ओर से जिन समस्त शक्तियों का प्रयोग तथा

समस्त कर्त्तव्यों का पालन किया जाना हो, उनका प्रयोग अधिक्रमण की अवधि में, ऐसे व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा जिसके/जिनके लिए राज्य सरकार धारा 55 के उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दे।

3. अधिक्रमण की अवधि जो उपधारा (1) के अन्तर्गत आदेश में विनिर्दिष्ट हो, राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी करके समय-समय पर बढ़ाई जा सकेगी।

4 उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट या उपधारा (3) के अधीन बढ़ाई गई अधिक्रमण की अवधि की गणना करने में, याचिका या कार्यवाही जिसके द्वारा अधिक्रमण आदेश की वैधता को किसी न्यायालय में चुनौती दी जाय, के अभियोजन तथा निपटारे में व्यतीत अवधि सम्मिलित नहीं की जाएगी।

5. अधिक्रमण अवधि या बढ़ाई गई अधिक्रमण अवधि समाप्त होने पर या उसके पूर्व राज्य सरकार धारा 53 में प्रावहित रीति से समिति का पुनर्गठन करेगी।

धारा 56 आर : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 64—विनियम बनाने की शक्ति :

1. प्रबन्ध समिति, राज्य सरकार की अनुमति से इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के पालनार्थ ऐसे उप नियम बना सकेगी जो इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों से असंगत न हो।

2. पहले के उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, विशेष रूप से ऐसे विनियमों में निम्नलिखित समस्त या उनमें से किन्हीं विषयों के लिए व्यवस्था की जा सकेगी—

(1) दैनिक कार्यवाहियों तथा सामान्य काम काज का निपटारा,

(2) प्रबन्ध समिति के कर्त्तव्यों तथा कार्यों के पालनार्थ आवश्यक अधिकारियों तथा कर्मचारियों का नियोजन;

(3) उनके नियोजन सम्बन्धी अनुबन्ध तथा शर्तें, तथा

(4) वह रीति जिससे किसी व्यक्ति को जो कि समिति का सदस्य नहीं है, धारा 60 के अधीन गठित किसी उपसमिति से सम्बद्ध किया जा सकेगा।

व्याख्या—समिति द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों का राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन किया जाना आवश्यक है।

धारा 56 एस : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 65—आनुवंशिक न्यासियों के अधिकार :

1. इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट कोई बात ऐसे लोक न्यास जिस पर यह अध्याय लागू होता है, के आनुवंशिक न्यासी, यदि कोई हो, के अधिकारों पर निम्नलिखित के बारे में कोई प्रभाव नहीं डालेगी—

(क) ऐसे लोक न्यास की किसी इमारत में रहना या

(ख) ऐसे लोक न्यास के प्रयोजनार्थ उक्त किसी इमारत का उपयोग करना अथवा

(ग) उसको व्यक्तिगत रूप से समर्पित भेंट, नजर तथा धर्मदान लेना अथवा

(घ) लोक न्यास की आय में से उपधारा (2) के अधीन नियत भत्ता लेना अथवा

(ङ) ऐसे लोक न्यास की सेवा या पूजा अथवा उसमें किसी संस्कार के अनुष्ठान अथवा तत्सम्बन्धी किसी समारोह, जो उक्त लोकन्यास के रिवाज या प्रथा के अनुसार हो, में भाग लेना।

2. राज्य सरकार ऐसे लोक न्यास जिस पर यह अध्याय लागू होता है, के आनुवंशिक न्यासी की उक्त लोक न्यास की आय में से देय भत्ते की रकम ऐसे न्यासी की प्रतिष्ठा, लोक न्यास की सकल आय तथा अन्य विहित विवरणों पर विचार करने के पश्चात् निश्चित तथा नियत करेगी।

व्याख्या—सम्पूर्ण भारत में हिन्दु धार्मिक विन्यासों के निमित्त कई प्रकार के आनुवंशिक न्यासी कार्य कर रहे हैं। सस्थाओं के प्रकार की दृष्टि से उनका दो श्रेणियों में विभाजन किया जा सकता है—(1) मन्दिरों के आनुवंशिक न्यासी तथा (2) मठ या मठाधिपतियों के आनुवंशिक न्यासी।[1]

सर्वोच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि आनुवंशिक न्यासियों के प्रबन्ध का यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 31 के अर्थ में सम्पत्ति का अधिकार है तथा आनुवंशिक न्यासियों को शक्तियों से किसी भी सीमा तक विधि न्यायालयों के माध्यम से ही वंचित किया जा सकता है। इसने कई संस्थाओं को भारी हानि पहुंचाई किन्तु सम्पत्ति का अधिकार अब मूल अधिकार नहीं रहा है[2]।

नाथद्वारा मन्दिर के प्रधान पुरोहित (तिलकायत) का पद आनुवंशिक है। प्रधान पुरोहित का सबसे बड़ा पुत्र अपने पिता का उत्तराधिकारी होता है इसकी नियुक्ति या चुनाव नहीं होता। वह अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ मन्दिर से जुड़े भवन में रहता है तथा ये पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय के कहलाते हैं। पुत्रियां उत्तराधिकारी नहीं बनतीं।

राजस्थान लोक न्यास नियम 1962 के नियम 38 में आनुवंशिक न्यासियों के भत्तों के बारे में व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार को आनुवंशिक न्यासियों के भत्तों को निश्चित करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। ये भत्ते सकल आय के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।

———

1. हिन्दु धार्मिक विन्यास आयोग की रिपोर्ट 1962 पृ. 199
2. 42वां संविधान संशोधन

अध्याय 11

धर्मादा

धारा 66—धर्मादा :

1. यदि किसी व्यवसाय या व्यापार की रूढ़ियाँ प्रथा के अनुसार किसी सौदे के सम्बन्ध में पक्षों में हुए करार के अनुसार उक्त सौदे से सम्बन्धित किसी पक्ष से कोई भी राशि वसूल की जाती है या किसी पुण्यार्थ या धार्मिक प्रयोजन हेतु प्रयुक्त किए जाने के अभिप्राय से किसी भी नाम से एकत्रित की जाती है तो इस प्रकार वसूल की गई या एकत्रित की गई राशि जिसे इस अधिनियम में "धर्मादा" कहा गया है, वसूल या एकत्रित करने वाले व्यक्ति में न्यासी के रूप में निहित होगी।

2. उक्त रीति से वसूल या एकत्रित की गई राशि, सम्बन्धित व्यवसाय या व्यापार से सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा विहित रीति से निर्वाचित सदस्यों से गठित समिति द्वारा निर्देशित रीति से उपयोग में लाई जाएगी।

3. धर्मादा वसूल या एकत्रित करने वाला प्रत्येक व्यक्ति उस वर्ष, जिनके लिए उसके लेखे सामान्यतः रखे जाते हैं, की समाप्ति से उस अवधि के भीतर जो विहित की जाय, उसके द्वारा ऐसे वर्ष के दौरान वसूल या एकत्रित किए गए धर्मादे का लेखा ऐसे प्रपत्र में जो विहित किया जाए, अधिकारिता रखने वाले सहायक आयुक्त के पास या उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट समिति के पास, जैसा कि राज्य सरकार सामान्य या विशेष आदेश करे, प्रेषित करेगा।

4. उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट समिति द्वारा इस निमित्त किए गए निवेदन पर सहायक आयुक्त को उपधारा (3) के अधीन उसको या उक्त समिति को भेजे गए लेखे की शुद्धता का सत्यापन करने के लिए ऐसी जांच जिसे वह उपयुक्त समझे करने की शक्ति होगी।

5. अध्याय 5 के उपबन्ध धर्मादा पर लागू नहीं होंगे।

व्याख्या—अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (ii) में परिभाषित धर्मादा एक लोक न्यास है।

उपधारा (4) में अभिव्यक्त रूप से उपबन्धित है कि धर्मादा के पंजीयन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इस पर अधिनियम के अध्याय 5 के उपबन्ध लागू नहीं होते।

इस धारा के उपवन्धों को प्रभावशील बनाने हेतु सरकार द्वारा नियम 39, 40 एवं 41 बताए गए हैं। नियम 39 समिति के सदस्यों के चुनाव के सम्बन्ध में है। नियम 40 में यह उपवन्धित है कि धर्मादा लेखा वर्ष की समाप्ति से 3 माह के भीतर प्रारूप संख्या 15 में प्रस्तुत किया जाएगा। नियम 41 धर्मादा लेखे के जांच व अंकेक्षण के बारे में है। सहायक आयुक्त धर्मादा का लेखा प्रारूप संख्या 16 के रजिस्टर में रखेगा। व्यापारियों द्वारा प्रत्येक वर्ष शुभकाम हेतु अलग रखे गए लाभों के पंजीयन की आवश्यकता नहीं होती।

धारा 54 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

अध्याय 12

कार्य प्रणाली तथा शास्तियां

धारा 67—जांच अधिकारियों को दीवानी न्यायालय की शक्तियां :

इस अधिनियम के अन्तर्गत जांच करते समय आयुक्त अथवा सहायक आयुक्त को वैसी ही शक्तियां होंगी जो किसी वाद के विचारण में निम्नांकित मामलों में दीवानी प्रक्रिया संहिता 1908 (केन्द्रीय अधिनियम 5 सन् 1908) के अन्तर्गत दीवानी न्यायालयों में निहित होती हैं—

(क) शपथ पत्रों द्वारा तथ्यों का साक्ष्य

(ख) किसी व्यक्ति को सम्मन द्वारा बुलाना तथा उसे उपस्थित होने के लिए बाध्य करना एवं शपथ पर उसका परीक्षण करना

(ग) दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करना

(घ) कमीशन जारी करना ।

व्याख्या—भारतीय साक्ष्य अधिनियम के उपबन्धों के अधीन शपथ पत्रों को साक्ष्य के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता । इनका साक्ष्य के रूप में केवल दीवानी प्रक्रिया संहिता के अधीन प्रयोग किया जा सकता है जब न्यायालय पर्याप्त कारणों पर कोई आदेश देता है कि विशेष तथ्य शपथ-पत्र द्वारा सिद्ध किया जाय ।[1] जब शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो न्यायालय को यह देखना चाहिये कि वह दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 19 नियम 3 द्वारा अपेक्षित उचित रूप से लिखा गया एवं सत्यापित किया गया है । प्रत्येक शपथ पत्र स्पष्ट रूप से प्रकट करना चाहिये कि अभिसाक्षी के ज्ञान तथा विश्वास का कितना कथन है तथा विश्वास के आधार भी पर्याप्त रूप से बताए जाने चाहियें । लापरवाही से किया गया सत्यापन शपथ पत्र को खारिज कर सकता है ।[2] जब अभिसाक्षित बात निजी ज्ञान पर आधारित नहीं है तो सूचना का स्रोत स्पष्ट रूप से दिया जाना चाहिये ।

कमीशन जारी करना शब्दों का विस्तृत अर्थ है इसमें दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 26 के अधीन सभी कमीशन सम्मिलित होते हैं तथा स्थानीय अन्वेषण

---

1. खानदेश स्पीनिंग एण्ड वीविंग मिल्स व. के. जी. के. संघ ए.आई.आर. 1960 सन्या 571
2. ए.आई.आर. 1952 सन्या. 317

हेतु कमिश्नरों को नियुक्त करने की शक्ति भी सम्मिलित है। कमीशन जारी करना अधिकार का विषय नहीं होता है यह न्यायालय के विवेक का विषय है। पक्षकार के लिए यह बताना आवश्यक है कि जब तक कमीशन जारी नहीं किया जाएगा तब तक न्यायालय के समक्ष आवश्यक एवं सुसंगत तथ्यों को नहीं रखा जा सकेगा। एक पर्दानशीन महिला को न्यायालय में उपस्थित न होने से इन्कार करने का अधिकार है तथा यह कहने का अधिकार है कि यदि उसका परीक्षण किया जाना है तो उसकी साक्ष्य कमीशन पर ली जाय। एक पर्दानशीन महिला का कमीशन पर परीक्षण किया जाना चाहिये।[1]

धारा 73 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 28 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 68—जांच न्यायिक कार्यवाही होना :

इस अधिनियम के अन्तर्गत समस्त जांच भारतीय दण्ड संहिता 1860 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 45 सन् 1860) की धारा 193, 219 तथा 228 के अर्थों में न्यायिक कार्यवाहियां समझी जाएंगी।

व्याख्या—सुविधा की दृष्टि से भारतीय दण्ड संहिता की उक्त तीनों धाराओं को संक्षेप में यहां दिया जा रहा है।

धारा 193—जो कोई साशय किसी न्यायिक कार्यवाही के किसी प्रक्रम में मिथ्या साक्ष्य देगा या किसी न्यायिक कार्यवाही के किसी प्रक्रम में उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से मिथ्या साक्ष्य गढ़ेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

और जो कोई किसी अन्य मामले में साशय मिथ्या साक्ष्य देगा या गढ़ेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

धारा 219—जो कोई लोक सेवक होते हुए न्यायिक कार्यवाही के किसी प्रक्रम में कोई रिपोर्ट, आदेश, अधिमत या विनिश्चय जिसका विधि के प्रतिकूल होना वह जानता हो, भ्रष्टतापूर्वक या विद्वेषपूर्वक देगा या सुनाएगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धारा 228—जो कोई किसी लोक सेवक का उस समय जबकि ऐसा लोक सेवक न्यायिक कार्यवाही के किसी प्रक्रम में बैठा हुआ हो, साशय कोई

1. ए.आई.आर. 1942 कल. 143

अपमान करेगा या उसके कार्य में कोई विघ्न डालेगा, वह सादा कारावास से जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

एक विधिक कार्यवाही वह है जिसका उद्देश्य एक दूसरे के बीच या व्यक्तियों के समूह या उसके एवं समिति के बीच निश्चित करना है अथवा न्यायालय द्वारा न्याय के प्रशासन के दौरान लिया गया कोई कदम है।[1] इसमें वे कार्यवाहियां सम्मिलित हैं जिनके दौरान शपथ पर साक्ष्य ली जाती है।[2] क्या एक कार्यवाही न्यायिक कार्यवाही है इसकी जांच यह है कि क्या उस कार्यवाही के दौरान पीठासीन अधिकारी को विधिक रूप से शपथ पर साक्ष्य लेने की शक्ति है तथा यह नहीं कि क्या उसने वास्तव में ऐसी साक्ष्य ली है।[3]

धारा 74 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950
धारा 29 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 69—न्यायालयों के सम्मुख होने वाली कार्यवाहियों में दीवानी प्रक्रिया संहिता का लागू होना :

दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 (केन्द्रिय अधिनियम संख्या 5, 1908 के उपबन्ध जहां तक कि वे इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी भी बात से असंगत हो, को छोड़कर, इस अधिनियम के अन्तर्गत न्यायालय के सम्मुख होने वाली समस्त कार्यवाहियों पर लागू होंगे।

धारा 76 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950
धारा 30 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 70—शास्तियां :

1. जो कोई धारा 17 की उपधारा (1) या धारा 23 की उपधारा (1) या धारा 27 या धारा 30 या धारा 66 की उपधारा (2) तथा (3) के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करेगा वह ऐसे जुर्माने से दण्डित किया जाएगा जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा।

2. जो कोई इस अधिनियम अथवा इसके अन्तर्गत निर्मित नियमों के उपबन्धों में से किसी भी ऐसे उपबन्ध का उल्लंघन करता है जिसके उल्लंघन हेतु कोई विशिष्ट शास्ति का उपबन्ध नहीं किया गया हो तो वह ऐसे जुर्माने से दण्डित किया जाएगा जो एक सौ रुपये तक हो सकेगा।

---

1. मोहम्मद बक्स व. उ० प्र० राज्य ए. आई. आर. 1953 इला. 739
2. सुब्रह्मम व. पुलिस कमिश्नर ए. आई. आर. 1964 मद्रा. 185
3. सूरजमल मोहता व. ए० पी० विश्वनाथ शास्त्री ए. आई. आर. 1964 स. न्या. 545

व्याख्या—इस धारा में प्रावहित शास्तियां इस प्रकार हैं :—

उल्लंघन धारा	विषय	अधिरोपित किया जाने वाला जुर्माना
(1) धारा 17 (1)	नियत समय में न्यास के पंजीयन में विफलता	500 रुपये
(2) धारा 23 (1)	न्यास में प्रभार के रिपोर्ट की विफलता	500 रुपये
(3) धारा 27	वसीयत द्वारा सृष्ट न्यास के पंजीयन में विफलता	500 रुपये
(4) धारा 30	समय के भीतर बैंक में रुपया जमा कराने में विफलता	500 रुपये
(5) धारा 66 (2)	धर्मादा हेतु एकत्रित रुपये का अनुचित प्रयोग	500 रुपये
(6) अधिनियम के अधीन कोई धारा या निर्मित नियम।		100 रुपये

यदि चेरिटी कमिश्नर ने अर्जीदार को जिला न्यायाधीश ने आवेदन करने हेतु कोई कानूनी निदेश दिया है तथा अर्जीदार इस निदेश के अनुसरण में जिला न्यायाधीश को न्यास के धन को प्रयुक्त करने हेतु निर्देश के लिए आवेदन करता है तो वह जिला न्यायाधीश के अन्तिम आदेश तक उस धन को अपने पास रख सकता है।[1]

धारा 66 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 33 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

———

1. 1961 गुज. लारि 514

अध्याय 13

प्रकीर्ण

धारा 71—धनराशि की वसूली :

धारा 49 या धारा 50 के अधीन अथवा इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाये गये किसी नियम के अधीन देय समस्त धनराशि चुकाई नहीं गई है, जो किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए तथा ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो इस अधिनियम या किसी अन्य विधि के अन्तर्गत की जा सकती है, भू-राजस्व की बकाया की तरह वसूल की जा सकेगी।

धारा 72—कार्यवाहियां, जिनमें लोक प्रयोजन को प्रभावित करने वाला प्रश्न निहित है :

1. किसी भी ऐसे वाद या विधिक कार्यवाही, जिसमें न्यायालय को यह प्रतीत हो कि उसमें लोक धार्मिक अथवा पुण्यार्थ प्रयोजन को प्रभावित करने वाला कोई प्रश्न निहित है, तो न्यायालय ऐसे प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए तब तक कार्यवाही नहीं करेगी जब तक कि आयुक्त को सूचना नहीं दे दी जाय।

2. यदि ऐसी सूचना की प्राप्ति पर या अन्यथा आयुक्त उक्त विषय में आवेदन करे तो उसको ऐसे वाद या कार्यवाही के किसी भी चरण में पक्षकार के रूप में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

व्याख्या—कोई न्यास लोक न्यास है अथवा नहीं इस प्रश्न का अन्तिमत: विनिश्चय देवस्थान आयुक्त को सूचना देने के बाद ही किया जाना चाहिये, यदि न्यायालय को यह प्रतीत हो कि न्यास प्रथमत: लोक न्यास है। इसका अर्थ यह हुआ कि जैसे ही प्रथम दृष्टया मामला बनता है तो न्यायालय को अग्रिम कार्यवाही करना रोक देना चाहिये तथा देवस्थान आयुक्त को सूचना देनी चाहिये। आगे की कार्यवाही तब ही की जानी चाहिये जबकि देवस्थान आयुक्त को वाद में पक्षकार बनने हेतु न्यायालय को आवेदन करने का अवसर दे दिया गया हो।[1]

धारा 73—अधिकारिता का वर्जन :

इस अधिनियम में अभिव्यक्त रूप से जहां उपबंधित है उसके सिवाय, किसी दिवानी न्यायालय को ऐसे किसी प्रश्न का निर्णय करने या उनसे सम्बन्धित कार्य-

1. मदनगोपाल व. राजा प्रतापसिंह 1964 आर. एल. डब्ल्यू, 78

वाही करने की अधिकारिता प्राप्त नहीं होगी, जिस पर इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन, इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी अधिकारी या अधिकारी द्वारा निर्णय किया जाना या कार्यवाही की जानी हो अथवा जिसके सम्बन्ध में ऐसे अधिकारी या अधिकारी का निर्णय या आदेश अन्तिम तथा निश्चायक बना दी गई है।

व्याख्या—सामान्यतया न्यायालय एक न्यासी में रखी गई विवेकीय शक्तियों में हस्तक्षेप नहीं करेगा किन्तु न्यायालय सभी न्यासियों पर नियन्त्रण की शक्तियां रखता है। यदि एक न्यासी की प्रदत्त विवेकीय शक्तियों का उचित रूप से एवं सद्भावना पूर्वक प्रयोग नहीं किया जाता है तो ऐसी शक्ति का न्यायालय द्वारा नियन्त्रण किया जा सकता है। नियन्त्रण का यह सिद्धान्त भारतीय न्यास अधिनियम 1882 की धारा 49 में व्यक्त किया गया है जो लोक न्यास पर भी लागू होता है तथा यदि मन्दिर समिति सद्भावना पूर्वक प्रयोग करने में विफल रहती है तो न्यायालय हस्तक्षेप कर सकता है। सिविल न्यायालय इस प्रश्न में हस्तक्षेप कर सकता है कि क्या ऐसा लेन-देन दायित्व उत्पन्न करता है।[1] अधिनियम में प्रयुक्त "सिविल न्यायालयों" में राजस्व न्यायालय भी सम्मिलित है।[2]

धारा 80 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 32 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 74—वादों तथा कार्यवाहियों से विमुक्ति :

इस अधिनियम के अन्तर्गत सद्भावना से की गई या वैसे अभिप्रेत किसी भी कार्य के सम्बन्ध में कोई दावा, अभियोग या अन्य कार्यवाही, राज्य सरकार या किसी अधिकारी या प्राधिकारी के विरुद्ध संस्थित नहीं किया जाएगा।

धारा 75—अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पर विचारण :

1. कोई भी न्यायालय जो प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट से नीचे दर्जे का हो, इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का विचारण नहीं करेगा।

2. इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध के लिए कोई भी अभियोजन सहायक आयुक्त की पूर्व अनुमति के बिना नहीं चलाया जायेगा।

व्याख्या—जब अभियोजन हेतु अनुमति ली जानी हो तो प्रत्येक मामले में संक्षिप्त तथ्य तथा उसे संस्थित करने की आवश्यकता का उल्लेख करना चाहिये। प्रत्येक वर्ग के अपराध हेतु अलग से अनुमति जारी की जानी चाहिये।

उपधारा (2) से स्पष्ट है कि सहायक आयुक्त द्वारा अनुमति तब ही दी जाती है जबकि मामला लोकन्यास के सम्बन्ध में किए अपराध से सम्बन्धित हो। चूंकि प्रस्तुत मामले में आयुक्त एवं सहायक आयुक्त के निष्कर्ष कि उक्त न्यास लोक

---

1. फर्म ठाकरदास मदनमोहन व. मु. कौशल्या देवी ए. आई. आर. 1949 ई. पी. 27; बापा लाल गोबाबाई कोठारी व कमिश्नर, गुजरात ला. ज. 1966
2. खेमदत्ता व. आडूराम 1963 आर. एल. डब्ल्यु. 122

न्यास है, खारिज कर दिए गए हैं अतः सहायक आयुक्त द्वारा इस उपधारा के अधीन प्रदत्त अनुमति का अपना मूल आधार ही समाप्त हो गया अतः ऐसी अनुमति अवैध है। राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 के उपबन्ध केवल लोक न्यास पर लागू होते हैं निजी न्यास पर लागू नहीं होते। अधिनियम मे निजी न्यास सम्मिलित नही होता। जब तक की एकलिंगजी का मन्दिर वैध एवं अन्तिमतः लोक न्यास घोषित नहीं किया जाता इसका कोई भी न्यासी अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन के आरोप में अभियोजित नहीं किया जा सकता। यदि ऐसा अभियोजन कर दिया गया है तो उसे समाप्त करना पड़ेगा।[1]

धारा 82 & 83 बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 76—नियम :

1. राज्य सरकार, इस अधिनियम के उपबन्धों को क्रियान्वित करने के आशय से नियम बना सकेगी।

2. विशेष रूप से तथा पूर्वगामी उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नांकित समस्त या किन्हीं भी विषयों के लिए हो सकते हैं, अर्थात्—

(क) धारा 16 की उपधारा (2) के अन्तर्गत सहायक आयुक्त द्वारा रखे जाने वाले लोक न्यास के रजिस्टर का प्रपत्र और उसके द्वारा रखे। जाने वाले रजिस्टर एवं पुस्तकें तथा उनके प्रपत्र,

(ख) धारा 17 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिया जाने वाला शुल्क और उपधारा (4) के अन्तर्गत आवेदन का प्रपत्र तथा उसके विवरण,

(ग) धारा 18 की उपधारा (1) के अन्तर्गत जांच करने की रीति तथा धारा 18 की उपधारा (2) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस देने की रीति,

(घ) धारा 23 की उपधारा (1) के अन्तर्गत की जाने वाली रिपोर्टों का प्रपत्र तथा, रीति

(ङ) धारा 25 के अन्तर्गत प्रविष्टियों के विवरण दर्ज करने के लिए पुस्तक का प्रपत्र,

(च) धारा 32 के अन्तर्गत रखे जाने वाले लेखों का प्रपत्र तथा उनमें दर्ज किये जाने वाले विवरण,

(छ) धारा 33 की उपधारा (2) के अन्तर्गत लेखों के परीक्षण की रीति और, उपधारा (4) के अन्तर्गत विशेष संपरीक्षण के लिए शुल्क,

(ज) धारा 35 के अन्तर्गत आय व्यय (बजट) का प्रपत्र और सहायक आयुक्त को उसे प्रस्तुत किये जाने की तारीख,

---

1. भगवतसिंह व. राजस्थान राज्य आर. एल. डब्लू. 1984 पृ 559

(झ) धारा 36 के अन्तर्गत निरीक्षण के लिए शुल्क,

(ञ) धारा 36 के अन्तर्गत प्रमाणीकृत प्रतियां देने की शर्तें और शुल्क

(ट) धारा 47 के अन्तर्गत कार्यवाहक न्यासी या प्रबन्धक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले ब्यौरे तथा विवरण,

(ठ) धारा 49 की उपधारा (2 के अन्तर्गत जांच करने की रीति,

(ड) इस अधिनियम के किसी भी उपबन्ध के अन्तर्गत प्रस्तुत की जाने वाली अपीलों का प्रपत्र तथा उनका शुल्क, और

(ढ) कोई अन्य विषय जो इस अधिनियम के अन्तर्गत निश्चित किया जाना है या किया जा सकता है ।

3. इस धारा के अन्तर्गत नियम बनाने में, राज्य सरकार निर्देश दे सकेगी कि उसके किसी भी उपबन्ध को भंग करने पर ऐसा जुर्माना लिया जा सकता है जो दो सौ रुपये तक का हो ।

4. इस धारा के अन्तर्गत बनाये गये समस्त नियम, पूर्व प्रकाशन की शर्तों के अधीन होंगे ।

धारा 84 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 35 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 77—विमुक्ति :

1. इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट कोई बात, राज्य सरकार के नियन्त्रण के अन्तर्गत काम करने वाले किसी अधिकरण द्वारा या किसी स्थानीय सत्ता द्वारा प्रशासित लोक न्यास पर लागू नहीं होगी ।

2. राज्य सरकार किसी लोक न्यास को या लोक न्यासों के किसी वर्ग को इस अधिनियम के समस्त या किन्हीं उपबन्धों से ऐसी किन्हीं शर्तों के अधीन, यदि कोई हो, जो राज्य सरकार लगाना उचित समझे, अधिसूचना द्वारा छूट दे सकती है और उक्त अधिसूचना में ऐसी छूट देने के कारण भी बतलाये जायेंगे ।

धारा 78—राजस्थान अधिनियम संख्या 13 सन् 1959 प्रभावित नहीं :

इस अधिनियम की कोई बात नाथद्वारा मंदिर अधिनियम, 1959 (राजस्थान अधिनियम संख्या 13 सन् 1959) के उपबन्धों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं करेगी या उन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी ।

धारा 79—कठिनाइयां दूर करने की शक्ति :

इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार यथा अवसर अपेक्षित आदेश द्वारा ऐसे निर्देश दे सकेगी जो, उक्त उपबन्धों से असंगत न होते हुए, कठिनाई को दूर करने के प्रयोजनार्थ आवश्यक प्रतीत हों ।

धारा 88 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 80—अधिनियम मुस्लिम वक्फों पर लागू न होना :

इस अधिनियम की कोई बात, मुस्लिम वक्फस एक्ट, 1954 (केन्द्रीय एक्ट संख्या 29 सन् 1954) द्वारा शासित एवं विनियमित मुस्लिम वक्फों पर लागू नहीं होगी।

व्याख्या—एक मुसलमान द्वारा सृजित गैर-साम्प्रदायिक प्रकृति का पुण्यार्थ विन्यास जिसके दोनों मुसलमान एवं गैर-मुसलमान हितग्राही हैं तो मुस्लिम वक्फ अधिनियम 1954 के अन्तर्गत वक्फ नहीं माना जा सकता। मोहम्मडन सामान्य विधि के अन्तर्गत स्कूल, औषधालय या मुसलमानों एवं गैर-मुसलमानों के लाभ हेतु अन्य संस्था की स्थापना करना श्रेष्ठतम कार्य होगा तथा वही संस्था वक्फ होगी।[1]

धारा 87 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 36 (1) (c) : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

धारा 81—निरसन :

इस अधिनियम के अध्याय 5, 6, 7, 8, 9 तथा 10 के उपबन्ध लोक न्यासों के किसी वर्ग पर लागू होने की प्रारम्भ की तारीख से (जिसे एतद्पश्चात् उक्त तारीख कहा गया है) अनुसूचि में विनिर्दिष्ट विधियों में से किसी भी विधि के उपबन्ध जो ऐसे उक्त वर्ग के किसी लोक न्यास पर लागू होते, उस पर लागू होना बन्द हो जाएंगे।

किन्तु शर्त यह है कि इस प्रकार लागू होना बन्द होने से निम्नलिखित पर किसी रूप में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा—

(क) कोई अधिकार, स्वत्व, हित, आभार या दायित्व जो उक्त तारीख से पूर्व ही अवाप्त प्रोद्भूत अथवा रूपगत हो चुका है।

(ख) ऐसे अधिकार, स्वत्व, हित, आभार या दायित्व के सम्बन्ध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अथवा उपचार अथवा

(ग) जो कुछ उक्त तारीख से पूर्व यथाविधि किया गया अथवा सहन किया गया है।

व्याख्या—इस अधिनियम की इस धारा द्वारा निरसित अधिनियमितियां अनुसूची में दी गई हैं।

धारा 85 : बम्बई लोक न्यास अधिनियम 1950

धारा 83 : मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951

---

1. ए. आई. आर. 1963 सन्या 985

अनुसूची

(देखिए धारा 81)

1. पुण्यार्थ एवं धार्मिक न्यास अधिनियम 1920 (केन्द्रीय अधिनियम 14 सन् 1920)

2. बीकानेर पुण्यार्थ विन्यास अधिनियम 1929

3. जयपुर धार्मिक विन्यास अधिनियम 1946

4. उन क्षेत्रों या उनके किसी भाग में इस अधिनियम के लागू होने के समय धार्मिक एवं पुण्यार्थ विन्यासों के सम्बन्ध में प्रवर्तित कोई अन्य विधि आज्ञा अथवा परिपत्र।

5. उपरोक्त मद (1) से (4) में उल्लिखित विधियो में से किसी भी विधि का संशोधन करने वाली कोई विधियां, आज्ञाएं या परिपत्र।

व्याख्या—अध्याय 5, 6, 7, 8, 9 तथा 10 के उपबन्ध 1 जुलाई 1962 से प्रभावशील हो गए हैं अतः उक्त तारीख से इस अनुसूची में वर्णित विभिन्न अधिनियम प्रभावहीन हो गए हैं।

धारा 82 –1952 के राजस्थान अधिनियम 6 का संशोधन :

किसी लोक न्यास के लिए धारा 53 के अन्तर्गत प्रबन्ध समिति का गठन जिस तारीख को किया जाता है उस तारीख से राजस्थान भूमि सुधार तथा जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम 1962 की दूसरी अनुसूची का खण्ड 7 उक्त लोक न्यास के सम्बन्ध में इस प्रकार प्रभावी होगा जैसे की मानो शब्द "उस व्यक्ति को जो उस समय या एतद्पश्चात निधि के अनुसार तत्समय ऐसी संस्था या पूजा के स्थान के संधारण या ऐसी सेवा के निर्वहन के कर्त्तव्य से पारित स्वीकार किया जाता है" के स्थान पर शब्द "उस प्रबन्ध समिति को देगी जो उसके लिए राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 की धारा 53 के अन्तर्गत गठित की जाय" प्रतिस्थापित हुए थे।

The Rajasthan Public Trusts Act, 1959

(Act No. 42 of 1959)

Received the assent of the President of India on the 22nd day of October, 1959).

AN ACT to regulate and to make better provision for the administration of public, religious and charitable trusts in the State of Rajasthan.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Tenth Year of the Republic of India as follows :

CHAPTER I

Preliminary

Sec. 1—*Short title, extent and commencement*—

1. This Act may be called the Rajasthan Public Trusts Act, 1959.

2. It extends to the whole of the State of Rajasthan.

3. Chapter I, II, III and IV of this Act shall come into force at once.

4. Chapters V, VI, VII. VIII, IX and X of this Act shall come into force on such date, and shall apply therefrom in relation to such class or classes of public trusts, as the State Government may, by notification in the official Gazette, specify: and for the purpose of such application the State Government may classify such public trusts in the State on the basis of the income thereof or on the basis of the value of their total assets or on the basis of other financial factors.

5. Before the publication of any notification under sub-section (4), a draft thereof shall be published in the official Gazette for the information of all persons likely to be affected thereby and a notice shall be published therewith specifying the date on or after which the draft shall be taken into consideration and before which any objections or suggestions shall be received.

6. Chapter XI of this Act shall come into force on such date as the State Government may, by special notification in the

official Gazette, specify; and the State Government may, having regard to the population of different cities and towns, specify different dates for the application of Chapter XI of this Act thereto.

7. Chapter XII and XIII of this Act shall commence to apply in relation to the provisions of each of the other Chapters of this Act on the date on which such other Chapter comes into force.

Sec. 2—Definitions

In this Act, unless the subject or context requires otherwise—

1. "Assistant Commissioner" means an Assistant Devasthan Commissioner appointed under Sec. 8 and shall include such other officer of Government as may be notified by the State Government to be the Assistant Commissioner of a specified area for the purpose of this Act.

2. "Board" means the State Advisory Board for public trusts established under Sec. 11;

3. "Charitable endowment" means all property given or endowed for the benefit of, or used as of right by, the community or any section thereof for the support or maintenance of objects of utility to the said community or section, such as rest-houses, pathshalas, schools and colleges, house for feeding the poor and institutions for the advancement of education, medical relief and public health or other objects of a like nature and includes the institution concerned;

4. "Commission" means the Devasthan Commissioner appointed under sec. 7;

5. "Committee" means a Regional Advisory Committee for public trusts established under section 13;

6. "Court" means the District Court;

7. "Hereditary trustee" means the trustee of a public trust succession to whose office devolves by hereditary right or is regulated by usage or is specified provided for by the founder;

8. "Math" means an institution for the promotion of a religion presided over by a person whose duty it is to engage himself in imparting religious instructions or rendering spiritual service to a body of disciples or who exercises or claims to exercise headship over such a body and includes places of religious worship or instruction which are appurtenant to the institution;

9. "Person having interest" or any expression signifying a person having interest in a public trust includes—

(a) in the case of a temple, a person who is entitled to attend or is in the habit of attending the performance of worship or service in the temple or who is entitled to partaking or is in the habit of partaking in the distribution of gifts thereof,

(b) in the case of math, a disciple of the math or a person of the religious persuation to which the math belongs,

(c) in the case of a society registered or deemed to be registered under the Rajasthan Societies Registration Act, 1958 (Rajasthan Act 28 of 1958) or under any other analogous law in force in any part of the State, any member of such society, and

(d) in the case of any other public trust, any beneficiary,

10. "public securities" means—

(a) securities of the Central Government or any State Government,

(b) stocks, debentures of shares in railway or other companies in public sector, the interest or dividends on which has been guaranteed by the Central or any State Government,

(c) a security expressly authorised by an order which the State Government makes in this behalf.

